जबलपुर शुक्रवार 01 मई 2026 > शक संवत 1948 वैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्दशी पूर्णिमा संवत 2083

वर्ष 31 अंक 304 > मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com



हम वह नहीं कर पाए जिसके लिए मुंबई इंडियंस जानी

▶▶ 10

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 930135969 पर कॉल करें।

**मौसम**
अधिकतम तापमान 38.4°C
न्यूनतम तापमान 28.0°C
सूर्योदय - 5.37 | सूर्यास्त - 6.38



गर्मी से बचाव है जरूरी, रखें अपने और अपनों ▶▶ 2



रणवीर सिंह की फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग ▶▶ 7



निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आज ▶▶ 9

# बरगी डैम में डूबा पर्यटकों से भरा क्रूज, 6 की मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर के प्रमुख पर्यटन स्थल बरगी डैम से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां नर्मदा नदी के बैकवाटर में पर्यटकों से भरा एक क्रूज अचानक डूब गया। हादसे में 6 लोगों की मौत हो जाने की खबर है, जबकि प्रशासन की ओर से 4 मौतों की पुष्टि की गई है। हादसे के वक्त क्रूज पर करीब 29 लोग सवार बताए जा रहे हैं। जब क्रूज नर्मदा के गहरे बैकवाटर में था, तभी अचानक मौसम बदला और तेज हवाएं चलने लगीं। पानी की ऊंची लहरों और तेज हवा के दबाव के कारण क्रूज अपना संतुलन खो बैठा और देखते ही देखते पानी में समा गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, अचानक आए तूफान की वजह से क्रूज चालक को संभलने का मौका नहीं मिला। फिलहाल प्राथमिकता लापता लोगों को जल्द से जल्द ढूंढने की है। क्रूज पायलट महेश ने बताया कि वह पिछले 10 साल से क्रूज चला रहा है और पूरी तरह प्रशिक्षित व लाइसेंसधारी है। उनके मुताबिक क्रूज में सभी सुरक्षा इंतजाम और पर्याप्त लाइफ जैकेट मौजूद थे, लेकिन तूफान इतनी तेजी से आया कि यात्रियों को लाइफ जैकेट पहनने का मौका नहीं मिल सका। पर्यटन विभाग के अधिकारी योगेंद्र रिछारिया ने बताया कि बरगी डैम में एक क्रूज संचालित किया जा रहा है। इसका निर्माण 2006 में किया गया था। इसकी क्षमता 60 यात्रियों की है। वहीं दूसरा क्रूज खराब है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस हादसे को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। सूबे के मुखिया ने लिखा, आज जबलपुर में तेज आंधी-तूफान के कारण बरगी डैम में हुए दुखद क्रूज हादसे को लेकर स्थानीय प्रशासन एवं रेस्क्यू फोर्स का ऑपरेशन लगातार जारी है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, संभाग प्रभारी एसीएस, एडीजी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए। त्वरित बचाव कार्य से 15 नागरिकों को सकुशल बचा लिया गया है। जो लापता हैं, उन्हें जल्द से जल्द ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूर्ण संवेदनशीलता के साथ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है।

## अभी भी कई लापता : रेस्क्यू ऑपरेशन जारी









## 29 यात्रियों के टिकट किए गए थे जारी

सरकार की ओर से जानकारी दी गई कि बरगी बांध में क्रूज में कुल 29 यात्रियों के टिकट जारी किए गए थे। इनमें से 15 व्यक्तियों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि 4 व्यक्तियों की मृत्यु की पुष्टि हुई है। शेष व्यक्तियों की तलाश एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है घटनास्थल पर जबलपुर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ एसडीआरएफ समेत अन्य बचाव दल मौजूद हैं और राहत व बचाव कार्य सतत रूप से संचालित किए जा रहे हैं।

## दिग्विजय ने की मजिस्ट्रेट जांच की मांग



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने क्रूज हादसे पर दुख जताते हुए प्रशासन से मजिस्ट्रेट जांच की मांग की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जबलपुर के बरगी डैम में क्रूज डूबने की घटना बेहद पीड़ादायक है। हादसे में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दें।

## जीतू पटवारी ने सुरक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ट्वीट कर हादसे पर दुख जताया और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, जबलपुर के बरगी डैम में क्रूज पलटने से लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद और हृदयविदारक है। यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होना आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## कार में 5 लोग जिंदा जले

**अलवर/श्योपुर।** राजस्थान के अलवर में बुधवार देर रात मप्र के श्योपुर के एक ही परिवार के पांच लोग कार में जिंदा जल गए। हादसा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर लक्ष्मणगढ़ में पिलर नंबर 115/300 के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, अर्टिगा कार दिल्ली से कोटा जा रही थी, तभी इंजन से आग की लपटें उठीं। कुछ सेकेंड में पूरी कार आग की चपेट में आ गई। लोग बाहर नहीं निकल पाए और जिंदा जल गए। आग बुझाने के बाद कार में सिर्फ हड्डियां मिलीं। गाड़ी चला रहा कार मालिक विनोद मेहरा आग लगते ही बाहर कूद गया था। हालांकि, वह भी नहीं बच पाया।

## बरातियों से भरी बस पलटी, 3 की मौत

**राजगढ़।** मुरैना से उज्जैन जा रही तोमर परिवार की बरात गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। राजगढ़ जिले के ब्यावरा स्थित काचरी जोड़ के पास बरातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस भीषण हादसे में दूल्हे की दादी समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# एग्जिट पोल भाजपा के इशारे पर दिखाए गए: ममता

नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार शाम वीडियो मैसेज जारी कर दावा किया कि राज्य में फिर से टीएमसी सरकार बनेगी। ममता ने कहा- टीएमसी बंगाल में 294 में से 226 से ज्यादा सीटें जीतकर फिर से सत्ता में लौटेगी। ममता ने कहा, एग्जिट पोल भाजपा के इशारे पर दिखाए गए, ताकि टीएमसी कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़ा जा सके। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों ने चुनाव के दौरान भाजपा के एजेंट की तरह काम किया। ममता ने वीडिया मैसेज में कहा- हम बंगाल के लोगों के बहुत आभारी हैं। भीषण गर्मी और अत्याचारों के बावजूद आपने वोट डाला। मैं टीएमसी के कार्यकर्ताओं की भी आभारी हूं, जिन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर लड़ाई लड़ी और केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और 19 राज्यों के भाजपा नेताओं के दबाव को झेला। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा ने पैसे, ताकत और हथियारों से बंगाल को दबाने की कोशिश की, लेकिन जनता ने बैलेट से उन्हें जवाब दिया। सीएम ने कहा- एग्जिट पोल पैसे देकर और



दबाव में करवाए गए हैं। कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम के बाहर टीएमसी नेता शशि पांजा और कुणाल घोष धरने पर बैठे। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी और चुनाव आयोग के अधिकारी स्ट्रॉन्ग रूम के अंदर बैलेट बॉक्स के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं। कुणाल घोष ने कहा कि चुनाव आयोग के सीसीटीवी और लाइवस्ट्रीम में अंदर कुछ लोग काम करते दिख रहे हैं, लेकिन टीएमसी के किसी प्रतिनिधि को अंदर नहीं जाने दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि उनसे अन्य उम्मीदवारों से बात करने को कहा जा रहा है, जो उचित नहीं है।

## ईवीएम से छेड़छाड़: दोबारा मतदान के संकेत

बंगाल के चीफ इलेक्शन ऑफिसर मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि 29 अप्रैल को बंगाल में सेकेंड फेज चुनाव के दौरान 77 ईवीएम में छेड़छाड़ के मामले सामने आए। उन्होंने 2 मई तक ईवीएम से छेड़छाड़ वाले बूथों पर दोबारा मतदान के संकेत दिए। इधर टीएमसी नेताओं ने कोलकाता में स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर धरना दिया। पार्टी का आरोप है कि बैलेट बॉक्स बिना उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी के खोले जा रहे हैं।

## टीएमसी से गठबंधन पर फैसला बाद में: खड़गे

उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बंगाल में टीएमसी से गठबंधन पर कहा- देखते हैं, अभी कुछ कहना ठीक नहीं होगा। साफ तस्वीर के लिए दो दिन इंतजार करते हैं। खड़गे ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान भाजपा ने केंद्रीय बलों के जरिए दबाव बनाने की कोशिश की, ताकि टीएमसी को कड़ी चुनौती दी जा सके। उन्होंने कहा कि नतीजों के लिए 4 मई तक इंतजार करना होगा, तब साफ तस्वीर सामने आएगी।

# ट्रंप बोले- 'तूफान आ रहा है'

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर बयान से हलचल तेज कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सोशल ट्रूथ पर लिखा कि एक बड़ा तूफान आने वाला है और उसे कोई रोक नहीं पाएगा। उनका यह पोस्ट ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अभी भी बना हुआ है। इसके कुछ देर बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राइफल के साथ फोटो शेयर कर ईरान को फिर कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जल्दी समझदार बनो, अब ज्यादा देर नरमी नहीं बरती जाएगी। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर राइफल के साथ एक फोटो पोस्ट की। फोटो पर लिखा था, 'नो मोर मिस्टर नाइस गाय' यानी अब ज्यादा देर नरमी नहीं बरती जाएगी। उन्होंने परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रही बातचीत की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताई और कहा कि ईरान खुद को संभाल नहीं पा रहा है। ट्रम्प ने कहा है कि अगर जल्द कोई समझौता नहीं हुआ, तो अमेरिका और सख्त रुख अपना सकता है। इस बीच ईरान ने अमेरिका के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में शिकायत की है।



तेहरान की मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चिट्ठी में ईरान ने अमेरिका पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। ईरान का कहना है कि अमेरिका ने उसके जहाजों को जब्त करके 'समुद्री डकैती' की है। ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने एक बयान जारी कर कहा कि उनका देश अपनी परमाणु और मिसाइल क्षमता से किसी भी हाल में पीछे नहीं हटेगा। उनका यह लिखित बयान ईरान के सरकारी टीवी पर पढ़कर सुनाया गया। खामेनेई ने कहा कि ईरान अपनी परमाणु और मिसाइल ताकत को देश की संपत्ति मानता है और हर हाल में उसकी रक्षा करेगा।

# रेप विक्टिम के अबॉर्शन पर टाइम लिमिट हटाएं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 15 साल की रेप विक्टिम को 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में अबॉर्शन के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने केंद्र से कहा कि ऐसे मामलों में अबॉर्शन के लिए टाइम लिमिट से जुड़े कानून में बदलाव करना चाहिए। सीजेआई ने कहा, 'कानून ऐसा होना चाहिए, जो समय के साथ बदलता रहे और मौजूदा हालात के अनुसार चले। नाबालिग को



जबरन मां बनने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। ऐसे मामलों में फैसला पीड़ित का ही होना चाहिए।' सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को करीब सात महीने प्रेग्नेंट 15 साल की लड़की को अबॉर्शन की इजाजत दी थी। इसके खिलाफ एम्स ने याचिका लगाई थी। क्योंकि अभी भारत का कानून रेप मामलों में 24 हफ्ते तक की प्रेग्नेंसी में ही अबॉर्शन की इजाजत देता है। एम्स ने कोर्ट से कहा था कि 30 हफ्ते की प्रेग्नेंसी में भ्रूण एक जीव का आकार ले चुका होता है और इस स्टेज पर अबॉर्शन सफल नहीं हो सकता। इस पर कोर्ट ने कहा- आपका सारा ध्यान सिर्फ बच्चे पर है, उस मां पर नहीं जिसने इतना दर्द सहा है।

# जातिगत जनगणना की रूपरेखा अब तक अस्पष्ट: कांग्रेस

धर्मशाला (वार्ता)

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार टालमटोल के बाद भले ही जातिगत जनगणना कराने पर सहमत हुई है लेकिन जनगणना कैसे होगी इसकी रूपरेखा को लेकर अब तक कोई स्पष्ट नीति सामने नहीं आई है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि आज से ठीक एक वर्ष पहले सरकार ने जनगणना में जातिगत गणना शामिल करने की घोषणा की थी लेकिन एक साल बीतने के बावजूद इसके क्रियान्वयन को लेकर स्थिति अब भी अस्पष्ट बनी हुई है। उन्होंने इस मुद्दे पर सरकार के रुख में आए बदलाव को नाटकीय यू-टर्न बताते हुए घटनाक्रम का क्रमवार उल्लेख किया और कहा कि 21 जुलाई 2021 को गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा था कि सरकार



ने नीति के तौर पर जाति आधारित जनगणना नहीं कराने का निर्णय लिया है। फिर 21 सितंबर 2021 को केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय दायर हलफनामे में भी इसी रुख को दोहराया। रमेश के अनुसार 16 अप्रैल 2023 को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर नियमित जनगणना के साथ अद्यतन जाति जनगणना कराने की मांग की थी।

### राहुल गांधी ने संगठन मजबूत बनाने के दिए टिप्स

# वीआईपी कल्चर छोड़ जनता से संवाद करें



**कांगड़ा।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कांगड़ा में हिमाचल प्रदेश, पंजाब और जम्मू कश्मीर के 80 कांग्रेस अध्यक्षों को ट्रेनिंग दी। राहुल गांधी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए वीआईपी कल्चर छोड़कर आम जनता से सीधे संवाद करना होगा। राहुल गांधी ने जनता से जुड़े मुद्दे उठाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के नैरेटिव का जवाब मीडिया के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से दिया जाए।

राहुल ने अपने साढ़े चार घंटे के ट्रेनिंग कार्यक्रम के दौरान संगठन को मजबूत करने, मीडिया प्रबंधन, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और विपक्ष के नैरेटिव का जवाब देने के टिप्स दिए। राहुल गांधी ने दोपहर डेढ़ बजे के करीब कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के साथ लंच किया और दोपहर सवा दो बजे वह कांगड़ा से वापस दिल्ली लौट गए। दरअसल, कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत ट्रेनिंग कैंप हिमाचल के कांगड़ा में रखा गया था। इसमें तीन प्रदेशों के 80 जिला अध्यक्षों को 10 दिन तक ट्रेनिंग दी गई। आज ट्रेनिंग कैंप खत्म हो गया है। इसी तरह के कैंप कांग्रेस दूसरे राज्यों में भी लगा चुकी है। इसका मकसद संगठन को मजबूत बनाना है। राहुल गांधी सुबह 8 बजे दिल्ली से फ्लाइट में कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वह सड़क मार्ग से कांगड़ा के गुप्त गंगा होटल पहुंचे, जहां ट्रेनिंग कैंप चल रहा था। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस के दूसरे बड़े नेता भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि राहुल गांधी पूरे देश में संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस नेताओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने कांगड़ा में भी पार्टी नेताओं को ट्रेनिंग दी।

### कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का बड़ा तोहफा

# अब 7500 रुपए होगी मिनिमम पेंशन!

नई दिल्ली

करोड़ों पीएफ खाताधारकों के लिए सरकार जल्द ही बड़ी खुशखबरी लाने वाली है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अपने सब्सक्राइबर्स को राहत देने के लिए कई महत्वपूर्ण बदलावों पर विचार कर रहा है। सबसे बड़ी चर्चा न्यूनतम पेंशन को 7.5 गुना तक बढ़ाने को लेकर है। सूत्रों के मुताबिक, कर्मचारी पेंशन योजना के तहत वर्तमान में मिलने वाली 1000 रुपए की न्यूनतम पेंशन को बढ़ाकर 7500 रुपए करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। श्रम संगठनों की लंबे समय से चली आ रही मांग और संसदीय समिति की सिफारिशों के बाद अब इस पर अंतिम निर्णय की उम्मीद बढ़ गई है। पेंशन के अलावा, ईपीएफओ अब अपने सदस्यों के लिए फंड तक पहुंच को आसान बनाने की दिशा में काम कर रहा है। जल्द ही





एटीएम-आधारित पीएफ निकासी की सुविधा शुरू की जा सकती है, जिससे जरूरत पड़ने पर सदस्य बिना किसी देरी के अपना पैसा निकाल सकेंगे। इसके साथ ही, खातों पर 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर देने का प्रस्ताव भी वित्त मंत्रालय के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। जैसे ही इसे हरी झंडी मिलेगी, ब्याज की रकम सीधे सब्सक्राइबर्स के खातों में क्रेडिट कर दी जाएगी। ईपीएफओ ने निष्क्रिय खातों को फिर से चालू करने के लिए नया पोर्टल 'ई-प्राप्ति' लॉन्च किया है। इसके जरिए उपयोगकर्ता आधार-आधारित एक्सेस का इस्तेमाल करके अपने पुराने खातों को आसानी से लिंक कर सकते हैं। डिजिटल बदलावों का ही नतीजा है कि 6.68 करोड़ क्लेम अब चेक इमेज अपलोड किए बिना प्रोसेस किए जा रहे हैं। निश्चित रूप से, ये सुधार पीएफ खाताधारकों के लिए बड़ी राहत साबित होंगे।

## ईपीएफओ का रिकॉर्ड प्रदर्शन

डिजिटल तकनीक और ऑटोमेशन के दम पर ईपीएफओ ने क्लेम सेटलमेंट की रफ्तार बढ़ा दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में संगठन ने 8.31 करोड़ क्लेम सेटल किए, जो पिछले साल के 6.01 करोड़ से कहीं अधिक हैं। करीब 71 प्रतिशत एडवांस क्लेम अब तीन दिन के भीतर सेटल किए जा रहे हैं।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के युवाओं की अनूठी पहल

## मानसिक स्वास्थ्य के लिए छात्रों ने बढ़ाया हाथ, राष्ट्रीय स्तर पर मिली सराहना

शहडोल

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शहडोल के युवाओं ने एक प्रेरणादायक पहल की है। जिसका संयोजन रागनी लंबा काउंसलर पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय से जुड़े छात्रों द्वारा संचालित 'पीयर सपोर्ट ग्रुप' ने संवाद, सहयोग और संवेदनशीलता की एक ऐसी मुहिम शुरू की है, जो अब राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना रही है।

**राष्ट्रीय संस्थानों ने की सराहना**- छात्रों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने के प्रयासों को बेंगलुरु ने सराहा है।

विशेष रूप से हेल्पलाइन (14416) के



प्रचार-प्रसार में छात्रों की सक्रिय भूमिका को देखते हुए संस्था ने टीम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**इन छात्रों ने निभाई प्रमुख भूमिका**-इस अभियान को सफल बनाने में कई छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रमुख नामों में शामिल हैं-

ऋतिका महोबिया, पलक यादव, साक्षी मेहरा, जय राज रजक, उत्तमा विश्वकर्मा, सुचिता तिवारी एवं अन्य सहयोगी सदस्य।

इन सभी ने मिलकर वीडियो, संवाद और जागरूकता सामग्री के माध्यम से समाज तक महत्वपूर्ण संदेश पहुँचाया। छात्रों द्वारा तैयार किए गए इंटरव्यू और वीडियो में दैनिक जीवन के तनाव तथा 'सेल्फ-लव' (स्वयं से प्रेम) जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया। इनका उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि मानसिक तनाव के समय अकेले रहने की आवश्यकता नहीं है-बात करना और मदद लेना ही समाधान की दिशा में पहला कदम है।

इस पहल के माध्यम से लगातार यह संदेश दिया जा रहा है कि किसी भी मानसिक परेशानी की स्थिति में भारत सरकार की नि:शुल्क हेल्पलाइन 14416 पर संपर्क किया जा सकता है, जो 24 घंटे उपलब्ध है।

यह पहल दर्शाती है कि जब विश्वविद्यालय से जुड़े युवा संवेदनशील मुद्दों पर जागरूकता और सहयोग के साथ आगे बढ़ते हैं, तो समाज में सकारात्मक बदलाव निश्चित रूप से संभव होता है।

## वर्षा ऋतु से पहले नाला-नालियों की सफाई हेतु नगर पालिका का विशेष अभियान शुरू

शहडोल

आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद, शहडोल द्वारा नगर क्षेत्र में नाला-नालियों की व्यापक सफाई के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह के निर्देशन में संचालित किया जा रहा है, ताकि बारिश के दौरान जलभराव जैसी समस्याओं से नागरिकों को राहत मिल सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेंद्र भंडारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि नगर के सभी प्रमुख एवं आंतरिक नालों की समयबद्ध और प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा शुरू होने से पहले सभी जल निकासी मार्गों को व्यवस्थित करना प्राथमिकता है, जिससे शहर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। नगर पालिका के स्वच्छता निरीक्षक अनिल महोबिया द्वारा विभिन्न वार्डों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है तथा सफाई कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। अभियान के अंतर्गत न्यू बस स्टैंड क्षेत्र, शंकर टॉकीज स्थित सब्जी मंडी, मीट मार्केट के समीप, रेलवे फाटक क्षेत्र तथा हाउसिंग बोर्ड सहित नगर के विभिन्न हिस्सों में नालों एवं नालियों की गहन सफाई कराई जा रही है। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से



अपील की है कि वे शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें तथा कचरा नाला-नालियों में न डालें, जिससे जल निकासी व्यवस्था बाधित न हो। साथ ही यदि कहीं नाली अथवा नाला अवरुद्ध दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल नगर पालिका को दें। नगर पालिका परिषद, शहडोल ने बताया कि यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा, जिससे वर्षा ऋतु के दौरान शहर में स्वच्छता एवं सुचारू जल निकासी व्यवस्था बनाए रखी जा सके और जलभराव की समस्या से प्रभावी बचाव हो सके।

## गर्मी से बचाव है जरूरी, रखे अपने और अपनों का विशेष ध्यान : कलेक्टर

**शहडोल ।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान को दृष्टिगत रखते हुए समस्त अनुविभागीय अधिकारियो, कार्यालय प्रमुखो, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियो, नगरपालिका के मुख्य नगरपलिका अधिकारियो को निर्देष दिए है कि राहगीरो एवं आमजन



मानस की सुविधा हेतु बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन, बाजार-हाटों, अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, शासकीय कार्यालयों, यात्री प्रतिक्षालयों, बैंको, ग्राम पंचायतों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में जल मंदिर (प्याऊ) की व्यवस्था सुनिष्चित की जाए। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिलेवासियो से अपील करते हुए कहा है कि ग्रीष्मकाल में लगातार तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। ऐसे स्थिति में स्वास्थ्य की देखभाल करना अत्यंत आवश्यक होता है। गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पिए, आवश्कता होने पर ही धूप में निकले और निकलते वक्त सिर को ढक ले, ढीले सूती कपड़े पहनना शरीर के आरामदायक होता है। उन्होंने कहा कि दोपहर 12 बजे से दोपहर 3 बजे के मध्य अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें एवं भारी श्रम करने वाले कार्य न करें, स्वास्थ बिगड़ने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ केंद्रों में जाकर चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लें।

## शादी में हाई वोल्टेज ड्रामा, प्रेमिका की एंट्री से मचा बवाल, दूल्हा समेत दोनों की पिटाई

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

प्रेमिका को धोखा देकर शादी रचाने वाले दूल्हा मुसीबत में फंस गया, भैंसवाही गांव के निवासी जब बरात लेकर जिला मुख्यालय स्थित जलाराम पेट्रोल पंप के सामने इमली कूटी पहुंचा, बारात के साथ ही प्रेमिका ने पहुंच कर हंगामा खड़ा कर दिया जिससे उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब भेंसवाही से आई एक बारात में अचानक दूल्हे की प्रेमिका पहुंच गई। बताया जा रहा है कि दूल्हा मनीष की शादी की रस्में चल रही थीं, तभी उसकी कथित प्रेमिका मौके पर पहुंचकर हंगामा करने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रेमिका ने दूल्हे पर गंभीर आरोप लगाए, जिससे मौके



पर मौजूद लोगों में आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और गुस्साए लोगों ने दूल्हे मनीष और उसकी प्रेमिका की जमकर पिटाई कर दी। घटना के दौरान शादी स्थल पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और बारातियों व घरातियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाइश देते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद शादी समारोह प्रभावित हो गया और पूरे इलाके में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है,



तथा शिकायत मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## धनपुरी नगरपालिका का नवाचार- प्लास्टिक की बोतल डालें और पाएं बैग



**शहडोल** - मुख्य नगरपालिका अधिकारी धनपुरी सुश्री पूजा बुनकर ने बताया कि कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में नगरपालिका धनपुरी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पॉलिथिन के उपयोग को रोकने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल की गई है। नगरपालिका धनपुरी द्वारा नगर क्षेत्र के 5 प्रमुख स्थानों पर बैग वेंडिंग मशीन स्थापित की गई हैं। इन मशीनों में नागरिक प्लास्टिक की खाली बोतल डालकर इसके बदले उपयोगी बैग प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक कचरे को कम करना, नागरिकों को जागरूक बनाना तथा स्वच्छ एवं सुंदर पर्यावरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे इस नवाचार का अधिक से अधिक उपयोग करें और स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। बेग वेंडिग मशीन से न केवल पॉलीथिन के उपयोग में पूर्णत: प्रतिबंध लगाने में सहयोग होगा अपितु थैले सिलने हेतु स्व सहायता समूह की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी जिससे उन्हें आर्थिक सम्बल भी मिलेगा।

## अवैध कोयला उत्खनन एवं भंडारण करने वाला आरोपी गिरफ्तार



शहडोल

बुढार पुलिस ने ग्राम चंगेरा में अवैध रूप से कोयला उत्खनन कर निजी भूमि पर भंडारण करने वाले एक आरोपी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की है। घटना का विवरण- शिकायतकर्ता संतोष सिंह पिता मंडल सिंह (उम्र 35 वर्ष), निवासी ग्राम चंगेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके खेत और तलैया (तालाब) के पास गांव का ही अन्य व्यक्ति संतोष सिंह पिता बुद्धसेन सिंह, पहाड़िया से अवैध रूप से कोयला खोदकर फरियादी की निजी जमीन पर डंप कर रहा था। फरियादी द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। दिनांक 28/04/2026 को सुबह करीब 11:00 बजे जब फरियादी अपने खेत पहुँचा, तो उसने देखा कि आरोपी ने लगभग 10 क्विंटल अवैध कोयला वहां जमा कर रखा था, जिसे वह अवैध रूप से बेचने की फिराक में था। उक्त कार्यवाही विवेचना के दौरान फरियादी की सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मौके का मुआयना किया और अवैध कोयले को जब्त किया। आरोपी संतोष सिंह (पिता बुद्धसेन सिंह) के विरुद्ध निम्नलिखित धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## 4 माह के श्याम को मिला नया परिवार यादव दंम्पत्ति ने लिया गोद



**शहडोल।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अखिलेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन वाल्सल्य के तहत 04 माह के बालक श्याम (परिवर्तित नाम) को नया परिवार मिला बालक का कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर यादव दम्पत्ति (परिवर्तित नाम) ने गोद लिया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्पित बालक शिवालय शिशु गृह विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण एजेंसी में आश्रयरत था। बाल कल्याण समिति एवं विभाग द्वारा विधिक प्रक्रिया के बाद बालक को लीगल फ्री घोषित एवं पोर्टल पर दर्ज करते हुये दत्तक ग्रहण की पूरी प्रक्रिया मिशन वात्सल्य के तहत संपन्न की गई।

## अवैध रेत परिवहन करते एक डग्गी (मालवाहक) को किया जप्त; चालक एवं वाहन स्वामी के विरुद्ध मामला दर्ज

शहडोल

थाना सोहागपुर पुलिस को आज एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर अवैध रेत से लदी एक डग्गी जप्त की है। 29.04.2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मेढ़की की ओर से एक मालवाहक डग्गी अवैध रेत लोड कर शहडोल की ओर आ रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए सोहागपुर पुलिस टीम द्वारा भूषा तिराहा के पास नाकाबंदी की, कोनी की तरफ से आ रही संदिग्ध डग्गी को पुलिस स्टाफ की मदद से रोका गया। आरोपी चालक: गणेश बैगा पिता स्व. रामकरण बैगा (32 वर्ष), निवासी ग्राम धनगवा, थाना बुढार। वाहन स्वामी- अजय प्रजापति, निवासी पुरानी बस्ती (शहडोल)। जप्त सामग्री- 05 घन मीटर अवैध रेत सहित मालवाहक डग्गी (कीमत लगभग 8,10,000 रुपये)। पूछताछ के दौरान चालक ने स्वीकार किया कि वह वाहन स्वामी अजय प्रजापति के कहने पर बलवई से चोरी की रेत लोड कर ला रहा था। वाहन के पास रेत परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए।



उक्त कार्यवाही विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी चालक और वाहन स्वामी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(1), 317(5) एवं 4/21 खनिज अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। जप्त वाहन को सुरक्षा की दृष्टि से थाना परिसर सोहागपुर में खड़ा कराया गया है।

## अपहरण एवं दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शहडोल

जैतपुर अंतर्गत चौकी झिंक बिजुरी के अपराध क्रमांक 109/26 में पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए अपहरण एवं दुष्कर्म के गंभीर मामले का सफलतापूर्वक खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रकरण में धारा 137(2), 138, 64, 64(2) (एम), 115, 351(3), 127(3) (5) बीएनएस एवं 5ए6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण की पीड़िता (अपहता) को आरोपियों द्वारा घर से जबरन पकड़कर अपहरण कर ले जाया गया तथा मारपीट करते हुए घर में बंधक बनाकर रखा गया। इस दौरान मुख्य आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी झींक बिजुरी, थाना जैतपुर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी 1. कमलू अगरिया पिता स्व. बहादुर अगरिया, उम्र 25 वर्ष 2. उर्मिला पति कमलू अगरिया, उम्र 25 वर्ष दोनों निवासी ग्राम खिचड़ी, थाना जैतपुर को दिनांक 29.04.2026 को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता के माननीय न्यायालय में दर्ज कराए गए कथनों के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## जिला पंचायत सामान्य सभा में विकास कार्यो की समीक्षा, अधिकारियों को सख्त निर्देश

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिला पंचायत सभाकक्ष में सामान्य सभा बैठक का आयोजन रुद्रेश परस्ते की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में 25 मार्च 2026 को आयोजित पिछली सामान्य सभा के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा करते हुए विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। इसमें विकसित भारत अभियान, जल गंगा संवर्धन अभियान, म.प्र. पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993-94 के क्रियान्वयन तथा 15वें एवं 5वें वित्त आयोग के कार्यों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान अध्यक्ष परस्ते ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि वर्षा पूर्व सभी पानी की टंकियों एवं जल स्रोतों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हो सके। साथ ही घटिया निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों की पहचान कर उन्हें ब्लैकलिस्ट करने और संपत्ति राजसात करने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर तक शत-प्रतिशत पानी पहुंचाने पर जोर



देते हुए कहा गया कि कार्य पूर्ण होने पर ही ठेकेदारों को भुगतान किया जाए।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष अंजु व्यौहार ने गुणवत्ताहीन साइकिल वितरण का मुद्दा उठाया। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को बिना गुणवत्ता परीक्षण साइकिल वितरण न करने और खराब साइकिल मिलने पर शासन को प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए। साथ ही साइकिल वितरण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराने को कहा गया। बैठक में अनुपस्थित विभाग प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराए जा रहे घटिया निर्माण कार्यों और समय पर कार्य पूरा न होने पर विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे ने नाराजगी जताई, जिस पर संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन की सूचना समय पर न मिलने की शिकायत की। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम की जानकारी तय होते ही पत्र और दूरभाष के माध्यम से सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए।

जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति पर जनप्रतिनिधियों ने संतोष व्यक्त किया। विधायक धुर्वे ने निर्देश दिए कि जिले के प्राचीन जल स्त्रोतों एवं तालाबों का चिन्हांकन कर आगामी 15 दिनों में गहरीकरण, जीर्णोद्धार और साफ-सफाई का कार्य जनभागीदारी से कराया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही विधायक डिंडौरी ओमकार मरकाम, उपाध्यक्ष अंजु जितेन्द्र व्यौहार, जिला पंचायत सदस्य हीरा रुद्रेश परस्ते, वीरेन्द्र बब्लू परस्ते, शकुन कुशराम, प्रीतम सिंह मरावी, हेमवती राजपूत, अमरपुर अध्यक्ष हन्नु सिंह पट्टा और करंजिया अध्यक्ष राजू उद्दे सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## जिले में 77.390 लीटर शराब जब्त ! 52 हजार कैश, 4 मोबाइल और द्व10 कार बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार 7 कुल कीमत ?6.25 लाख



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले में अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 77 लीटर से अधिक अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी, मोबाइल फोन एवं एक कार भी बरामद की गई। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा एवं एसडीओपी सतीष द्विवेदी के मार्गदर्शन में जिले में अवैध नशे के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 29 अप्रैल 2026 को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आईटीआई के पास भोंदूटोला क्षेत्र में कुछ लोग बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखकर कस्बे में खपाने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और कुंवर सिंह उर्फ भुरसू पाराशर (28), सचिन शर्मा (46) एवं सुनील कुशवाहा (43) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 77.390 लीटर अंग्रेजी शराब (कीमत करीब 36,770 रुपये), 52 हजार रुपये नगद, 4 मोबाइल फोन (कीमत 36,500 रुपये) तथा एक सिल्वर रंग की आई-10 कार (कीमत लगभग 5 लाख रुपये) जब्त की गई। जब्त मशरूका की कुल कीमत करीब 6,25,270 रुपये आंकी गई है।

# स्व सहायता समूह में लाखों का हेरफेर, जांच में हुआ खुलासा

## पंचशील ग्राम संगठन की अध्यक्ष सहित अन्य पर प्रकरण दर्ज




जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित सीएलएफ (संकुल स्तरीय संगठन) एवं उनके अंतर्गत गठित ग्राम संगठन तथा स्व सहायता समूहों में जमकर वित्तीय अनियमित्ताएं सामाने आई है। जिसमें पंचयील ग्राम संगठन की अध्यक्ष कंचन नामदेव ने अन्य लोगों के साथ मिलकर लाखों रुपये का हेरफेर किया गया है। जांच में खुलासा होने के बाद सिहोरा जनपद पंचायत सीईओं आशा देवी पटले ने खितौला में लिखित प्रतिवेदन सौंपा। जिसके बाद पुलिस ने कंचन नामदेव अध्यक्ष पंचशील ग्राम संगठन अमगावां सिहोरा एवं विकास जैन के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।पुलिस ने बताया कि सीईओं के प्रतिवेदन में बताया गया कि नवंबर 2025 के आदेश के तहत चार सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। जिसके अनुसार म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जबलपुर अंतर्गत गठित 33 सीएलएफ (संकुल स्तरीय संगठन) एवं उनके अंतर्गत गठित ग्राम संगठन तथा स्व सहायता समूहों की समीक्षा वर्ष 2018 से किया जाना है। संकुल स्तरीय संगठन, ग्राम संगठन एवं स्व सहायता समूहों एवं सदस्यों तक राशि का हस्तांतरण विधिवत किया गया है या नहीं, इसकी जांच की जानी थी। जिसके तहत विकासखंड सिहोरा अंतर्गत गठित सीएलएफ वसुंधरा सीएलएफ की जांच समिति द्वारा की गयी।

### दस्तावेजों का किया पुनः परीक्षण

समिति द्वारा वसुंधरा सीएलएफ का एवं उसके समस्त ग्राम संगठन के उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण किया गया एवं उपलब्ध बैंक स्टेटमेंट के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गयी। समिति द्वारा नवंबर-दिसंबर 2025 के दस्तावेजों की जांच की गई। जिसके बाद 25 मार्च को जिला पंचायत के कक्ष में वसुंधरा सीएलएफ के अध्यक्ष सचिव एवं बुककीपर एवं पंचशील ग्राम संगठन के अध्यक्ष कंचन नामदेव को समिति के समक्ष पूछताछ के लिये एवं पुन: दस्तावेजों के परीक्षण के लिये बुलाया गया था। समस्त दस्तावेजों के परिक्षण पश्चात समिति द्वारा यह पाया गया कि पंचशील ग्राम संगठन के अध्यक्ष कंचन नामदेव द्वारा व्यापारी विकास जैन के साथ मिलकर वित्तीय अनियमितता की है एवं अनाधिकृत रूप से राशि का आहरण किया गया है।

### जांच में ये हुआ खुलासा

पंचशील ग्राम संगठन से कंचन नामदेव ने स्वयं 4.20 लाख का आहरण, संध्या एवं कंचन के नाम दो लाख एवं नगद आहरण 40 हजार रुपये किया गया है। अध्यक्ष कंचन नामदेव ने अरिहंत रोडलाईन से तीन लाख रुपये ग्राम संगठन के खाते में प्राप्त किये एवं वापिस प्रदाय किया गया। कंचन नामदेव ने विकास जैन से 1 लाख 75 हजार रुपये ग्राम संगठन के खाते में प्राप्त किये। साथ ही ग्राम संगठन के खाते उपार्जन कार्य की राशि स्टेट को आपरेटिव से 26 लाख 85 हजार 627 रुपये की राशि प्राप्त की गई कंचन नामदेव ने विकास जैन को 26 लाख 90 हजार एवं 1 लाख नब्बे हजार कुल राशि 28 लाख 80 हजार रुपये का भुगतान किया गया। इसके अलावा कंचन नामदेव राधा स्व सहायता समूह की भी अध्यक्ष है। जिन्होंने नगद आहरण राशि 1 लाख 15 हजार रुपये स्वयं के नाम 4 लाख 75 हजार कंचन एवं रामप्यारी के नाम 1 लाख 25 हजार बैंक खाते से प्राप्त किये गये। इतना ही नहीं आरोपिया कंचन ने विकास जैन से दो लाख रुपये ग्राम संगठन के खाते में प्राप्त कर अरिहंत रोड लाईन्स को प्रदान की। जांच में पाया गया कि कंचन नामदेव द्वारा अध्यक्ष पद का दुरुपयोग कर मनमर्जी से खाते का संचालन किया गया है तथा संगठन एवं समूह की राशि का गबन किया गया है। एवं इसमें विकास जैन की संलिप्तता भी है।



# मौसम में घुली ठंडक, चिलचिलाती धुप से मिली आमजन को राहत

## जमकर चला आंधी-तूफान, तापमान में आई भारी कमी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिले में गुरुवार को मौसम ने एक बार फिर करवट ली। पिछले कुछ दिनों से लगातार पड़ रही तेज गर्मी और उमस से बेहाल शहरवासियों को शाम होते-होते बादलों ने बड़ी राहत दी। दिनभर चिलचिलाती धूप के बाद शाम के समय ठंडी हवाएं चलीं, जिससे तापमान में हल्की गिरावट महसूस की गई। गुरुवार का दिन शहर के लिए काफी गर्म रहा। सुबह से ही सूरज के तेवर तल्ख थे और दोपहर होते-होते पारा अपने चरम पर पहुंच गया। शहर में आज अधिकतम तापमान 38.4 दर्ज किया गया जिसकी गतवर्ष आज से तुलना करने पर 1 डिग्री कम है। और न्यूनतम डिग्री तापमान 28.0 डिग्री दर्ज किया गया। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग घरों में ही रहने को मजबूर हुए। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप ने लोगों को पसीना-पसीना कर दिया और उमस भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया।

### शाम को बादलों ने दी राहत

जैसे ही सूरज ढलने लगा, मौसम का रुख पूरी तरह बदल गया। आसमान में अचानक घने बादल छा गए और ठंडी हवाओं का दौर शुरू हुआ। ठंडी हवा के झोंकों ने दिनभर की तपिश को शांत कर दिया और



शाम के सुहावने मौसम ने लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी भी देखने को मिली, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई। इस दौरान शहर के अधिकांश इलाकों में बत्ती भी गोल हो गयी। जिस कारण लोंगो को थोड़ी असुविधा भी देखने मिली। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले चौबीस घंटों के दौरान जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहने की संभावना है। शुक्रवार को दिन की शुरुआत हल्की धूप के साथ हो सकती है, लेकिन दोपहर बाद एक बार फिर बादलों की आवाजाही देखने को मिल सकती है। तापमान में बहुत अधिक वृद्धि की कम है , जिससे भीषण गर्मी से कुछ राहत बनी रहेगी। हालांकि, उमस का असर बरकरार रहने की उम्मीद है, इसलिए लोगों को गर्मी से बचाव के उपाय जारी रखने की सलाह दी गई है।

**फोटो : अनिल तिवारी**

## धूमधाम से मनाया गया लिटरेचर फेस्ट-2026



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सत्य प्रकाश पब्लिक स्कूल में तृतीय लिटरेचर फेस्ट 2026 उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष अनिल ग्रोवर, निदेशक तरंग ग्रोवर एवं प्राचार्या दविंदर कौर सेठी की उपस्थिति रही, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध लेखक एवं फिल्म निर्माता बिस्वपति सरकार ने सहभागिता की। फेस्ट की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन एवं रिदम्स ऑफ एक्सप्रेशन नृत्य-नाट्य प्रस्तुति से हुई। एक सप्ताह तक आयोजित प्रतियोगिताओं-माय टॉय सीक्रेट स्टोरी, टॉक लाइक अ कैरेक्टर, इफ आई वेयर, स्टोरी इन 5 इमोशंस, ह्यूमरस एलोक्यूशन, माइम एक्ट एवं क्लासिकल प्ले विद अ ट्विस्ट के विजेताओं ने मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मोमेंट्स ऑफ प्राइड के अंतर्गत पुरस्कार वितरण एवं विद्यालय पत्रिका के तृतीय संस्करण का विमोचन किया गया। वहीं कक्षा 7वीं के विद्यार्थियों द्वारा उनका विशेष पॉडकास्ट इंटरव्यू भी लिया गया, जिसने सभी को रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हर्षा तिवारी, रचिता अग्रवाल एवं मनीष शर्मा का विशेष योगदान रहा।

## देवचंद जैन हुए सेवानिवृत



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरगवा में पदस्थ सेक्टर सुपरवाइजर देवचंद जैन 38 वर्षो की सफलतम शासकीय सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र चरगवा सीबीएमओ डॉ सीके अतरौलिया, डॉ इंदु राजपूत, डॉ जितेंद्र सिंह, डॉ अमित जैन, बी एस चौहान, प्रिंस शुक्ला, राकेश त्रिपाठी, एस एस राठौर आदि उपस्थित रहे।

## चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य समापन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

विद्यार्थियों में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक चेतना जागृत करने के उद्देश्य से दिनांक 27 अप्रैल से प्रारंभ हुआ चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान, जबलपुर में अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता संस्थान की प्राचार्य श्रीमती एफ इक्का* द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने विद्यार्थियों के उत्साह, प्रतिभा एवं सृजनशीलता की सराहना की। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव द्वारा अत्यंत प्रभावी, रोचक एवं ऊर्जा से परिपूर्ण शैली में किया गया, जिसने पूरे समारोह को जीवंत एवं यादगार बना दिया। प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान, जबलपुर में आयोजित चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि अरुण इंगले, संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, जबलपुर संभाग ने छात्र-अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूर्ण करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना भी है।

# तीन सड़क हादसों में तीन की मौत, 2 महिलाएं घायल

**सिहोरा (स्वतंत्र मत) ।** सिहोरा एवं आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए तीन सड़क हादसों ने पुरे इलाके को झकझोर के रख दिया। गोसलपुर थाना अंतर्गत बुढागर बायपास पर शाम करीब 6:30 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार भाई-बहन 40 वर्षीय रंजीत गोटिया निवासी तलाड़ और 35 वर्षीय सोमवती निवासी उचेहरा को टक्कर मार दी, जिससे दोनों



की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक जब्त कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं मझगवां थाना क्षेत्र के जोली मोड़ पर दरमियानी रात करीब 1 बजे दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में 40 वर्षीय सुनील कोल निवासी परसेल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सिहोरा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस वाला बताकर ले भागा ईनोवा कार

**जबलपुर।** एक ड्राईवर को रास्तें में मिले अज्ञात व्यक्ति पर विश्वास करना काफी महंगा पड़ा। आरोपी ने खुद को पुलिस वाला बताकर उसकी ईनोवा गाड़ी किराये पर लगवाने का झांसा दिया और गाड़ी लेकर फरार हो गया। जिसके बाद न तो गाड़ी का पता है और न ही आरोपी का। पीड़ित ड्राईवर राजेन्द्र वंशकार ने मामले की शिकायत माढ़ोताल थाने में दर्ज करायी है। पुलिस ने बताया कि राजेन्द्र वंशकार उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम सुंदरपुर (सोनपुर) खमरिया पेश से ड्रायवर है और अंशुल नमकीन फेक्ट्री रिछाई मे ड्रायवरी का काम करता है। मई 2025 में उसने एक सेकेण्ड हेंड ईनोवा गाड़ी एमपी 20 सीए-1477 बैंक से फाईनेंस कराते हुए खरीदी थी। अप्रैल के पहले सप्ताह में अपने रिश्तेदार राजू वंशकार के साथ माल की डिलीवरी करने रीवा गये थे। वहां से लौटते समय एक अज्ञात व्यक्ति जो राजू बंशकार के साथ झुकेही (कटनी) से उसके साथ गाडी में बैठकर जबलपुर आया था। जिसने स्वयं को पुलिस बाला बताते हुए कहा कि वह उसकी गाड़ी को किराये लगवा देगा। जिस पर पीड़ित ने कहा कि उसके पास ड्राईवर नहीं है तो आरोपी ने कहा कि वह ड्राईवर मैनेज करार देगा।

## पूर्व ऑनररी कप्तान वीके मिश्रा हुए सम्मानित

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** अखिल भारतीय पूर्व सेना सेवा परिषद अध्यक्ष पूर्व सैनिक सूबेदार ऑनररी कप्तान वीके मिश्रा ,खितौला सिहोरा को चीफ आफ दी आर्मी स्टाफ के जनरल सेनाध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी द्वारा जबलपुर में आयोजित पूर्व सैनिको के एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया । श्री मिश्रा ने सेवानिवृत्ति होने के बाद कर्तव्यनिष्ठा एंव कार्यदक्षता का परिचय देते



हुए देश भक्ति को सर्वप्रथम रखते हुए देश की प्रगति में अनमोल योगदान दिया है जो देश के नागरिकों तथा अन्य पूर्व सैनिकों के लिए अदभूत उदाहरण प्रस्तुत करता है इसी कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया है।

## स्वर मल्लिका आशा भोंसले को गुंजन की गीतांजलि आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** वर मल्लिका आशा भोंसले को उनके गए गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करने गुंजन कला सदन एवं संस्कारधानी आर्टिस्ट आर्गनाइजेशन द्वारा बबलू मैथ्यूज के संगीत निदेशन में गीतांजलि का आयोजन शहीद स्मारक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सहयोग से आज 1 मई को संध्या 6.30 बजे से शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में किया गया है । कार्यक्रम का आतिथ्य पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रेश खरे, एड. एसपी सूर्यकांत शर्मा, समाजसेवी दिनेश यादव एवं संदीप जैन वैष्णव करेंगे । इस अवसर पर बबलू मैथ्यूज, गायिका तृप्ति निगम एवं कमलेश नायक का सम्मान किया जाएगा ।

## आज होगा आचार्य डॉ कृष्णकांत चतुर्वेदी चौराहे का लोकार्पण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच द्वारा 1 मई को सायं 6.30 बजे देश के प्रकांड विद्वान, आचार्य डॉ कृष्णकांत चतुर्वेदी चौराहे का लोकार्पण आदि प्लाजा परिसर चौराहे पर किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर अन्नू, अध्यक्ष आशीष दुबे, सारस्वत अतिथि डॉ अभिलाष पांडे, रिंकुज विज, डॉ सुभाष तिवारी सोनिया रंजीत सिंह, अशोक मनोध्याय होंगे। प्रसंग के संस्थापक इंजी. विनोद नयन एवं डॉ चंद्रा चतुर्वेदी ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति की मौत

## 50 फिट नीचे गिरी थी महिला, मासूच बच्ची सुरक्षित

## तिलवारा पुल पर देररात हादसा, पुलिस ने वाहन किया जब्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नर्मदा नदी के तिलवारा पुल पर बीती देररात एक भयानक एक्सीडेंट सामने आया। जहां ससुराल से लौट रहे बाईक सवार दंपत्ति को एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक दूर जा छिटका, वहीं उसकी पत्नी पुल से पचास फिट नीचे नदी के किनारे गिरी, जिससे दोनों की मौत हो गई। वहीं उनकी मासूम बच्ची पुल के किनारे गिरी और पूरी तरह सुरक्षित है। वहीं हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया, जिसका पीछा किया गया तो वह कुछ दूरी पर वाहन छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

तिलवारा टीआई बृजेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम औरैया थाना



माढ़ोताल निवासी नारायण उर्फ बंटी केवट उम्र 32 साल अपनी पत्नी शालिनी केवट उम्र 30 तथा एक वर्षीय बेटी के साथ मोटर साइकिल से अपनी ससुराल ग्राम दलपतपुर गया था।

घर वापस लौटते समय देर रात लगभग 11 बजे जैसे भी वे मोटर साइकिल से तिलवारा पुल पर पहुंचे, तभी तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी मोटर साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। जिसके कारण बंटी दूर जा छिटका और उसके सिर में गंभीर चोट आ गई।

### मौके पर हुई मौत

वहीं उसकी पत्नी शालिनी उछलकर पुल से लगभग पचास फिट नीचे जा गिरी, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल ही बंटी को मेडिकल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। वहीं उनकी एक वर्षीय बच्ची पुल के किनारे पूरी तरह से सुरक्षित थी और उसे किसी प्रकार की कोई चोट नहीं आई थी। बच्ची को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी पिकअप वाहन का पीछा किया गया तो कुछ दूरी पर आगे जाकर वह वाहन छोडकर फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप वाहन यूपी 70 एमटी 8621 को जब्त कर लिया है। पुलिस ने बच्ची को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले को विवेचना में लिया है।



## भक्ति मय संध्या का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** चदरिया झीनी रे झीनी,जरा धीरे-धीरे गाड़ी हाँकियो रामजी, क्या भरोसा है इस जिंदगी का,जाग पियारी अब क्यूँ सोए,चल रे मनवा धीरे धीरे,जीवन चार दिनों का मेला, जैसे - भक्तिमय भजनों का गायन स्मृति शेष वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार स्व. मोहन शशि को समर्पित भजन संध्या में किया गया। विविधा कला सांस्कृतिक अकादमी द्वारा साहित्यकार परिसर कचनार सिटी में आयोजित इस भक्तिमय संध्या में नगर के जाने-माने कलाकार कुलजीत सिंह, परशुराम पटेल, संजीव सिन्हा, डॉ. प्रकाश तिवारी, डॉ अनामिका तिवारी, डॉ अरुणकांत पाण्डेय, डॉ. रेनू पाण्डेय, डॉ.विनीता पाण्डेय विनीत कृष्णा राजपूत, गायत्री नीरज चौबे आदि के भजनों की भावभीनी प्रस्तुतियाँ दीं।हार्मोनियम पर श्री परशुराम पटेल ने और तबले पर धरमू मिलौदिया ने संगत की। उपस्थित प्रबुद्धजनों में, डॉ हरिशंकर दुबे, केके नायकर और रानू राठौर रूही बसंत शर्मा, बीएम नेहरा, बांके बिहारी ब्यौहार, निर्मला तिवारी, मृगेंद्र नारायण सिंह, डॉ शोभा सिंह ने अपने श्रद्धा - सुमन अर्पित किए। आयोजन को सफल बनाने में संस्था सचिव अभिषेक तिवारी, रमाकांत गौतम, अनुराधा अनु के साथ ही संस्था प्रसंग, शब्द रथ, साहित्य संसार काव्य कलश, सजल इकाई जबलपुर एवं लोकधारा का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डॉ. मकबूल अली कादरी, बसंत शर्मा, मंजरी शर्मा, आदि की उपस्थिति रही।

## उदय कश्यप ने आईसीएससी 10वीं में लहराया परचम

### 93.8 प्रतिशत अंक पाकर शहर नाम किया रोशन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ग्वारीघाट निवासी उदय कश्यप ने आईसीएससी कक्षा 10वीं की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। एम.जी.एम. हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र उदय ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उदय की इस उपलब्धि से उनके परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनके पिता राकेश कश्यप और माता मंजू कश्यप ने बेटे की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे उदय की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया है। उदय अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और स्कूल के शिक्षकों को देते हैं।

# कान्हा नेशनल पार्क में 9 दिन में 4 शावकों समेत 06 बाघों की मौत

## भूख या संक्रमण, जांच में जुटा वन विभाग

बालाघाट।

कभी भूख मिटाने के लिए जंग...तो कभी क्षेत्रीय वर्चस्व की जंग...तो कभी प्यार की जंग। आखिर ये जंग, जंगल की जंग है। बाघो के लिये देश विदेश में मशहूर कान्हा नेशनल पार्क में बाघो के बीच अक्सर जंग की खबरे मिलते रहती है। जहां आपसी टकराव में बाघो के घायल होने के साथ साथ उनकी मौत की भी खबर सामने आ जाती है, जिसे सुनकर बाघप्रेमी बेहद दुखी भी हो जाते है। लेकिन इसी बीच कान्हा नेशनल पार्क से निकली खबरो ने पूरे कान्हा प्रबंधन को कटघरे में खडा कर दिया है।



दरअसल, यहां पिछले 09 दिनों के भीतर 04 शावको समेत 06 बाघो की मौत हो गई है। जिसने वन विभाग और वन्यजीव प्रेमियों को झकझोर दिया है। एक ही परिवार के पांच बाघों की लगातार मौत से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। प्रारंभिक जांच में फेफड़ों में संक्रमण की पुष्टि हुई है, जबकि सूत्रों के अनुसार लंबे समय तक शिकार न मिल पाने से भुखमरी भी इस त्रासदी की बड़ी वजह मानी जा रही है। जबकि आकड़ो के अनुसार पिछले 8 माह मे कान्हा पार्क मे कुल 12 बाघो की मौत हो चुकी है।

वर्तमान में कान्हा नेशनल पार्क में बाघों पर मानो शामत सी आ पड़ी है। आपसी लड़ाई और भूख प्यास से मौजूदा समय मे एक ही कुनबे से 4 शावक और एक बाघीन समेत 5 बाघो की मौत हो चुकी है। इसके अलावा जत्ता बीट मे भी एक बाघ की मौत हुई है। इस तरह पिछले 09 दिनों मे कुल 06 बाघो की मौत हो चुकी है। इनके पीछे विभाग ने फेफड़ों मे संक्रमण का कारण बताया है। जबकि पिछले आकड़ो पर बात करे तो कान्हा नेशनल पार्क मे 8 से 9 माह मे ही 12 बाघो की मौत हो चुकी है। मौजूदा समय में बाघो की मौत का सिलसिला कान्हा टाइगर रिजर्व के सरही परिक्षेत्र से शुरू हुआ। 21 अप्रैल को अमाही नाला के पास नर बाघ शावक का शव बरामद हुआ। पोस्टमार्टम में पाया गया कि शावक का पेट पूरी तरह खाली था, जिससे भूख से मौत की आशंका जताई गई। इसके दो दिन बाद 23 अप्रैल को एक अन्य नर शावक की मौत की खबर सामने आई। साथ ही जत्ता बीट में भी एक बाघ का शव बरामद किया गया। डॉग स्क्वॉड और हाथियों की मदद से क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन स्पष्ट कारण सामने नहीं आ सका। इसके बाद 25 अप्रैल को तीसरे मादा शावक का शव भी बरामद हुआ। लगातार तीन शावकों की मौत के बाद वन विभाग की चिंता बढ़ गई।

भोपाल से पहुंचीं प्रधान मुख्य वन्यप्राणी संरक्षक समिता राजौरा ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि मृत शावकों में फेफड़ों के संक्रमण के संकेत मिले हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पार्क प्रबंधन ने 10 वर्षीय बाघिन और उसके जीवित बचे नर शावक को सरही रेंज से ट्रेंकुलाइज कर मुक्की क्वारंटाइन सेंटर पहुंचाया। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में दोनों का उपचार शुरू किया गया, लेकिन हालत लगातार बिगड़ती गई। अंततः परिणाम वही निकला कि 29 अप्रैल को मुक्की रेंज के क्वारंटाइन सेंटर उपचारत् 10 वर्षीय मादा बाघ और उसके डेढ़ वर्षीय चौथे नर शावक की भी मौत हो गई। इस प्रकार 9 दिनों के भीतर बाघ का एक कुनबा की समाप्त हो गया। जिस पर बैहर विधायक संजय उईके ने चिंता जाहिर करके जाँच की मांग की है।

विधायक उईके ने कहा कि बाघो की मौत गंभीर विषय है और उन्होने कान्हा प्रबंधन को सीधे कटघरे में खड़ा कर दिया है। विधायक ने पार्क प्रबंधन के %फेफड़ों के इन्फेक्शन% वाले तर्क को सिरे से खारिज करते हुए दावा किया कि बाघों की मौत बीमारी से नहीं, बल्कि भूख से हुई है। विभाग अपनी कमियों और गलतियों को छिपाने के लिए अलग-अलग बहाने बना रहा है। बाघों की मौत के पीछे प्रबंधन की भारी लापरवाही है।

विधायक उइके ने मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई जाए। उन्होंने विशेष रूप से जोर दिया कि इस कमेटी में वन विभाग का कोई भी अधिकारी शामिल न हो, ताकि जांच निष्पक्ष रहे। उन्होंने विश्वास जताया कि स्वतंत्र जांच होने पर %दूध का दूध और पानी का पानी% हो जाएगा। फिलहाल अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट और लैब जांच का इंतजार है। कान्हा में हुई यह घटना न केवल वन विभाग के लिए गंभीर चुनौती है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करती है कि क्या जंगल में शिकार की उपलब्धता में कमी आई है या फिर वन्यजीवों के स्वास्थ्य की निगरानी में बडी चूक हो रही है। इस मामले में फिलहाल, कान्हा प्रबंधन बचाव की मुद्रा में है, लेकिन एक साथ इतने बाघों की मौत ने राष्ट्रीय उद्यान की सुरक्षा और मॉनिटरिंग व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिन्ह लगा दिया है।

# अमृत 2.0 के तहत मलाजखंड में विकसित हुआ आधुनिक पार्क

### जैविक खाद से बढ़ रहा हरित संवर्धन

बालाघाट।

नगर पालिका परिषद मलाजखंड द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग की महत्वाकांक्षी अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत मेन रोड बंजारीटोला स्थित लगभग डेढ़ एकड़ क्षेत्र में एक सुंदर, स्वच्छ और आधुनिक पार्क का विकास किया गया है। यह पार्क न केवल शहरवासियों को हरित एवं स्वच्छ वातावरण प्रदान कर रहा है, बल्कि स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी एक मिसाल बनता जा रहा है।



पार्क के रख-रखाव को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए नगर पालिका ने परिसर में ही जैविक कम्पोस्टिंग खाद पिट का निर्माण कराया है। इन पिटों में पेड़ों से गिरने वाली पत्तियों और अन्य जैविक कचरे को एकत्रित कर वैज्ञानिक तरीके से कम्पोस्ट खाद तैयार की जा रही है। तैयार खाद का उपयोग पुनः पार्क की हरियाली बढ़ाने में किया जा रहा है, जिससे यह पार्क आत्मनिर्भर और पूरी तरह पर्यावरण हितैषी बन गया है। इसके साथ ही ह्वेस्ट टू आर्टह्व की अभिनव पहल के तहत अनुपयोगी वस्तुओं से आकर्षक कलात्मक संरचनाएं तैयार कर पार्क का सौंदर्यीकरण किया गया है, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रही हैं। नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पार्क में आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित मिनी जिम की भी स्थापना की गई है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और बुजुर्ग व्यायाम कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश बाघमारे ने बताया कि पार्क में जैविक कचरे के समुचित प्रबंधन से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है और शहर को स्वच्छ एवं हरित बनाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित हो रही है। नगर पालिका परिषद मलाजखंड की यह पहल स्वच्छ और सुंदर मलाजखंड के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जो कचरा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और नागरिकों के स्वास्थ्य संवर्धन में अहम भूमिका निभा रही है।

## संतोष भलावी को 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बालाघाट।** तहसील बालाघाट के ग्राम दौनी निवासी वर्षा भलावी की 17 मार्च 2026 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण बालाघाट के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोपाल सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6/4 के प्रावधानों के तहत मृतक के वारिस पिता संतोष भलावी को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। बालाघाट तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि वे कोषालय में देयक प्रस्तुत कर संतोष भलावी के खातें में ई-पेमेंट से शीघ्र 04 लाख रुपए की राशि जमा कराए।

# भगवान सहस्त्रबाहु मंदिर को अज्ञात चोरों ने बनाया निशाना, तीन मुकुट चोरी



**बालाघाट।** नगरीय क्षेत्र के वार्ड नंबर 33 गायखुरी वैनगंगा नदी तट पर स्थित भगवान सहस्त्रबाहु मंदिर का ताला तोडकर अज्ञात चोरों ने तीन नग चांदी के मुकुट चोरी कर ली। जिसकी सूचना मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मौके का निरीक्षण कर वरिष्ठ अधिकारी को सूचना दी गई। इस संबंध में मंदिर समिति के पदाधिकारी राकेश दौने ने बताया कि बुधवार की सुबह 10 बजे तक मंदिर में ताला लगा हुआ था और भगवान के मुकुट भी थे। शाम करीब 5 बजे जब मंदिर में जाकर देखे तो ताला टूटा था और तीन मुकूट चोरी हो चुके थे। वारदात को अंजाम देने में उपयोग की गई लोहे की सरिया भी गेट के पास ही पड़ी थी। मंदिर के अंदर से भगवान सहस्त्रबाहु की बड़ी व छोटी दोनों मूर्ति के चांदी के मुकुट व भगवान दत्तात्रेय का चांदी का मुकुट चोरी किया गया है।

# उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए है पर्याप्त सुविधाएं

बालाघाट।

जिले के 13 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर गेहूं एवं 8 उपार्जन केन्द्रो में चना खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। मृणाल मीना कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में 30 अप्रैल को राजेश उइके उपायुक्त सहकारिता बालाघाट द्वारा एच.सी. बोपचे शाखा पर्यवेक्षक एवं संस्था प्रबंधक लालबर्रा के साथ वृहता सेवा सहकारी समिति लालबर्रा शासकीय गोदाम में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि गोदाम स्तरीय गेहूं उपार्जन केन्द्र में किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने की सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में किसी



प्रकार की परेशानी न हो इस हेतु जिले के 13 उपार्जन केन्द्रो में विभागों एवं शाखा के अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

अभिनव सिंह बघेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट ने जानकारी देते हुए बताया कि बालाघाट जिले के 13 उपार्जन केन्द्रो मेंसमर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी एवं कृषि उपज मंडी बालाघाट, वारासिवनी, खैरलांजी, लालबर्रा बकोड़ा, कटंगी, बैहर मोहगांव, परसवाड़ा, लालबर्रा कनकी में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी का कार्य किया जा रहा है। 30 अप्रेल की दोपहर तक 655 किसानों से 14694 क्विंटल गेहूॅ की खरीदी की गई हैं। जिसका भुगतान कृषको के खातो में शासन के द्वारा किया जा रहा है। लालबर्रा शासकीय गोदाम में गेहूॅ विक्रय के लिए पहुचे किसान दिलीप कुमार टेंभरे धरपीवाड़ा ने बताया कि 18 क्विंटल गेहूँ लेकर आया था। केन्द्र में कोई समस्या नही है किसानों के बैठने के लिए छाव है और पीने के पानी की व्यवस्था की गई है केन्द्र के कर्मचारियों द्वारा पूरा सहयोग मिल रहा है।

किसान ऐन लाल जामरे ने बताया कि उनके द्वारा 19 क्विंटल गेहूँ शासकीय गोदाम लालबर्रा में विक्रय के लिए लाया हूँ उपार्जन केन्द्र में की गई व्यवस्था से किसान खुश है। उपार्जन केन्द्र लालबर्रा के प्रभारी अतुल ठाकरे ने बताया कि शासकीय गोदाम लालबर्रा उपार्जन केन्द्र में 312 किसानों ने स्लॉट बुक कराई है जिसमें से 76 किसानों से 1346 क्विंटल गेहूॅ की खरीदी की जा चुकी है तथा 1346 क्विंटल गेहूं ऑनलाईन कर दी गई है।

# उपेक्षा का शिकार हो रहे नक्सल मोर्चे पर काम करने वाले पुलिस मुखबीर

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले पर करीब 35 वर्षों तक नक्सलवाद का साया रहा, लेकिन दिसंबर 2025 में यह लाल आतंक पूरी तरह समाप्त हो गया। इस सफलता के पीछे सुरक्षा बलों की लगातार और प्रभावी कार्रवाई के साथ-साथ उन गुप्तचर सैनिकों की भी अहम भूमिका रही, जिन्होंने अपनी पहचान छिपाकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहकर सूचनाएं जुटाईं। इन गुप्तचर सैनिकों ने वर्षों तक जान जोखिम में डालकर नक्सल प्रभावित इलाकों में घूम-घूमकर सूचनाएं एकत्रित कीं और इंटेलिजेंस विभाग तक पहुंचाईं। इन्हीं सूचनाओं के आधार पर रणनीतियां बनाई गईं, जिससे नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने में सफलता मिली। हालांकि अब नक्सलवाद के खात्मे के बाद यही गुप्तचर सैनिक उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक गुप्तचर सैनिक ने बताया कि करीब 137 लोग लगातार इस कार्य में लगे रहे। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद खत्म होने के बाद उन्हें कह दिया गया कि अब तुम्हारा काम पूरा हो चुका है, दूसरा काम तलाश लो।

वर्षों तक इसी कार्य में लगे रहने के कारण अब दूसरा रोजगार शुरू करना आसान नहीं है। साथ ही समय पर मूल वेतन भी नहीं मिलने से परिवार के पालन-पोषण में गंभीर दिक्कतें आ रही हैं। गुप्तचर सैनिकों की मांग है कि उन्हें समय पर वेतन दिया जाए और पुलिस विभाग में कम से कम आरक्षक के पद पर स्थायी नौकरी प्रदान की जाए। इस संबंध में उन्होंने किरनापुर-लांजी विधायक राजकुमार करार्हे और सांसद भारती पारधी को ज्ञापन भी सौंपा है।

# बांधवगढ़ के मादा कैंप में हथिनी गायत्री की मौत

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां मंगलवार 28 अप्रैल को लगभग साढ़े चार वर्षीय मादा कैंप हाथी गायत्री की अचानक मृत्यु हो गई। इस घटना से वन विभाग के साथ-साथ वन्यजीव प्रेमियों में भी चिंता का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाथी की तबीयत अचानक बिगड़ी थी। प्रारंभिक लक्षणों में दस्त (डायरिया) देखे गए, जो कुछ ही समय में गंभीर रूप ले गए और मल द्वार से रक्तस्राव की स्थिति बन गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर से विशेष वन्यजीव चिकित्सकीय दल को तत्काल बुलाया गया। चिकित्सकों द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में मौत के पीछे एन्थ्रेक्स जैसी खतरनाक संक्रामक बीमारी की आशंका जताई गई है। इस आशंका को ध्यान में रखते हुए वन प्रबंधन ने तुरंत केंद्र सरकार के प्रोजेक्ट एलीफेंट प्रभाग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया लागू कर दी। संक्रमण के खतरे



को रोकने के लिए मृत हाथी का वैज्ञानिक विधि से सुरक्षित दहन किया गया, ताकि किसी भी प्रकार के संक्रमण के फैलाव को रोका जा सके। इस दौरान क्षेत्र संचालक महेंद्र प्रताप सिंह, एनटीसीए के प्रतिनिधि डॉ. ज्ञानेंद्र प्रजापति, सरपंच सालेहा खान, डॉ. काजल जाधव सहित अन्य अधिकृत अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही, जिला चिकित्सा एवं पशु चिकित्सा विभाग को अलर्ट पर रखा गया है। संबंधित क्षेत्र के लोगों के टीकाकरण और आवश्यक सावधानियों के पालन के निर्देश भी जारी किए गए हैं। वन विभाग द्वारा पूरे क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। 'गायत्री' की असमय मौत से जहां एक शून्य उत्पन्न हुआ है, वहीं एन्थ्रेक्स की आशंका ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के ए.डी.आर. सेंटर भवन में साक्षात्कार 4 मई से

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि कार्यालय, लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम उमरिया में दिनांक 4 मई 2026 को कार्यालय सहायक, दिनांक 5 मई 2026 को रिसेप्शनिष्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं दिनांक 6 मई 2026 को टॉयपिंग टेस्ट एवं भृत्य पद के साक्षात्कार का आयोजन दिनांकवार किया जाना है। समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि समस्त अपने-अपने दिनांक के अनुसार समय प्रात: 9 बजे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के एडीआर सेंटर भवन जिला न्यायालय परिसर उमरिया में उपस्थित होवें।

# नगरीय प्रशासन भोपाल द्वारा पाली नगर पालिका द्वारा किये जा रहे कार्यों का किया अवलोकन

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मंगलवार 28 अप्रैल 2026 को अमृत 2.0 योजना के नोडल अधिकारी जीवेन्द्र सिंह कार्यपालन यंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल द्वारा उमरिया जिले के विभिन्न नगरीय निकायों के साथ-साथ नगर पालिका परिषद पाली का निरीक्षण भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमृत 2.0 योजना अंतर्गत नगर पालिका परिषद पाली में पूर्ण एवं निर्माणाधीन कार्यों का स्थलीय अवलोकन किया गया। साथ ही एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर का निरीक्षण कर संचालन व्यवस्था की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कार्यों में पाई गई त्रुटियों को शीघ्र दूर करने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन यंत्री, शहडोल संभाग अरविंद शर्मा, उपयंत्री शिवराम ईडपाचे,



विपिन कुमार विश्वकर्मा पीडीएमसी शहडोल से रेजिडेंस इंजीनियर तनवीर सिद्दीकी, असिस्टेंट रेजिडेंस इंजीनियर अजय साहू, प्रांशु सिंह चौहान, सोशल एक्सपर्ट चंद्रशेखर निंबालकर तथा निकाय के फील्ड इंजीनियर्स उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं अमृत 2.0 योजना अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की प्रगति पर विशेष जोर दिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए।

# जिले में 1150 किसानों से 2774.3 मी. टन गेहूं की खरीदी की गई

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि सहकारी समितियों एवं स्व सहायता समूह के गोदाम स्तरीय संचालित 9 एवं समिति स्तरीय संचालित 25 कुल 34 गेहूं उपार्जन केंद्रों पर किसानों से शासन के निर्देशानुसार गेहूं खरीदी का कार्य 12 मई 2026 तक किया जाना है।

उन्होंने बताया कि रबी गेहूं उपार्जन हेतु किसानों को स्लॉट बुकिंग के लिये 9 मई 2026 तक विण्डो ओपन किए गए हैं, जिसमें कृषक छोटा अथवा बड़ा दोनों अपना गेहूं विक्रय के लिये स्लॉट बुक कर सकते हैं। जिले के किसानों द्वारा 29 अप्रैल 2026 तक कुल 4880 कृषकों के द्वारा स्लॉट बुक किए गए है। गेहूं उपार्जन केंद्रों पर किसानों से गेहूं, उपार्जन का कार्य 29 अप्रैल 2026 दोपहर तक की स्थिति में 1150 किसानो से 2774.3 मी0टन का उपार्जन किया गया है। जिले में किसानों से गेहूं उपार्जन का कार्य केन्द्रों पर निरंतर किया जा रहा है एवं किसानों के स्लॉट बुक हो रहे हैं। किसानों को गेहूं उपार्जन की देय राशि रूपये 7.28 करोड के विरुद्ध दिनांक 29.04.2026 तक 74 किसानो को 0.45 करोड रुपये का आईआईटी पोर्टल से आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान हो गया है एवं निरंतर उपार्जित गेहूं की राशि के भुगतान हेतु ईओपी आ रहे हैं। राज्य शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं रुपये 2425 प्रति क्विंटल पर रूपये 40 प्रति क्विंटल की दर से किसानों को बोनस का भुगतान किया जाएगा। इस प्रकार जिले में गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले किसानों को गेहूं की कुल राशि रुपए 2585 प्रति क्विंटल प्लस 40 प्रति क्विंटल के मान से बोनस कुल (2625/- प्रति क्विंटल) के मान से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की राशि का भुगतान किया जायेगा। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में जिले के प्रमुख गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले सभी किसान भाईयों को समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं एवं उस पर प्रदाय बोनस राशि प्रदाय की जा रही है।

# आज से होगी जनगणना महाअभियान की शुरुआत

## कलेक्टर ने जिलेवासियों से जनगणना कार्य के लिए घर-घर पहुंचने वाली टीम के सहयोग की अपील की

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले में 1 मई से 30 मई 2026 तक जनगणना महाअभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान जिले भर में हजारों अधिकारी और कर्मचारी घर-घर जाकर मकानगणना सहित 33 प्रकार की आवश्यक जानकारियां एकत्र करेंगे। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी श्रीमती राखी सहाय ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं।

कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित यह अभियान प्रदेश के साथ उमरिया जिले में भी प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। जनगणना का उद्देश्य देश की जनसंख्या, सामाजिक संरचना और आर्थिक स्थिति का सटीक आकलन करना है, जिससे भविष्य की योजनाओं को बेहतर ढंग से तैयार और लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी इस प्रक्रिया को सफल बनाने में महत्वपूर्ण है।

जिले में इस कार्य के लिए बड़ी संख्या में प्रगणक और सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं, जो निर्धारित अवधि में प्रत्येक घर तक पहुंचकर जानकारी एकत्र करेंगे। जनगणना के दौरान अधिकारी केवल सामान्य और आधारभूत जानकारी ही एकत्र



करेंगे, जिसमें मकान या भवन का प्रकार, परिवार के सदस्यों की संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, नल, बिजली, शौचालय व बाथरूम की उपलब्धता, गैस कनेक्शन,टीवी, रेडियो, केबल जैसी सुविधाएं, साइकिल, मोटरसाइकिल या कार जैसी परिसंपत्तियां, परिवार का मुख्य खाद्यान्न, मोबाइल नंबर शामिल है। यह सभी जानकारी केवल सांख्यिकीय उपयोग और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए उपयोग की जाएगी।

### सतर्क रहें, इन जानकारियों की नहीं होगी मांग

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान किसी भी नागरिक से आधार कार्ड नंबर,पैन कार्ड विवरण,बैंक खाता जानकारी, ओटीपी या कोई वित्तीय जानकारी नही मांगी जाएगी यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की संवेदनशील जानकारी मांगता है, तो तुरंत सतर्क हों और प्रशासन को सूचित करें।

### सुरक्षा के लिए जरूरी सावधानियां

जानकारी देने से पहले अधिकारी का पहचान पत्र अवश्य जांचें,केवल अधिकृत कर्मियों को ही जानकारी दें,किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

### जिम्मेदारी से दें सही जानकारी

कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय ने कहा कि जनगणना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के विकास की आधारशिला है। सही जानकारी देकर प्रत्येक नागरिक इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## पथ विक्रेताओं को मिलेगा ऋण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नगरपालिक परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत नगर क्षेत्र के 1661 पथ विक्रेताओं को ऋण प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के तहत फुटपाथ और सड़क किनारे व्यवसाय करने वाले छोटे व्यापारियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। नगरपालिका ने सभी पथ विक्रेताओं, जैसे सब्जी, फल, चाय-नाश्ता, कपड़ा, जूते-चप्पल, फास्ट फूड, पूजा सामग्री, खिलौने, रेहड़ी-पटरी एवं अन्य छोटे व्यवसाय करने वालों से अपील की है कि वे अपना पंजीयन एवं नवीनीकरण अवश्य कराएं। जिन विक्रेताओं का पंजीयन नहीं हुआ है उनका पंजीयन भी नगरपालिका द्वारा किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत इच्छुक हितग्राही कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। इसमें तीन चरणों में ऋण सुविधा उपलब्ध है, पहले चरण में 15 हजार रूपए दूसरे चरण में 25 हजार रूपए और तीसरे चरण में 50 हजार रूपए तक का ऋण बैंक के माध्यम से दिया जाएगा।

## 2 को लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के आयोजन को लेकर आवश्यक सूचना जारी की गई है। परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास परियोजना के कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 2 मई को झंकार भवन में इस उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह उत्सव लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत बालिकाओं के सशक्तिकरण एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## नदियां रहेंगी तो जीवन रहेगा

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड नारायणगंज के परामर्शदाताओं एवं नवांकुर संस्था के संयुक्त प्रयास से जिला समंवयक राजेंद्र चौधरी के नेतृत्व में देवरी नदी के घाट की सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान घाट पर एकत्रित काई और कचरे को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। ग्रामीणों द्वारा प्रतिदिन उपयोग किए जाने वाले इस घाट पर स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से यह पहल की गई ताकि जल के उपयोग से किसी प्रकार की बीमारी न फैले।

## तालाब में श्रमदान से सफाई

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे एवं सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकासखण्ड मंडला के ग्राम पंचायत हिरदेनगर के कदमाही तालाब में जल गंगा संवर्धन अभियान जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हिरदेनगर के सदस्यों एवं ग्रामीणजनों के सहयोग से श्रमदान कर साफ-सफाई कार्य किया गया।

## 15 एवं 16 मई को आदि उत्सव

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के रामनगर में हर साल की भांति इस वर्ष भी आदि उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय आयोजन 15 और 16 मई को आयोजित होगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियों की रूपरेखा पर चर्चा सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने गोलमेज कक्ष में की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार सिंह, एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे सांसद श्री कुलस्ते ने कार्यक्रम से जुड़े हर एक पहलू पर चर्चा की।

# भीषण गर्मी में सरकारी देहरी की चक्कर काट रहे किसानों ने कहा- कौन सुनेगा, किसे सुनाएं...इसलिए चुप रहते हैं

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**

इन दिनों किसान जमकर परेशान चल रहे हैं। खरीदी केन्द्रों में मनमानी से त्रस्त किसान को कभी सर्वर डाऊन तो कभी गेंहू की क्वालिटी तो कभी अन्य कारण बताकर उनकी उपज को लेने से इंकार किया जा रहा है। मजबूर होकर किसान अपनी कीमती उपज सस्ते दामों में व्यापारियों को बेचने के लिए मजबूर हैं लेकिन जिला प्रशासन का कोई भी रूख इस ओर दिखाई नही दे रहा है खरीदी प्रभारी चहेते किसानों की फसलों को बिना देखे रेखे ले रहे हैं तो वहीं दूसरे किसानों को परेशान किया जा रहा है कहीं बड़े अधिकारियों का आदेश तो कहीं नियम कानून बताकर किसानों को खरीदी केन्द्र से भगाया जा रहा है। जिससे आक्रोशित होकर किसानों ने शिकायत दर्ज कराई हैं। जनसुनवाई में ग्राम चीचगांव, जामगांव, चमरवाही, पोडी, डडुम, ईश्वरपुर, तहसील नैनपुर के कृषक पहुंचे जिन्होंने कहा कि गेंहू विक्रय हेतु उपार्जन केन्द्र चीचगांव में गेंहू लेकर गये और उपार्जन केन्द्र चीचगांव में विक्रय हेतु गेहू उपार्जन केन्द्र चीचगांव में रख लिया






गया परन्तु किसी कारण वश जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति द्वारा उपार्जन केन्द्र चीचगांव पहुंच कर हम सभी कृषक का गेहु विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया गया। गेहू के रख रखाव से कभी भी चोरी या अन्य किसी भी प्रकार का कोई नुकसान हो सकता है। सभी कृषक छोटे कास्तकार है हमारा भरण पोषण कृषि से होता है तथा उपार्जन केन्द्र में सर्वर की समस्या के चलते हमारा स्लाट बुक नही हो रहा है एवं गेंहू खरीदी की एन्ट्री नही हो रही है। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले ने मुख्यालय के नजदीक बकोरी लैंप्स अंतर्गत ग्राम मुर्रमखाप खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया जहां बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों की परेशानी और लापरवाही खुलकर सामने आई। सरकार द्वारा खरीदी शुरू करने में लगातार देरी पहले 15 मार्च फिर 23 मार्च फिर 1 अप्रैल, 10 अप्रैल फिर 15 अप्रैल का दिन निर्धारित कर किसानों को छला और फिर देर से खरीदी शुरू होने के बाद ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग पोर्टल का ठप्प हो जाना इन दोनों ने किसानों की हालत और खराब कर दी है। किसान दिनभर धूप में इंतजार करने को मजबूर हैं लेकिन पोर्टल बंद होने के कारण न तो तुलाई हो पा रही है और न ही रजिस्ट्रेशन। देर से फसल बेचने और उसकी असमंजसता से शादी विवाह के सीजन में कम दामों में फसल बेचने को मजबूर है पहले सीमांत किसानों की खरीदी फिर बड़े किसानों की बात कर भेद उत्पन्न किया यह ई पोर्टल की मजबूरी से ज्यादा सरकार की नियत और अव्यवस्था नजर आ रही मजबूरी में किसान अपनी मेहनत की फसल को औने-पौने दामों 20-22 प्रति किलो में व्यापारियों को बेचने पर विवश हैं। स्थिति इतनी खराब है कि जिन किसानों की तुलाई हो चुकी है उनकी भी एंट्री पोर्टल पर नहीं चढ़ पा रही है। 29 तारीख को सिर्फ 2 प्रतिशत खरीदी हुई यह समस्या सिर्फ मुर्रमखाप तक सीमित नहीं बल्कि पूरे जिले में किसानों को यही परेशानी झेलनी पड़ रही है। नैनपुर में किसानों का गुस्सा चक्काजाम के रूप में सामने आ चुका है और जिला मुख्यालय से समीप सहित कई गांवों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस ने जिला प्रशासन को साफ चेतावनी दी है अगर एक भी किसान अपनी उपज तौलने से वंचित रहता है तो कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी और सड़कों पर उतरकर चक्काजाम करेगी। खरीदी केन्द्रों में ई-पोर्टल सम्बन्धी समस्या का समाधान निकाला जाए। सभी किसानों की फसल खरीदी जा सके इसके लिए समय सीमा बढ़ाने के साथ सरलीकरण और आश्वासन दिया जाए। जिले में गेहूं खरीदी को लेकर उत्पन्न अव्यवस्था और किसानों की परेशानियों ने एक बार फिर सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले में गेहूं खरीदी को लेकर उत्पन्न यह संकट केवल प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं है बल्कि यह किसानों के भरोसे और उनकी मेहनत से जुड़ा मुद्दा है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो इसका असर न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा, बल्कि सरकार की विश्वसनीयता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगेगा फिलहाल, किसान इंतजार में हैं सिस्टम के सुधरने का, अपनी फसल का उचित मूल्य मिलने का, और उन वादों के पूरे होने का जो हर चुनाव में उनसे किए जाते हैं।

# घुघरी में 70 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

**मण्डला/घुघरी(स्वतंत्रमत)।** जिले के घुघरी स्थित सांदीपनी विद्यालय प्रांगण में 29 अप्रैल को मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया।




जिला प्रशासन के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में 70 जोड़ों का विधि-विधान से विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जनिया बाई मरावी, जनपद पंचायत घुघरी के उपाध्यक्ष सिहारे करचाम सहित जिला एवं जनपद पंचायत के सदस्यगण मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। समारोह के दौरान अतिथियों द्वारा प्रतीकात्मक रूप से चिन्हित हितग्राहियों को 49 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। सभी वधुओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 49-49 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो बेटियों के सम्मान और उनके सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से न केवल आर्थिक सहयोग मिलता है, बल्कि सामाजिक एकता और सद्भाव का भी सशक्त संदेश जाता है। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घुघरी संस्कार बावरिया, तहसीलदार चन्द्रकुमार वट्टे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री भावना भातृवंशी, थाना प्रभारी पूजा बघेल, सहायक यंत्री सुश्री रामेश्वरी धुर्वे तथा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी चंद्रकांत भलावे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्राचार्य पर रिश्वत मांगने के लगे आरोप

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**

ग्राम बबलिया स्थित एक निजी विद्यालय के प्राचार्य के खिलाफ गंभीर आरोप सामने आए हैं। रमपुरी निवासी कृषक ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उसके बच्चों के शैक्षणिक दस्तावेजों में जानबूझकर त्रुटि की गई तथा उन्हें सुधारने और आवश्यक अपर आईडी जारी करने के लिए 20,000 रुपये की मांग की गई। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता के बच्चे सरस्वती तुमराची कक्षा आठवीं और देवीलाल तुमराची कक्षा सातवीं जेएमआर पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में अध्ययनरत थे। दोनों छात्रों ने हाल ही में अपनी कक्षाएं उत्तीर्ण की हैं। अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश मंडला के एक अन्य विद्यालय में कराना चाहते थे जिसके लिए उन्होंने स्कूल प्रबंधन से ट्रांसफर



सर्टिफिकेट (टीसी) और अपर आईडी की मांग की जिसकी जानकारी जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीया को लगी तो उन्होंने शिकायत के आधार पर अधिकारियों से चर्चा की और शीघ्र जांच कराने की मांग की। आरोप है कि प्राचार्य द्वारा लगभग एक माह तक उन्हें परेशान किया गया और बाद में 20,000 रुपये की मांग की गई। पैसे देने से इंकार करने पर जारी की गई टीसी में बच्चों के माता-पिता के नाम गलत दर्ज कर दिए गए। सरस्वती की टीसी में पिता का नाम सलिकराम तथा माता का नाम महावती दर्ज किया गया जबकि सही नाम शालिक राम और महाबती बाई है। इसी प्रकार देवीलाल की अंकसूची और टीसी में भी त्रुटियां बताई गई हैं। आरोप है कि जब दस्तावेज सुधारने और अपर आईडी जारी करने की मांग की गई तो प्राचार्य ने अभद्र व्यवहार किया गाली गलौज के साथ कथित रूप से मारपीट पर उतारू हो गए। 21 अप्रैल को हुई इस घटना के संबंध में शिकायतकर्ता ने निवास थाने में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि प्राचार्य ने जातिगत टिप्पणी करते हुए अपमानित किया और बाद में स्वयं के बचाव के लिए उनके खिलाफ झूठी शिकायत भी दर्ज कराई। अभिभावक का कहना है कि यदि समय रहते दस्तावेजों में सुधार नहीं किया गया और अपर आईडी जारी नहीं हुई तो उनके बच्चों का अन्य विद्यालय में प्रवेश नहीं हो पाएगा जिससे उनका भविष्य प्रभावित होगा। पीड़ित ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तथा बच्चों के सभी आवश्यक दस्तावेज सही रूप में उपलब्ध कराने की मांग की है।

## बैंकर्स की बीएलबीसी बैठक आयोजित

**मण्डला/मवई (स्वतंत्रमत)।** जनपद मवई एवं बिछिया में 29 अप्रैल को बैंकर्स की जनपद स्तरीय समन्वय समिति की बैठकें आयोजित की गईं। दोनों बैठकों की अध्यक्षता अग्रणी जिला प्रबंधक सुजय कुमार ने की। बैठक में जनपद मवई के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीसी टिम्हरिया एवं जनपद बिछिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रमेश मंडावी सहित सभी बैंक शाखा प्रबंधक एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई जिसमें जमा वृद्धि ऋण वितरण एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा की गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। अध्यक्ष सुजय कुमार ने सभी बैंकों एवं विभागों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए समन्वित प्रयास करने, पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से सीडी रेशियो में वृद्धि करने पर बल दिया।



# कान्हा में नौ दिनों में पांच बाघों की मौत

**मण्डला(स्वतंत्रमत)**

कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघिन और उसके चार शावकों की रहस्यमयी मौत का मामला अब काफी हद तक स्पष्ट हो गया है। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में इन मौतों की वजह घातक केनाइन डिस्टेंपर वायरस संक्रमण बताई गई है जिससे वन्यजीव विशेषज्ञों और वन विभाग की चिंता बढ़ गई है। यह घटनाक्रम सरही परिक्षेत्र की बाघिन टी-141 और उसके परिवार से जुड़ा है। 21 से 25 अप्रैल के बीच उसके तीन शावकों की मौत हो गई थी। इसके बाद गंभीर रूप से बीमार बाघिन और उसके एकमात्र



बचे शावक को रेस्क्यू कर मुक्की क्वॉरेंटाइन सेंटर में भर्ती कराया गया। लगातार इलाज के बावजूद 29 अप्रैल को दोनों ने दम तोड़ दिया। कान्हा के डिप्टी डॉयरेक्टर प्रकाश कुमार वर्मा ने बताया कि जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ में किए गए परीक्षणों में सीडीव्ही संक्रमण के संकेत मिले हैं। केनाइन डिस्टेंपर वायरस एक अत्यंत संक्रमक बीमारी है जो मुख्य रूप से जंगली मांसाहारी जीवों को प्रभावित करती है। यह वायरस श्वसन तंत्र फेफड़े पाचन तंत्र तंत्रिका तंत्र पर हमला करता है। प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शावकों के पेट खाली मिले और फेफड़ों में संक्रमण पाया गया जो इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं। वन विभाग ने बताया कि अंतिम पुष्टि के लिए विस्तृत लैब परीक्षण जारी हैं प्रभावित क्षेत्र की गहन निगरानी की जा रही है संक्रमण के स्त्रोत संभावित रूप से आवारा कुत्ते पर नियंत्रण के उपाय किए जाएंगे। बाघिन टी-141 का पोस्टमार्टम प्रोटोकॉल के तहत किया जाएगा जिसके बाद उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## श्रीमती लक्ष्मी राव का निधन

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नगरपालिका नैनपुर में पदस्थ रघुनाथ राव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी राव का लंम्बी विमारी के चलते निधन हो गया। आपकी अंतिम यात्रा में नगर के चिरपरिचित बन्धुओं, सामाजिक बन्धुओ व नपा कर्मचारियों की उपस्थिति रही। अंतिम संस्कार बाद सभी ने दो मिनट का मोन रख अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया।



# बेतरतीब सब्जी बाजार ने बिगाड़ी नगर की फिजा

## आखिर कब मिलेगी इस गंभीर समस्या से नगर को निजात





**नैनपुर (स्वतंत्र मत)**

नगर का बुधवारी बाजार अव्यवस्थित है। सब्जी मंडी में बेतरतीब लगने वाली दूकानों ने नगर की फिजा बिगाड़ रखी है। ऐसा नही है कि सब्जी दूकान लगाने की यहां व्यवस्थाये नही है। मगर बुधवारी बाजार में सब कुछ मनमर्जी से चल रहा है। सब्जी विक्रेताओं को आबंटित किये गए चबूतरे खाली पड़े है और सड़क में सब्जी दूकाने लगाई जा रही है।

नजूल शीट क्रमांक 1 में से 1,27,650 वर्ग फिट भूखंड नगर पालिका नैनपुर को बैठकी बाजार लगाने हेतु आबंटित किया गया है। जिसका खसरा क्रमांक 7/2 राजस्व के दस्तावेजों मे दर्ज है। उक्त भूखंड का पूर्व के वर्षों में साप्ताहिक एंव दैनिक बैठकी बाजार लगाने नगरपालिका द्वारा उपयोग किया जाता रहा है। वर्ष 2009 -10 में नगरपालिका द्वारा फुटकर सब्जी विक्रेताओं को बैठक व्यापार करने हेतु 35 से 40 लाख रूपए खर्च कर चबूतरों का निर्माण कराया गया था। जिनपर प्रशासनिक अनदेखी व लापरवाही के चलते उक्त चबूतरों का निर्धारित कार्य में उपयोग नहीं हो पा रहा है। जबकि उक्त बैठकी बाजार के चबूतरों में सब्जी बाजार के अलावा अन्य दुकाने लगती आ रही है। चबूतरों में पक्के निर्माण कर लोगों के द्वारा गोदाम बनाकर रख लिया गया है। इससे फुटकर सब्जी विक्रेता एंव ग्रामीण क्षेत्रों से शहर आकर अपनी सब्जी दुकान चलाने बाले किसान व्यापारी लगातार हलाकान हो रहे हैं। बाजार के लिए आबंटित स्थल और चबूतरों में सब्जी की दुकान न लगाकर अन्य दुकानें लग रही है। जबकि कुछ चिन्हित सब्जी विक्रेताओं के द्वारा निर्धारित भूखंड से अधिक में कब्जा कर लिया जाना भी फुटकर सब्जी विक्रेताओं के लिए परेशानी का शबब बना हुआ है। इन परिस्थितियों में की गई शिकायतो के आधार पर पालिका प्रशासन के द्वारा दर्जनों नोटिस जारी कर व्यवस्था में सुधार लाने का तथाकथित प्रयास किया गया था। परंतु आज करीब एक वर्ष बीत जाने के बाद भी व्यवस्थाएं बदहाल ही बनी हुई है। कार्यवाही न की जाना अवैध कब्जा धारियों व सड़कों पर दुकान लगाने बाले व्यापारियों का सम्बल बढ़ा रहा है। लगातार शिकवा शिकायतो और अव्यवस्थित बुधवारी बाजार की सुर्खियां नगर की इस प्रमुख समस्या की ओर इंगित कर रही है। मगर जिस नगर में सब्जी व्यापार जैसी व्यवस्था सुधार न किया जा सके वहां नगर में विकास और सुंदरता का सपना केवल दिखावा ही कहा जा सकता है। नगर की बदहाली को बयां करती इस गंभीर समस्या के प्रति जबाबदारो को अपनी जबाबदेही तय कर नगर के साथ न्याय करने की आवश्यकता है।


## न्यायालय तहसीलदार, तहसील नैनपुर जिला मण्डला (म.प्र.)

### सार्वजनिक नोटिस / इश्तहार

जावक क्रमांक — मामला क्रमांक 0001/अ-20(3)/2026-27

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम उमरिया प.ह.34 रा.नि.मण्डल नैनपुर तहसील नैनपुर जिला मण्डला की भूमि खसरा नंबर 243/1 रकबा 8.043 हे. मे से 0.80 हे. भूमि सामुदायिक भवन व दूकान निर्माण हेतु आवटन के लिए आवेदक/शासकीय विभाग मुख्य नगरपालिका परिषद नैनपुर के द्वारा भूमि आवंटन की मांग हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय जिला मण्डला के न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय मे प्राप्त हुआ है।

अतः एतद द्वारा इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध मे जिस किसी को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 14/05/2026 को समय 11.00 बजे न्यायालय मे उपस्थित होकर अपदा दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

जारी दिनांक 28/04/2026

**तहसीलदार, तहसील नैनपुर**

संपादकीय

# तेज होगी तेल की धार

संयुक्त अरब अमीरात ने ओपेक और ओपेक प्लस से अलगाव की घोषणा की है, तो भारत के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति का एक और निश्चित मार्ग खुल गया है। यदि 1 मई को यूएई ओपेक से अलग हो जाता है, तो अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में प्रतिस्पर्द्धा की नई शुरुआत होगी, नतीजतन तेल की कीमतें भी गिरेंगी। ओपेक तेल उत्पादक और निर्यातक देशों का संगठन है। फिलहाल सऊदी अरब उसका नेतृत्व कर रहा है। करीब 59 साल उसका हिस्सा बने रहने के बाद यूएई ने अलग होने का फैसला किया है। उसके कई कारण हैं। ईरान युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पर ईरान की नाकेबंदी ने खासकर एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमरीका के देशों में गंभीर ऊर्जा-संकट पैदा कर दिया है। ऐसे में यूएई का फैसला कमोबेश भारत के लिए वरदान-सा है।

फिलहाल भारत करीब 140 अरब डॉलर का तेल सालाना खरीदता है। यदि तेल के दाम 1 डॉलर कम होते हैं, तो भारत का आयात बिल 10,000 करोड़ रुपए कम हो जाता है। यूएई के फैसले पर अमल किया जाता है, तो भारत सालाना 50,000 करोड़ रुपए से 1 लाख करोड़ रुपए तक की बचत कर सकता है। यह कोई सामान्य राशि नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि यूएई स्वतंत्र रूप से, तेल की कितनी भी मात्रा, भारत को निर्यात कर सकेगा और वह आपूर्ति निर्बाध भी होगी, क्योंकि रास्ता होर्मुज से अलग होगा। भारत अभी सबसे अधिक 15.7 लाख बैरल तेल हररोज रूस से खरीद रहा है। हमारी तेल की जरूरतों में यह रूस की 38 फीसदी से अधिक की हिस्सेदारी है। सऊदी अरब से औसतन 6.22 लाख बैरल कच्चा तेल और संयुक्त अरब अमीरात से 4.35 लाख बैरल तेल हररोज खरीदा जा रहा है। भारत को निरंतर और निर्बाध तेल के आयात की जरूरत है, लिहाजा यूएई ओपेक से अलगाव के बाद जैसे ही अपनी तेल-नीति तय करती है, तो उसमें भारत जैसे 'रणनीतिक साझेदार' देश के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। भुगतान की शर्तें भी लचीली हो सकती हैं और खरीद भारतीय मुद्रा 'रुपए' में हो सकती है। ईरान युद्ध के दौरान जब यूएई के तेल ठिकानों और रिफाइनरियों पर हमले किए गए और होर्मुज बंद किए जाने से सप्लाई चेन बाधित हुई, तो उस दौर में ओपेक यूएई के लिए 'सुरक्षा-कवच' साबित नहीं हो पाया। सऊदी के साथ तीखी बहसें जारी रहीं, क्योंकि यूएई अपना कोटा बढ़ाने की लगातार मांग कर रहा था और सऊदी उसे खारिज करता रहा था। ओपेक में रहते हुए यूएई अपनी क्षमता का 60-65 फीसदी ही तेल बेच पा रहा था। उत्पादन काफी था और भंडारण सीमित था। अब अलगाव के बाद यूएई अधिक तेल बेच पाएगा और ज्यादा कमाई कर मुनाफा भी हासिल कर सकेगा। भारत के लिए यह शुभ और सीधा-सपाट रास्ता है, क्योंकि अब अबू धाबी क्रूड ऑयल पाइपलाइन से होते हुए सीधा फुजैरा बंदरगाह तक पहुंचेगा। फुजैरा ओमान खाड़ी के तट पर है। वहां से तेल टैंकर सीधे अरब सागर में जाएंगे। होर्मुज पार करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। वहां से भारत के पश्चिमी तट की बंदरगाह बहुत दूर नहीं है। यह वैश्विक ऊर्जा राजनीति के लिए भी सकारात्मक संकेत है। दरअसल ओपेक एक 'कार्टेल' है, जो तेल की सप्लाई घटा कर कीमतें ज्यादा रखता है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप लंबे समय से इसकी आलोचना करते रहे हैं। उनका आरोप है कि ओपेक तेल महंगा कर दुनिया को लूट रहा है। अब यूएई के इससे अलग होने के बाद तेल की कीमतें 5-10 डॉलर प्रति बैरल कम भी हो सकती हैं। यूएई से आपूर्ति बढ़ने पर भारत के विकल्प भी बढ़ सकते हैं और वह किसी भी स्थिति में, किसी एक देश, के दबाव में नहीं रहेगा।

# 4 मई के बाद बदल जाएगी देश की राजनीति

संतोष कुमार पाठक

देश के चार राज्यों- असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल एवं एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम एग्जिट पोल भी सामने आ चुके है। इस बार का विधानसभा चुनाव , इस मायने में बहुत खास है कि इसमें देश के दो प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक दलों- कांग्रेस और बीजेपी के साथ ही तृणमूल कांग्रेस, डीएमके और एआईएडीएमके जैसे ताकतवर क्षेत्रीय दलों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। सबसे बड़ा सवाल तो लेफ्ट फ्रंट के दलों के सामने खड़ा हो गया है क्योंकि केरल की सत्ता हाथ से जाते ही उनके सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा। त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में तो लेफ्ट पार्टियां पहले ही साफ हो चुकी है।



जाहिर है कि इन पांच राज्यों/केंद्र शासित प्रदेश के चुनावी नतीजें सिर्फ इन राज्यों के मुख्यमंत्री ही तय नहीं करेंगे बल्कि दोनों गठबंधन- एनडीए एवं इंडिया को भी प्रभावित करेंगे। यह भी एक तथ्य है कि चाहे, चुनावी नतीजे जो भी आए लेकिन इसके बाद देश के दो प्रमुख राजनीतिक दलों में तेजी से बड़े बदलाव दिखाई देने लगेंगे।

बीजेपी ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर कई महीने पहले ही बदलाव की शुरुआत कर दी थी लेकिन वह बदलाव अभी संगठन के ढांचे और सरकार तक नहीं पहुंच पाया है। बताया जा रहा है कि चुनावी नतीजों के बाद नितिन नवीन की नई टीम के गठन के लिए उच्चस्तरीय बैठकों का दौर शुरू होगा। बीजेपी आलाकमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस बात की है कि वो बुजुर्ग हो चुके नेताओं को संगठन से बाहर रहने के लिए कैसे मना पाते हैं क्योंकि सबसे युवा अध्यक्ष चुनने के बाद पार्टी उनकी टीम को भी युवा नेताओं से ही भरना चाहती है। पार्टी के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में बीजेपी को पार्टी का फैसला लेने वाली सर्वोच्च ईकाई संसदीय बोर्ड, उम्मीदवारों का चयन करने वाली केंद्रीय चुनाव समिति के साथ ही राष्ट्रीय पदाधिकारियों और मोर्चों का पुनर्गठन करना है। पार्टी में नए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय प्रवक्ता, मीडिया सहित विभिन्न विभागों की टीम के साथ ही राष्ट्रीय मोर्चों का भी पुनर्गठन करना है। इसके बाद बदलाव की यही प्रक्रिया सरकार और राज्यों में भी की जानी है। नई टीम में एक तरफ जहां युवा और अनुभवी नेताओं का संतुलन बनाना होगा वहीं महिलाओं को भी ज्यादा से ज्यादा जगह देनी होगी। बताया जा रहा है कि 4 मई को चुनावी नतीजे आने के 10-15 दिनों के अंदर नितिन नवीन की नई राष्ट्रीय टीम का ऐलान हो सकता है और इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय का पूरा स्वरूप ही बदला-बदला नजर आएगा।

कांग्रेस में भी बड़े पैमाने पर बदलाव की शुरुआत आने वाले दिनों में होने जा रही है। मोदी-शाह की जोड़ी ने 46 वर्ष के नितिन नवीन को बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर राहुल और सोनिया गांधी के सामने दुविधा की स्थिति पैदा कर दी है। मल्लिकार्जुन खड़गे सुलझे हुए परिपक्व नेता तो हैं लेकिन 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को भी एक युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ युवा नेताओं की टीम तो खड़ी करनी ही पड़ेगी। हालांकि यह भी बताया जा रहा है कि राहुल गांधी अभी भी इस बात पर अड़े हुए हैं कि गांधी परिवार का कोई भी व्यक्ति पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनेगा। ऐसे में जाहिर से बात है कि कांग्रेस को राहुल और प्रियंका गांधी से इतर जाकर अन्य युवा नेताओं की तरफ देखना पड़ेगा। इस रेस में फिलहाल सचिन पायलट सबसे आगे बताए जा रहे हैं। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा, दोनों के चहेते नेता सचिन पायलट को आने वाले दिनों में कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है, अगर अशोक गहलोत ने पार्टी के बुजुर्ग नेताओं के साथ मिलकर कोई और खेला नहीं कर दिया तो। ध्यान दीजिएगा कि, यह अकारण नहीं है कि पिछले कुछ दिनों से गहलोत बार-बार पायलट की बगावत का किस्सा सुनाने में लगे हुए है। लेकिन अगर पायलट का नाम पीछे छूट भी गया तो भी राहुल गांधी को पार्टी के लिए नया और वो भी युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष तो ढूंढना ही पड़ेगा। कांग्रेस के अंदर वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे को लेकर भी सुगबुगाहट शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की गुटबाजी पर लगाम कसने के लिए खड़गे को मुख्यमंत्री बनाकर बेंगलुरू भेजा जा सकता है और उनकी जगह पर दिल्ली में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को बैठाया जा सकता है। जाहिर सी बात है कि अगर खड़गे कर्नाटक जाएंगे तो फिर पार्टी को राज्यसभा में भी अपना नया नेता चुनना पड़ेगा। नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय संगठन महासचिव भी किसी युवा नेता को ही बनाना पड़ेगा और उसके बाद कांग्रेस मुख्यालय में भी नए चेहरों की संख्या बढ़ जाएगी। यह तय मान कर चलिए कि बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन में मई के महीने में ही बदलाव होना तय है। हालांकि कांग्रेस में बदलाव की यह रफ्तार थोड़ी धीमी हो सकती है।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं**

# करुणा, शांति और आत्मजागरण के प्रकाशस्तंभ हैं गौतम बुद्ध



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

मानव सभ्यता के इतिहास में कुछ ऐसे महापुरुष हुए हैं, जिनका जीवन केवल एक युग तक सीमित नहीं रहता, बल्कि युगों-युगों तक मानवता के पथ को आलोकित करता है। गौतम बुद्ध ऐसे ही एक अद्वितीय प्रकाशस्तंभ हैं, जिनका करुणा, अहिंसा और आत्मजागरण का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना ढाई हजार वर्ष पूर्व था। बुद्ध पूर्णिमा का पावन दिवस केवल एक ऐतिहासिक स्मृति नहीं, बल्कि आत्मबोध, समता और शांति के उस दिव्य संदेश का पुनर्स्मरण है, जिसकी आज के हिंसाग्रस्त और तनावपूर्ण विश्व को अत्यंत आवश्यकता है। बुद्ध पूर्णिमा का दिन अद्वितीय है, क्योंकि इसी दिन गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञानप्राप्ति और महापरिनिर्वाण-तीनों घटनाएं घटित हुईं। नेपाल के लुम्बिनी में जन्मे सिद्धार्थ ने बोधगया में बोधिवृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया और कुशीनगर में निर्वाण को प्राप्त हुए। इस दृष्टि से यह दिन केवल एक महापुरुष का स्मरण नहीं, बल्कि जीवन की पूर्णता, जागरण और मुक्ति का प्रतीक है। आज विश्व के विभिन्न देशों- श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार, जापान, कोरिया और भारत में इसे विभिन्न नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। श्रीलंका में 'वेसाक' के रूप में दीपों और करुणा के उत्सव के रूप में यह दिन विशेष रूप से उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। गौतम बुद्ध एक प्रकाशस्तंभ है, जिसका प्रकाश केवल बाहरी दुनिया को ही नहीं, बल्कि भीतरी दुनिया को भी आलोकिक करता है। बुद्ध को सबसे महत्वपूर्ण भारतीय आध्यात्मिक महामनीषी, देवपुरुष, सिद्ध-संन्यासी, समाज-सुधारक धर्मगुरु माना जाता हैं। बुद्ध को भगवान विष्णु का नौवां अवतार भी माना जाता है, इस दृष्टि से हिन्दू धर्म में भी वे पूजनीय है। उन्हें धर्मक्रांति के साथ-साथ व्यक्ति एवं विचारक्रांति के सूत्रधार भी कह सकते हैं। उनकी क्रांतिवाणी उनके क्रांत व्यक्तित्व की द्योतक ही नहीं वरन् धार्मिक, सामाजिक विकृतियों एवं अंधरूढ़ियों पर तीव्र कटाक्ष एवं परिवर्तन की प्रेरणा भी है, जिसने असंख्य मनुष्यों का जीवन-निर्माण किया एवं उनकी जीवन दिशा को बदला। बुद्ध ने जब अपने युग की जनता को धार्मिक-सामाजिक, आध्यात्मिक एवं अन्य यज्ञादि अनुष्ठानों को लेकर अज्ञान में घिरा देखा, साधारण जनता को धर्म के नाम पर अज्ञान में पाया, नारी को अपमानित होते देखा, शुद्रों के प्रति अत्याचार होते देखे-तो उनका मन जनता की सहानुभूति में उद्वेलित हो उठा। लोकजीवन को ऊंचा उठाने के लिये उन्होंने जो हिमालयी प्रयत्न किये, वे अद्भुत और आश्चर्यकारी है। बुद्ध के अनुसार जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त करना है।



गौतम बुद्ध के बचपन का नाम सिद्धार्थ था, वे एक राजकुमार थे, किन्तु जीवन के दुख-जरा, व्याधि और मृत्यु ने उनके अंतर्मन को विचलित कर दिया। 29 वर्ष की आयु में उन्होंने राजवैभव का त्याग कर सत्य की खोज का मार्ग अपनाया। कठोर तप और साधना के पश्चात उन्होंने पाया कि न तो भोग का मार्ग उचित है और न ही अत्यधिक तप का। उन्होंने मध्यम मार्ग का सिद्धांत दिया-संतुलन, सजगता और समत्व का मार्ग। गौतम बुद्ध ने सारनाथ में अपना प्रथम उपदेश दिया, जिसे धर्मचक्र प्रवर्तन कहा जाता है। उनके चार आर्य सत्य-दुःख, दुःख का कारण, दुःख का निरोध और दुःखनिरोधगामिनी प्रतिपदा-मानव जीवन के गहन विश्लेषण और समाधान प्रस्तुत करते हैं। आज का विश्व युद्ध, आतंकवाद, हिंसा, असहिष्णुता और मानसिक तनाव से जूझ रहा है। ऐसे समय में बुद्ध का करुणा एवं शांति का संदेश अत्यंत प्रासंगिक हो उठता है। उन्होंने स्पष्ट कहा- द्वेष से द्वेष कभी समाप्त नहीं होता, प्रेम से ही द्वेष समाप्त होता है। यह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं, बल्कि सामाजिक और वैश्विक शांति का सूत्र है। यदि आज के राष्ट्र, समाज और व्यक्ति इस एक सिद्धांत को आत्मसात कर लें, तो अनेक संघर्षों का समाधान संभव हो सकता है।

महान करुणामूर्ति बुद्ध का एक अत्यंत महत्वपूर्ण संदेश है-अप्प दीपो भव अर्थात् अपना दीपक स्वयं बनो। यह संदेश व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनने, अपने भीतर प्रकाश खोजने और बाहरी सहारों से मुक्त होने की प्रेरणा देता है। बुद्ध का चिंतन हमें भीतर झांकने, मन को निर्मल करने और करुणा, मैत्री, मुदिता एवं उपेक्षा जैसे भावों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है। वे बताते हैं कि शांति बाहर नहीं, हमारे अंतर्मन में ही निवास करती है और जब मन जाग्रत होता है, तब अहंकार, क्रोध और हिंसा स्वतः विलीन हो जाते हैं। आज के अशांत और तनावग्रस्त वातावरण में बुद्ध का यह संदेश जन-जन को प्रेम, सह-अस्तित्व और सहिष्णुता की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है। आज जब व्यक्ति बाहरी उपलब्धियों, तकनीकी साधनों और भौतिक सुखों में उलझा हुआ है, तब यह संदेश उसे भीतर की यात्रा करने के लिए प्रेरित करता है। मानसिक शांति, संतुलन और आत्मसंतोष केवल बाहरी साधनों से नहीं, बल्कि भीतर की सजगता और जागरूकता से प्राप्त होते हैं।

बुद्ध पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का अवसर है। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि क्या हम बुद्ध के बताए मार्ग पर चल रहे हैं या केवल उनके उपदेशों का औपचारिक स्मरण कर रहे हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम बुद्ध को केवल पूजें नहीं, बल्कि उन्हें जियें। उनके विचारों को अपने व्यवहार में उतारें। करुणा, प्रेम, सहिष्णुता और समता को अपने जीवन का आधार बनाएं। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर एक बुद्ध को जागृत करेगा, तभी एक शांत, संतुलित और समतामूलक विश्व की स्थापना संभव होगी। यही बुद्ध पूर्णिमा का सच्चा संदेश है और यही मानवता के उज्ज्वल भविष्य की दिशा भी।

# श्रम का सम्मान ही भारत का सम्मान है



अनिरुद्ध सिंह 'कुसुम'

लेखक/पत्रकार

श्रम साधना की बिना कोई भी निर्माण संभव नहीं इमारत तब तक खड़ी नहीं रह सकती जब तक उसकी नींव मजबूत न हो। नींव दिखती नहीं, लेकिन उसी पर पूरा महल टिका होता है। हमारे देश की नींव भी ईंट-गारे की नहीं, बल्कि मजदूर के खून-पसीने की है। और वो नींव गढ़ने वाला कारीगर मजदूर है।

निर्माण का पहला पत्थर मजदूर ही रखता है ,सोचिए, आपके शहर की सड़क, पुल, मेट्रो, बांध, स्कूल, अस्पताल, फैक्ट्री-ये सब किसने बनाए? इंजीनियर ने नक्शा बनाया, अफसर ने फाइल चलाई, नेता ने फीता काटा, पर पहला गड्ढा किसने खोदा? ईंट किसने जोड़ी? सरिया किसने बांधा? जवाब है-मजदूर ने। डिजिटल इंडिया से विकसित भारत की बुनियाद में मजदूर ही है।

भाखड़ा-नांगल बांध से लेकर भिलाई स्टील प्लांट तक, दिल्ली मेट्रो से लेकर अटल टनल तक-हर बड़े निर्माण की बुनियाद में किसी मजदूर का पसीना मिला है। मजदूर वो नींव का वो पत्थर है जिस पर विकसित भारत की इमारत खड़ी हो रही है। श्रम का सम्मान ही देश का सम्मान है।

## सड़क से संसद तक, मजदूर के हाथ

सुबह की चाय की पत्ती तोड़ने से लेकर रात में हाईवे पर डामर बिछाने तक, स्कूल की बिल्डिंग से लेकर संसद भवन तक-हर जगह मजदूर का हाथ लगा है। किसान खेत में हल चलाता है तो हमारा पेट भरता है। खदान में मजदूर कोयला निकालता है तो फैक्ट्री चलती है। ईंट भट्ठे पर तपती दोपहर में काम करता है तो हमारे सिर पर छत आती है। यानी देश का पहिया घुमाने वाला असली इंजन मजदूर ही है।

## आजादी की लड़ाई से विकास की दौड़ तक

शिकागो के मजदूरों ने 1886 में 8 घंटे काम की लड़ाई लड़ी थी। उसी की याद में 1 मई को मजदूर दिवस मनाते हैं। अपने देश में भी अंग्रेजों के खिलाफ रेल, कपड़ा मिल, खदान के मजदूर सबसे पहले सड़कों पर उतरे थे। आजादी के बाद बांध बने, स्टील प्लांट लगे, मेट्रो दौड़ी-इन सबकी बुनियाद में किसी न किसी मजदूर का फावड़ा और हथौड़ा जरूर चला है।

## अर्थव्यवस्था का पहिया मजदूर घुमाता है

देश की GDP सिर्फ ऑफिस की AC में नहीं बनती। खेत में धान रोपता किसान, खदान में कोयला निकालता मजदूर, कपड़ा मिल में धागा कातता कारीगर, ईंट-भट्ठे पर काम करता श्रमिक-ये सब मिलकर उत्पादन करते हैं। भारत का 90% वर्कफोर्स असंगठित क्षेत्र में है। ये मजदूर ही हैं जो कच्चे माल को पक्के माल में बदलते हैं। निर्यात का डॉलर हो या घर की रोटी-हर चीज के पीछे मजदूर की भूमिका है। कोरोना में जब सब बंद था, तब भी यही बुनियादी मजदूर-सफाईकर्मी, डिलीवरी बॉय, फैक्ट्री वर्कर-देश को चला रहे थे।

## बुनियाद मजबूत, पर अनदेखी क्यों?

विडंबना यही है कि जिस मजदूर के कंधों पर देश खड़ा है, उसी की कमर सबसे ज्यादा झुकी है। न्यूनतम मजदूरी आज भी सम्मान से जीने लायक नहीं। हादसा हो जाए तो मुआवजे के लिए सालों भटकना पड़ता है। ठेके पर काम करने वाले को न छुट्टी मिलती है, न पेंशन। डिजिटल इंडिया की बात होती है, पर ईंट उठाने वाले के हाथ में आज भी स्मार्टफोन की जगह छाले हैं। बुनियाद को ही अगर नजरअंदाज करेंगे तो इमारत कितने दिन टिकेगी?

## बुनियाद को सींचना जरूरी

मकान की बुनियाद में दरार आ जाए तो पूरा मकान गिर जाता है। वैसे ही अगर मजदूर कमजोर हुआ तो देश की तरक्की खोखली हो जाएगी। देश की बुनियाद है मजदूर-ये सिर्फ नारा नहीं, चेतावनी भी है और जिम्मेदारी भी।इस 1 मई संकल्प लें कि जिस हाथ ने देश बनाया, अब देश उन हाथों को थामे। क्योंकि मजदूर हंसता है तो देश बसता है, और मजदूर रोता है तो विकास भी रो देता है।नेता भाषण देते हैं, अफसर योजना बनाते हैं, पूंजीपति पैसा लगाते हैं, पर देश को खड़ा करता है मजदूर। वो बुनियाद है जो दिखती नहीं, पर जिसके बिना कुछ भी नहीं टिकता। इसलिए अगली बार जब किसी ऊंची इमारत को देखें, तो उसकी चमक के साथ-साथ उसकी नींव को भी सलाम करें। क्योंकि देश की बुनियाद में सबसे पहली और सबसे पक्की ईंट मजदूर की है। मजदूर दिवस तभी सार्थक होगा जब हम उसके श्रम का वाजिब मूल्य धन्यवाद के साथ देंगे।

## 1 मई- सिर्फ छुट्टी का दिन नहीं

मजदूर दिवस का मतलब सिर्फ लाल झंडा और भाषण नहीं है। इसका मतलब है ये सोचना कि जो देश की बुनियाद है, उसे उसका हक कब मिलेगा। 8 घंटे काम, 8 घंटे आराम, 8 घंटे परिवार के लिए-ये नारा 138 साल पुराना है। पर आज भी करोड़ों मजदूर 12-14 घंटे खटते हैं। श्रम का सम्मान तभी होगा जब मेहनत का पूरा दाम मिलेगा, सुरक्षा मिलेगी, और बच्चों को स्कूल भेजने की हैसियत होगी। ये दिन है ये याद करने का कि देश की हर ईंट पर किसी मजदूर का नाम लिखा है। श्रमेव जयते सिर्फ नारा नहीं, नीति बनना चाहिए। मजदूर को पूरा दाम, सुरक्षित माहौल, बच्चों के लिए पढ़ाई, बुढ़ापे के लिए सहारा-ये देना ही असली राष्ट्र-निर्माण है।

## फिटनेस

फिटनेस पर प्रेरणादायक हिंदी कविता

स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है,
यही जीवन का
असली रतन है।
ना सोना-चांदी,
ना महल-दुकान,
तंदुरुस्ती से ही
बनती पहचान।
सुबह की दौड़,
हल्की कसरत,
देती तन को नई ताकत।
पसीना बहाओ,
आलस भगाओ,
अपने अंदर
जोश जगाओ।
जंक फूड से दूरी रखो,
हरी सब्ज़ियों से यारी रखो।
पानी पियो भर-भर के तुम,
बीमारियों से रहो हरदम गुम।
हर दिन थोड़ा
समय निकालो,
खुद को बेहतर
बनाने में लगाओ।
आज जो मेहनत
तुम करोगे,
कल उसी का
फल तुम पाओगे।
फिट शरीर, खुशहाल मन,
यही है जीवन का सच्चा धन।
चलो आज से ये ठान लें,
स्वस्थ जीवन को पहचान लें।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ह्यूमन इंटेलिजेंस (भाग-2)



एडवोकेट डी.सी. सागर

भूतपूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक (पुलिस वीरता पदक का प्रथम बार और अन्य राष्ट्रीय व राजकीय सम्मानों से अलंकृत)

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ह्यूमन इंटेलिजेंस के संसार को जानने के तरीके में मौलिक अंतर उनकी ज्ञानमीमांसा में निहित है। मानवीय बुद्धिमत्ता विवेक द्वारा शासित होती है। जब एक न्यायाधीश फैसला सुनाता है, तो वह केवल सांख्यिकीय गणना नहीं कर रहा होता है। वह 'कानून की भावना', आरोपी के सामाजिक-आर्थिक संदर्भ और राष्ट्र की नैतिक नब्ज को तौल रहा होता है। मानवीय सीख कारण-प्रधान है; हम यह समझने की कोशिश करते हैं कि कोई चीज़ क्यों हुई। इसके विपरीत, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अनुकूलन द्वारा शासित होता है। एआई 'सत्य' को नहीं समझता; वह लॉस फंक्शन को कम करता है। स्टोकेस्टिक ग्रेडिएंट डिसेंट नामक प्रक्रिया के माध्यम से, एआई अपनी भविष्यवाणियों और प्रदान किए गए डेटा के बीच के अंतर को कम करने के लिए अपने आंतरिक वेट्स और बायस को बार-बार समायोजित करता है। बैकप्रोपैगेशन नामक प्रक्रिया में कैलकुलस के चेन रूल का उपयोग करके, मॉडल समय के साथ कम गलत होना 'सीखता' है। यह 'ब्लैक बॉक्स' समस्या की ओर ले जाता है। हम एआई की इन्फ्रेंस गति की प्रशंसा कर सकते हैं, हम अक्सर इसकी व्याख्यात्मकता के साथ संघर्ष करते हैं। हमें पता है कि एआई एक सही निष्कर्ष पर पहुँचा है, लेकिन खरबों पैरामीटर्स के माध्यम से उसने जो रास्ता अपनाया, वह अक्सर अपारदर्शी होता है। मानवीय बुद्धिमत्ता प्राथमिक 'ऑडिट लेयर' बनी हुई है, जो वह अर्थ प्रदान करती है जिसकी मशीन में कमी है।



## राष्ट्रीय विजन में उपयोगिता: 2047 की ओर

जैसे-जैसे भारत 2047 में स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर बढ़ रहा है, एचआई और एआई के बीच तालमेल एक राष्ट्रीय अनिवार्यता बन गया है। हम एक 'संप्रभु डिजिटल संपत्ति' का निर्माण कर रहे हैं जो एक विकसित राष्ट्र की रीढ़ होगी।

## कानूनी साक्षरता और नई संहिताएँ

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संक्रमण के साथ, डेटा की मात्रा विशाल है। एआई एक नैचुरल लैंग्वेज कंपाइलर के रूप में कार्य करता है, जो इन उच्च-स्तरीय कानूनों को लेकर 'जेन जेड' और 'अल्फा' पीढ़ियों के लिए सुलभ मार्गदर्शन में बदल देता है।

**साइबर-वित्तीय संप्रभुता :** 'डिजिटल अरेस्ट' घोटालों के इस युग में, एआई एक भविष्य बताने वाले संतरी के रूप में कार्य करता है। एनामली डिटेक्शन एल्गोरिदम का उपयोग करके, यह किसी भी मानवीय टास्क फोर्स की तुलना में तेजी से अरबों लेनदेन में धोखाधड़ी के पैटर्न की पहचान कर सकता है।

**सेंटॉर मॉडल :** 2047 के सबसे सफल पेशेवर 'सेंटॉर' होंगे, वे व्यक्ति जो मानवीय बुद्धिमत्ता के नैतिक एडमिन राइट्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तकनीकी थ्रूपुट के साथ जोड़ते हैं।

## तुलनात्मक विश्लेषण: एक विवरणात्मक संश्लेषण

जब हम इन अवधारणाओं को तुलनात्मक दृष्टिकोण में पिरोते हैं, तो हमें एक सुंदर समानता दिखाई देती है -

**आधार :** एचआई जैविक और एनालॉग है; एआई डिजिटल और बाइनरी है।

**ऊर्जा :** एचआई एक ऊष्मप्रवैगिकी चमत्कार है; एआई एक कंप्यूटेशनल दैत्य है।

**सीखना :** एचआई सहज और विरल है; एआई सांख्यिकीय और सघन है।

**कनेक्टिविटी :** एचआई सहानुभूति और इंद्रियों का उपयोग करता है; एआई एपीआई और प्रोटोकॉल का उपयोग करता है। मानव मस्तिष्क अपनी नैतिक दृष्टि के आधार पर स्वयं को प्रोग्राम करने में सक्षम एकमात्र कंप्यूटर बना हुआ है। एआई डेटा के वैश्विक स्तर पर संश्लेषण में सक्षम एकमात्र कंप्यूटर बना हुआ है। एक 'हृदय' प्रदान करता है, और दूसरा 'हार्ड-ड्राइव'।

## नैतिक क्षितिज और अंतिम प्रशस्ति

एआई का गुणगान करना अपने ही मन का आईना बनाने में अपनी प्रतिभा का उत्सव मनाना है। हमने भौतिकी के नियमों और तर्क के नियमों को एक ऐसी डिजिटल इकाई में पिरो दिया है जो हमें पैमाने, समय और जटिलता की समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है। हम एआई की लेटेंट स्पेस, इसकी सेल्फ-अटेंशन मैकेनिज्म और इसकी सृजनात्मक शक्ति के लिए उसकी सराहना करते हैं। हालांकि, हमें अपना सर्वोच्च सम्मान मानवीय बुद्धिमत्ता के लिए सुरक्षित रखना चाहिए। एचआई इस ग्रह का 'रूट एडमिन' है। यह मानवीय भावना ही थी जिसने पहली बार एआई बनाने का फैसला किया। यह मानवीय विवेक ही है जो यह सुनिश्चित करता है कि हमारे संविधान का 'स्वर्ण त्रिभुज' एक जीवित वास्तविकता बना रहे, न कि केवल एक डेटाबेस में टोकन का एक क्रम। जैसे-जैसे हम 2047 की ओर बढ़ रहे हैं, हम मशीन से डरते नहीं हैं; हम इसे एक साथी के रूप में गले लगाते हैं। हम पहचानते हैं कि बाइनरी एक उपकरण है, एपीआई एक सेतु है, और एल्गोरिदम एक सेवक है। भविष्य उस समाज का है जो सिलिकॉन की गति को आत्मा के ज्ञान के साथ तालमेल बिठा सके।

## निष्कर्ष : संप्रभु एकीकरण

संक्षेप में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधुनिक युग की सूचना चुनौतियों का फुल-स्टैक समाधान है। यह वेट्स, बायस और ट्रांसफॉर्मर की एक तकनीकी उत्कृष्ट कृति है। फिर भी, यह मानवीय बुद्धिमत्ता है जो संदर्भ, करुणा और कमान प्रदान करती है। इन दोनों शक्तियों को एकीकृत करके, हम एक ऐसी संप्रभु बुद्धिमत्ता बनाते हैं जो इसके हिस्सों के योग से कहीं अधिक महान है। यही विकसित भारत का मार्ग है, एक ऐसा राष्ट्र जहाँ तकनीक की 'बाइनरी' और मानवता की 'आत्मा' न्याय, स्वतंत्रता और समृद्धि के भविष्य की ओर एक साथ कदम बढ़ाती हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता का संदेश दिया: राजनाथ

नई दिल्ली (वार्ता)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने भूभाग पर आतंकवादी हमलों के बाद अब केवल कूटनीतिक बयान जारी करने की पुरानी मानसिकता तक सीमित नहीं है बल्कि आगे बढ़कर निर्णायक कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सिंह ने गुरुवार को यहां एक राष्ट्रीय सुरक्षा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने स्पष्ट रुख अपनाया है कि किसी भी परिस्थिति में आतंकवाद का कोई भी कृत्य सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक, हवाई हमलों और ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ सरकार के दृढ़ संकल्प का प्रतीक बताया।

उन्होंने कहा, आतंकवाद एक विकृत और विक्षिप्त मानसिकता से उत्पन्न होता है। यह मानवता पर एक काला धब्बा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला नहीं है, यह मूल रूप से मानवता के मूल्यों की रक्षा की लड़ाई है। यह एक बर्बर विचारधारा के खिलाफ संघर्ष है जो हर मानवीय मूल्य के सीधे विरोध में खड़ी है। हमने इस भारतीय दृष्टिकोण को देश के भीतर और विदेशों में स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब तक आतंकवाद मौजूद रहेगा, यह सामूहिक शांति, विकास और समृद्धि को चुनौती देता रहेगा। उन्होंने कहा,आतंकवाद को धार्मिक रंग देकर या इसे नक्सलवाद जैसी हिंसक विचारधारा से जोड़कर उचित ठहराने के प्रयास किए जाते हैं। यह अत्यंत खतरनाक है और एक प्रकार से आतंकवादियों को आड़ प्रदान करता है ताकि वे धीरे-धीरे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकें। आतंकवाद केवल राष्ट्र-विरोधी कृत्य नहीं है, इसके कई आयाम हैं-संचालनात्मक, वैचारिक और राजनीतिक। इससे तभी निपटा जा सकता है जब हम इन सभी आयामों पर काम करें।

पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को लगातार समर्थन दिए जाने पर श्री सिंह ने कहा, भारत और पाकिस्तान दोनों ने एक ही समय पर स्वतंत्रता प्राप्त की थी। हालांकि आज भारत को विश्व स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के लिए जाना जाता है, जबकि पाकिस्तान को एक अलग प्रकार के आईटी यानी अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का केंद्र माना जाता है।



रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सशस्त्र बलों की एकजुटता और समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय थल सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना ने एकजुट होकर और एकीकृत योजना के तहत कार्य किया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारत की सैन्य शक्ति अब अलग-अलग हिस्सों में काम नहीं करती, बल्कि यह एक संयुक्त, एकीकृत और वैश्विक शक्ति के रूप में उभरी है।

श्री सिंह ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अपनी शर्तों पर और अपने चुने हुए समय पर अंजाम दिया, और इसे पूरी तरह अपनी शर्तों पर ही रोका। उन्होंने कहा, इस अभियान के दौरान हमने अत्यंत सटीकता के साथ केवल उन लोगों को निशाना बनाया जिन्होंने हमारे खिलाफ हमला किया था। हमने अभियान इसलिए नहीं रोका कि हमारी क्षमताएं समाप्त हो गई थीं या कम हो गई थीं। हमने इसे पूरी तरह अपनी शर्तों पर समाप्त किया। हम लंबे समय तक संघर्ष जारी रखने के लिए पूरी तरह तैयार थे। हमारे पास आवश्यक अतिरिक्त क्षमता और अचानक संकट के समय अपनी क्षमताओं को तेजी से बढ़ाने की अंतर्निहित शक्ति है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत का सैन्य-औद्योगिक ढांचा लगातार यह साबित करता रहा है कि वह न केवल शांति काल की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार है, बल्कि युद्ध के समय तेज आपूर्ति और रसद की मांगों को भी पूरा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि उस अवधि के दौरान भारत ने परमाणु हमले की धमकी या दबाव में आए बिना अपने निर्धारित उद्देश्यों को पूरा किया। उन्होंने कहा, यह नई विश्व व्यवस्था है, यह नए वैश्विक युग का नया भारत है। यह वह भारत है जो आतंकवाद और उसे प्रायोजित करने वालों के बीच कोई अंतर नहीं करता। यह हमारे प्रधानमंत्री की स्पष्ट नीति है, जिसने बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत को रूपांतरित किया है।रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को प्रतिरोधक क्षमता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यद्यपि यह अभियान केवल 72 घंटों के भीतर समाप्त हो गया, लेकिन इसके पहले की तैयारी व्यापक और लंबी थी। उन्होंने बताया कि भारत की अतिरिक्त क्षमता, संसाधनों को तेजी से जुटाने की क्षमता, रणनीतिक भंडार और स्वदेशी रूप से विकसित हथियारों की सिद्ध विश्वसनीयता अब प्रतिरोधक नीति के अभिन्न अंग बन चुके हैं। श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के परिणामस्वरूप वैश्विक धारणा में उल्लेखनीय बदलाव और स्वदेशी हथियारों तथा रक्षा उत्पादों की विश्वसनीयता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा ,कई देशों ने भारत से हथियार और रक्षा उपकरण खरीदने में गहरी रुचि दिखाई है। आंकड़े स्वयं इसकी पुष्टि करते हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 62.66 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। हम इन मानकों को और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जर्मनी की अपनी हाल की यात्रा पर रक्षा मंत्री ने कहा कि यूरोप की प्रमुख कंपनियां हमारे निजी रक्षा उद्योग और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक हैं, जो भारत की बढ़ती विश्वसनीयता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत की मजबूत स्थिति केवल उसकी सैन्य शक्ति से ही नहीं, बल्कि प्रतिरोधक क्षमता स्थापित करने की योग्यता से भी सुदृढ़ हुई है। प्रतिरोधक क्षमता के स्वरूप में तेजी से हो रहे बदलाव को रेखांकित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि साइबर क्षेत्र, अंतरिक्ष युद्ध और सूचना प्रौद्योगिकी इसके महत्वपूर्ण घटक बन गए हैं, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इस परिवर्तन के केंद्र में है। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उपयोग की गई ब्रह्मोस जैसी अत्याधुनिक मिसाइल प्रणालियों से लेकर विभिन्न निगरानी प्लेटफार्मों तक, एआई का व्यापक और प्रभावी उपयोग किया गया है। इससे हमारी सटीकता और प्रहार क्षमता में वृद्धि हुई है।

# ईरान जब तक परमाणु हथियार बनाने की जिद नहीं छोड़ता तब तक नाकेबंदी जारी रहेगी: ट्रम्प

वाशिंगटन,(वार्ता)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को ईरान को परमाणु समझौते की शर्तों पर सहमत होने की चेतावनी देते हुए कहा है कि ऐसा न होने पर अमेरिका उसके बंदरगाहों की नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखेगा और आर्थिक दबाव बढ़ाएगा। श्री ट्रम्प ने दोहराया कि यदि ईरान परमाणु हथियार बनाना जारी रखता है, तो उसके साथ कभी कोई समझौता नहीं होगा। दूसरी ओर, ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल नागरिक उद्देश्यों के लिए है।

अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम ईरान के ताजा प्रस्ताव पर चर्चा कर रही है, जिसमें ईरान ने पहले होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और नाकेबंदी हटाने का सुझाव दिया है, जबकि परमाणु वार्ता को स्थगित करने की बात कही है।



नाकेबंदी जारी रखने के श्री ट्रंप के फैसले से वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमतें गुरुवार को 125 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुँच गईं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस रणनीति का बचाव करते हुए कहा कि नाकेबंदी प्रत्यक्ष सैन्य कार्रवाई से अधिक प्रभावी हो सकती है। उन्होंने ईरान से जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया और कहा कि अधिकारी जरूरत पड़ने पर महीनों तक नाकेबंदी जारी रखने के तरीके खोज रहे हैं। अमेरिकी नीति निर्माताओं का मानना है कि लंबे समय तक लगे प्रतिबंध अंततः ईरान को तेल उत्पादन रोकने के लिए मजबूर कर सकते हैं। यह संघर्ष अब दसवें सप्ताह में प्रवेश कर चुका है, जबकि इसके चार से छह सप्ताह में सुलझने की उम्मीद थी। होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रतिबंधित रहने से वैश्विक आपूर्ति से प्रतिदिन लगभग दो करोड़ बैरल तेल कम हो रहा है। अमेरिका की इस लंबी नाकेबंदी की तैयारी से एशियाई अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। क्षेत्र के कई देश ऊर्जा आपूर्ति के लिए इस जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं और कचे तेल, प्राकृतिक गैस, प्लास्टिक तथा उर्वरकों की आपूर्ति में कमी महसूस की जा रही है। इस बीच, पाकिस्तान की मध्यस्थता की कोशिशें भी विफल रही हैं। श्री ट्रम्प ने कहा कि यदि ईरान बातचीत करना चाहता है तो वह कॉल कर सकता है। उन्होंने बताया कि अभी टेलीफोन के माध्यम से बातचीत हो रही है। एक्सियोस के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प नाकेबंदी को बमबारी से अधिक प्रभावी मानते हैं। हालांकि, सूत्रों का यह भी कहना है कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड बातचीत के गतिरोध को तोड़ने के लिए ईरान पर शक्तिशाली हमलों की तैयारी कर रहा है लेकिन मंगलवार रात तक श्री ट्रंप ने किसी हमले का आदेश नहीं दिया था।

दूसरी ओर, ईरान ने संकल्प लिया है कि जब तक वह खतरा महसूस करेगा, होर्मुज जलडमरूमध्य में यातायात बाधित करना जारी रखेगा।

## अमेरिका जर्मनी में अपने सैनिकों को कम करने की संभावना पर विचार कर रहा है: ट्रंप

**मास्को, (वार्ता)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान की जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ की आलोचना के बाद कहा है कि अमेरिका, जर्मनी में अपने सैनिकों को कम करने की संभावना पर विचार कर रहा है और इस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। श्री ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी में सैनिकों की संभावित कटौती की समीक्षा कर रहा है, जिस पर आने वाले कुछ ही समय में निर्णय लिया जाएगा। श्री मर्ज़ ने सोमवार को नॉर्थ राइन-वेस्टफेलिया राज्य में छात्रों को संबोधित करते हुए स्वीकार किया था कि पश्चिमी देशों ने पश्चिमी एशिया संघर्ष के संदर्भ में ईरान को कम करके आंका है। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस क्षेत्र में एक लंबे टकराव में फंसने का जोखिम उठा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान बातचीत की प्रक्रिया में अमेरिका की तुलना में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर रहा है।

# इंडोनेशिया और जापान के रिश्तों में बढ़ेगी गर्माहट, चिड़ियाघर में साथ दिखेंगे कोमोडो ड्रैगन

नई दिल्ली



इंडोनेशिया और जापान के बीच एक समझौता हुआ है, जिसके तहत इंडोनेशिया जापान को विलुप्तप्राय कोमोडो ड्रैगन का एक जोड़ा देगा। यह समझौता 29 अप्रैल को दोनों देशों के चिड़ियाघरों के बीच हुआ, जिसका मकसद संरक्षण को बढ़ावा देना बताया गया है। इस पांच साल के समझौते को आगे बढ़ाया भी जा सकता है। इसके तहत इंडोनेशिया के सुराबाया चिड़ियाघर को जापान के शिजुओका प्रांत के आईजू से रेड पांडा, जिराफ, एल्डाब्रा के विशाल कछुए और दो मादा जापानी मकाक मिलेंगे। आईजू के निदेशक त्सुयोशी शिरावा ने कहा कि यह सिर्फ जानवरों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि दोनों देशों के बीच एक मजबूत रिश्ता बनाने का प्रयास है। इंडोनेशिया के पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लंबे समय तक वन्यजीव संरक्षण है। हालांकि, पशु अधिकार संगठन पेटा एशिया ने इस समझौते पर चिंता जताई है। संगठन का कहना है कि जापान में पैदा होने वाले ड्रैगन कैद में ही जीवन बिताने को मजबूर होंगे। पेटा एशिया के अध्यक्ष जेसन बेकर ने कहा कि असली संरक्षण वहीं है, जहां ये जीव अपने प्राकृतिक आवास में रहते हैं, न कि उन्हें बाहर भेजकर। इंडोनेशिया सरकार ने स्पष्ट किया कि कोमोडो ड्रैगन का संरक्षण उनके प्राकृतिक आवास में ही सबसे बड़ी प्राथमिकता है। अधिकारियों का कहना है कि इस समझौते से जापान के लोग और पर्यटक इंडोनेशिया के कोमोडो नेशनल पार्क में आकर इन जीवों को उनके प्राकृतिक वातावरण में देख सकेंगे। यह समझौता अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत किया गया है, जो विलुप्तप्राय प्रजातियों के व्यापार को नियंत्रित करता है। कोमोडो ड्रैगन दुनिया की सबसे बड़ी छिपकली है, जो केवल कोमोडो नेशनल पार्क और फ्लोरेस द्वीप के आसपास पाई जाती है। 2019 के आंकड़ों के अनुसार, इनकी संख्या करीब 3458 रह गई थी। ये जीव इंसानी गतिविधियों और जलवायु परिवर्तन के कारण खतरे में हैं। कई जगह इनके शिकार की कमी हो रही है, और कभी-कभी इंसानों के साथ संघर्ष में भी इनकी मौत हो जाती है।

# भाजपा ने महिलाओं के लिए सिर्फ़ वादे किये हैं, ज़मीन पर कुछ नहीं किया: नवीन

भुवनेश्वर, (वार्ता)

ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि वह महिलाओं के अधिकारों के बारे में सिर्फ़ ज़ुबानी बातें करती है, उनके सशक्तिकरण के लिए कोई ठोस कदम उठाने में नाकाम रही है। ओडिशा विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी पर हुई बहस में हिस्सा लेते हुए श्री पटनायक ने आरोप लगाया कि भाजपा महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर झूठे आख्यान गढ़कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को हमेशा के लिए धोखा नहीं दिया जा सकता। ओडिशा में महिलाओं के कल्याण की असलियत भाजपा के दावों से बिल्कुल अलग है। विधायिका में महिला आरक्षण और परिसीमन ने जुड़े संविधान संशोधन विधेयक का ज़िक्र करते हुए, श्री पटनायक ने कहा कि दो अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा हो रही है। पहला नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 जिसे संसद में सर्वसम्मति से पारित किया गया था और दूसरा परिसीमन की प्रक्रिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले से ही पारित हो चुके महिला आरक्षण विधेयक को परिसीमन की प्रक्रिया से जोड़ना एक 'गुपचुप चाल' है, जिसका मकसद इसके प्रभावों पर पर्याप्त चर्चा किए बिना परिसीमन को आगे बढ़ाना है।

# राजग सरकार से छह महीनों में ही प्रदेशवासी उदासीन हो चुके है : तेजस्वी

पटना, (वार्ता)

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर हमला करते हुए गुरुवार को कहा कि महज छह महीनों में ही प्रदेशवासी सरकार से उदासीन हो चुके हैं। श्री यादव ने आज बयान जारी कर कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद छह महीने के भीतर ही राज्य ने दो मुख्यमंत्री देख लिए, जिससे सरकार की स्थिरता और दिशा पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस अवधि में सरकार का लगभग 46.03 प्रतिशत समय व्यर्थ चला गया, जबकि अब तक न तो स्पष्ट नीतियां तय हो सकी हैं और न ही ठोस कार्यक्रम सामने आए हैं।



नेता प्रतिपक्ष श्री यादव ने कहा कि एक पखवाड़े से केवल तीन लोग ही बिहार चला रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधूरे मंत्रिमंडल के साथ सीमित लोगों द्वारा बिना पर्याप्त विमर्श के निर्णय लिए जा रहे हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत है। उन्होंने राजग नेतृत्व पर सत्ता के लिए नैतिक मूल्यों की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने विशेष रूप से नीतीश कुमार का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले वर्षों में बार-बार सरकार के गठन और पुनर्गठन से प्रशासनिक अस्थिरता बढ़ी है, जिससे शासन व्यवस्था प्रभावित हुई है।

श्री यादव ने कहा कि राज्य वर्तमान में नौकरशाही के दबाव, भ्रष्टाचार, कमजोर कानून-व्यवस्था, आर्थिक चुनौतियों और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने दावा किया कि इन परिस्थितियों में आम जनता युवा, महिला, छात्र, किसान, कर्मचारी और व्यापारी सरकार से निराश हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जो सरकार स्वयं समस्याओं में उलझी हो, वह जनता की समस्याओं का समाधान करने में सक्षम नहीं हो सकती है।

## पाकिस्तान का अमेरिका के साथ डबल गेम

# ईरान के लिए खोले 6 रास्ते ऑन होगा ट्रंप का एक्शन मोड

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने ईरान के लिए छह नए जमीनी व्यापार मार्ग खोल दिए हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवाद खड़ा हो गया है। इन रास्तों के जरिए ईरान अब रूस, चीन और अन्य देशों के साथ व्यापार कर सकेगा। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ईरान के खिलाफ समुद्री रास्तों पर सख्त रोक लगाने की कोशिश कर रहा है। पाकिस्तान ने इन मार्गों की आधिकारिक जानकारी इस हफ्ते दी है, ताकि ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए होने वाले व्यापार पर निर्भर न रहे। अमेरिकी विशेषज्ञों का कहना है कि इससे ईरान को अमेरिकी दबाव से बचने में मदद मिल सकती है। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञ डेरेक जे ग्रॉसमैन ने पाकिस्तान के इस कदम की आलोचना की है। उनका कहना है कि इससे अमेरिका की रणनीति कमजोर हो सकती है। पाकिस्तान का यह कदम ईरान को अमेरिकी नाकेबंदी से बचने में मदद देगा और वह अपना तेल व्यापार जारी रख सकेगा। उनके अनुसार, यह अमेरिका के साथ डबल गेम जैसा है, जिससे दोनों देशों के रिश्तों पर असर पड़ सकता है। इस फैसले के बाद पाकिस्तान की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठने लगे हैं। इजराइल ने पहले ही पाकिस्तान को मध्यस्थ के रूप में भरोसेमंद नहीं माना था। ईरान की ओर से भी संकेत मिले हैं कि वह पाकिस्तान को पूरी तरह निष्पक्ष नहीं मानता।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# ऋषि कपूर ने पैसे देकर खरीदा था फिल्म बॉबी के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का अवॉर्ड

बॉलीवुड में अपने सदाबहार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले ऋषि कपूर को फ़िल्म बॉबी के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था, लेकिन इसके पीछे की सच्चाई उन्होंने खुद ऑटोबायोग्राफी खुल्लम खुल्ला में बताते हुए कहा था कि उन्होंने यह अवॉर्ड पैसे देकर खरीदा था। ऋषि कपूर ने अपने सिने करियर की शुरूआत अपने पिता की निर्मित फिल्म मेरा नाम जोकर से की । वर्ष 1970 में प्रदर्शित इस फिल्म में ऋषि कपूर ने 14 वर्षीय लड़के की भूमिका निभाई जो अपनी शिक्षिका से प्रेम करने लगता है । अपनी इस भूमिका को ऋषि कपूर ने इस तरह निभाया कि दर्शक भावविभोर हो गये। फिल्म 'मेरा नाम जोकर' के लिए ऋषि को बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट का नेशनल अवॉर्ड मिला था। इससे जुड़ा एक किस्सा उन्होंने अपनी ऑटोबायोग्राफी 'खुल्लम खुल्ला' में बताते हुए कहा था, जब मैं मुंबई लौटा तो मेरे पिता ने उस अवॉर्ड के साथ मुझे अपने दादा जी पृथ्वीराज कपूर के पास भेजा। मेरे दादा जी ने वो मेडल अपने हाथ में लिया और उनकी आंखें भर आईं। उन्होंने मेरे माथे को चूमा और कहा, 'राज ने मेरा कर्जा उतार दिया। फिल्म 'मेरा नाम जोकर' से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा है। जब राज कपूर ने ऋषि कपूर को फिल्म 'मेरा नाम जोकर' में अपने बचपन का रोल दिया तो वे स्कूल में पढ़ा करते थे। फिल्म में काम करने के दौरान ऋषि स्कूल नहीं जा पाते थे और ये बात उनके टीचर्स को बिल्कुल पसंद नहीं थी।आखिर एक दिन ऐसा आया जब स्कूलवालों ने ऋषि कपूर को स्कूल से निकाल दिया। जब ये बात राज कपूर को पता चली तो उन्होंने काफी मशक्कत के बाद स्कूल में फिर से ऋषि कपूर का एडमिशन करवाया। फिल्म मेरा नाम जाकर भारतीय सिनेमा इतिहास में मील का पत्थर मानी जाती है, लेकिन उन दिनों फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गयी थी। इस फिल्म को पूरा करने में काफी समय लगा था। बताया जाता है कि राज कपूर को अपनी पत्नी के गहने भी बेचने पड़े थे। टीनएज प्रेम कथा पर आधारित वर्ष 1973 में प्रदर्शित फिल्म बॉबी के लिये राजकपूर ने अपने बेटे ऋषि कपूर और 16 साल की डिंपल कपाड़िया को चुना था। बतौर अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया की भी यह पहली ही फिल्म थी। बेहतरीन गीत-संगीत और अभिनय से सजी इस फिल्म की जबरदस्त कामयाबी ने न सिर्फ डिंपल कपाड़िया,बल्कि ऋषि कपूर को भी शोहरत की बुंलदियों पर पहुंचा दिया। राज कपूर पर चढ़ा कर्ज भी उतर गया। फिल्म बॉबी के लिये ऋषि कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था, लेकिन इसके पीछे की सच्चाई ऋषि कपूर ने खुद ऑटोबायोग्राफी खुल्लम खुल्ला में बताते हुए कहा था कि उन्होंने यह अवॉर्ड पैसे देकर खरीदा था। इस बात का उन्हें ताउम्र मलाल रहा था। फिल्म बॉबी की सफलता के बाद ऋषि कपूर की जहरीला इंसान, जिंदादिल और राजा जैसी फिल्में प्रदर्शित हुयी,लेकिन कमजोर पटकथा और निर्देशन के कारण ये फिल्में टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी।






# हीरामंडी के 2 साल पूरे : ताहा शाह बदुशा ने ओवरनाइट सक्सेस की बजाय छोटे-छोटे क़दमों से पाई बड़ी सफलता

वेबसीरिज़ हीरामंडी के प्रदर्शन के आज दो साल पूरेहो गये हैं। हीरामंडी भले ही ताहा शाह बदुशा के करियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट बना, लेकिन उनकी शुरुआत इससे काफी पहले लव का दी एंड से हुई थी। एक नए चेहरे के तौर पर उन्होंने अपनी क्षमता की झलक जरूर दिखाई, लेकिन जैसा अक्सर होता है, शुरुआती पहचान लंबे समय तक सफलता की गारंटी नहीं बनती। इसके बाद उन्होंने एक अनिश्चित इंडस्ट्री में अपने लिए रास्ता बनाते हुए कई उतार-चढ़ाव देखे, जिनमें कभी काम और कभी ठहराव के साथ शामिल थी बिना किसी पक्की पहचान के आगे बढ़ते रहने का जज़्बा। यही वजह है कि संजय लीला भंसाली जैसे फिल्ममेकर की हीरामंडी में उनका कास्ट होना खास मायने रखता है। भंसाली अपने बारीक विज़न और गहरी कहानी कहने के लिए जाने जाते हैं, जहां कलाकारों से एक अलग स्तर की गहराई की उम्मीद की जाती है। ऐसे में ताहा की मौजूदगी वहां संयोग नहीं थी, बल्कि यह उनके वर्षों के धैर्य और अपने काम के प्रति समर्पण का परिणाम था। यही वजह है कि आज दो साल बाद भी, जब दर्शक हीरामंडी में उनके किरदार को याद करते हैं, तो यह बात साफ हो जाती है कि ताहा की सफलता रातों रात मिली सफलता का परिणाम नहीं, बल्कि एक लंबे सफर का निष्कर्ष था। बस बात इतनी सी है कि दर्शकों ने उन्हें तब पहचाना, लेकिन उस पहचान की नींव काफी पहले रखी जा चुकी थी।

# रणवीर सिंह की फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग अगस्त 2026 से होगी शुरू



बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग अगस्त 2026 से शुरू होगी। 'धुरंधर' फ्रेंचाइज़ की रिकॉर्ड तोड़ सफलता के बाद अब सभी की नजरें रणवीर सिंह की अगली फिल्म पर हैं। रणवीर सिंह ने पहले ही निर्देशक जय मेहता की पोस्ट-एपोकैलिप्टिक थ्रिलर 'प्रलय' के लिए हामी भर दी है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रणवीर सिंह और निर्देशक के बीच क्रिएटिव मतभेद के कारण फिल्म में रुकावट आ गई है,लेकिन प्रोडक्शन हाउस से जुड़े एक सूत्र ने इन खबरों को खारिज करते हुए साफ किया कि 'प्रलय' पूरी तरह ट्रैक पर है और इसकी शूटिंग अगस्त 2026 में शुरू होने वाली है। सूत्र ने बताया, फिल्म 'प्रलय' को लेकर किसी भी तरह की अनिश्चितता की खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं। रणवीर और जय लगातार चर्चा में हैं और स्क्रिप्ट को पूरी तरह फाइनल कर लिया गया है। फिल्म अब प्री-प्रोडक्शन चरण में पहुंच चुकी है और पूरी टीम भारतीय सिनेमा में पहले कभी न देखे गए भव्य स्तर का निर्माण करने की तैयारी में जुटी है। फिलहाल योजना के अनुसार 'प्रलय' अगस्त 2026 में फ्लोर पर जाएगी। इस फिल्म को एक बड़े स्तर की, वीएफएक्स से भरपूर एक्शन थ्रिलर बताया जा रहा है, जो एक पोस्ट-एपोकैलिप्टिक और डिस्टोपियन दुनिया में आधारित है। 'प्रलय' में ज़ॉम्बी जॉनर को हिंदी सिनेमा में पहले से बिल्कुल अलग अंदाज में पेश किया जाएगा। जय मेहता पिछले साल से इस प्रोजेक्ट पर जुनून के साथ काम कर रहे हैं और इसे करीब 300 करोड़ रुपये के बड़े बजट पर बनाने की योजना है। फिल्म की कहानी जय मेहता और 'लूटेरे' के लेखक विशाल कपूर ने लिखी है। इस फिल्म का निर्माण हंसल मेहता की ट्रू स्टोरी फिल्म्स और रणवीर सिंह की मा कसम फिल्म्स मिलकर, अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ साझेदारी में कर रहे हैं। रणवीर सिंह 'प्रलय' के जरिए एक बिल्कुल नए और अनछुए क्षेत्र में कदम रखने को लेकर काफी उत्साहित हैं और इस फिल्म में उनका लुक भी पूरी तरह नया होगा।

# आगामी नेशनल लोक अदालत के संबंध में बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ आयोजित हुई बैठक



नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

आगामी नेषनल लोक अदालत दिनांक 09.05.2026 में अधिक से अधिक मोटर दावा क्लेम प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य राजीनामा संभव हो सके इस उद्देष्य से दिनांक 30.04.2026 को जिला न्यायालय के सभाकक्ष मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अखिलेष शुक्ला की अध्यक्षता मे न्यायाधीषगणों, बीमा कंपनियों एवं पक्षकारों के अधिवक्ताओ एवं जिला प्राधिकरण के अधिकारियों की उपस्थिति मे बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक मे प्रधान न्यायाधीष महोदय द्वारा प्रत्येक बीमा कंपनी एवं पक्षकारों के अधिवक्ताओ से वन टू वन चर्चा कर राजीनामा योग्य क्लेम प्रकरणो को चिन्हित करने एवं आगामी नेषनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणो का राजीनामा के माध्यम से निराकरण करने पर जोर दिया गया। बैठक मे उपस्थित अधिवक्ताओ से अधिक से अधिक प्री-सिटिंग बैठको के आयोजन में पक्षकारो के प्रकरणो को रखने एवं उन्हे प्रोत्साहित कर आगामी नेषनल लोक अदालत मे अधिक से अधिक क्लेम प्रकरणो के निराकरण का आव्हान किया। उक्त बैठक मे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेष मीणा, व्यवहार न्यायाधीष श्री धर्मेन्द्र नागवंषी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री राजेष सक्सेना, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री एच.के. टुटेजा, श्री राहुल सिंह, श्री अरविंद सोनी, श्री उमेष शर्मा, श्री पी.एस. राजपूत, श्री धर्मेन्द्र केवट एवं बीमा कंपनी व पक्षकारो के अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। उक्त के साथ ही एडीआर सेंटर में विभिन्न बैको के अधिकारियो की भी बैठक आयोजित की गई जिसमे नेषनल लोक अदालत में रखे जाने की एवं लंबित व प्री-लिटिगेषन प्रकरणो के सफल निराकरण पर आवष्यक दिषा-निर्देष प्रसारित किए गए।



## आनंद गोउत्पाद केन्द्र द्वारा गौ-आधारित उत्पादों अब रेलवे स्टेशन परिसर में उपलब्ध

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

स्थानीय स्तर पर गौ-आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने और स्वदेशी परंपराओं के संरक्षण हेतु आनंद गोउत्पाद केन्द्र द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। केन्द्र के माध्यम से गोबर से निर्मित श्री गणेश जी की प्रतिमाएं, गमले, दीये एवं विभिन्न प्रकार के डेकोरेशन आर्टिकल्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही हवन सामग्री और गोमूत्र से निर्मित स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद भी लोगों तक पहुंचाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है, बल्कि लोगों को प्राकृतिक एवं पारंपरिक उत्पादों के उपयोग के प्रति जागरूक करना भी है। गोबर और गोमूत्र से बने ये उत्पाद पूरी तरह से प्राकृतिक, सुरक्षित और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माने जाते हैं। कार्यक्रम का रेलवे स्टेशन परिसर में दुकान का उद्घाटन किया गया है, जहां से सेवा-सहयोग के भाव से इस अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस प्रयास में आनंद समाज कल्याण समिति एवं मां शारदा गौशाला, वृंदावन नगरी, केरपानी का विशेष योगदान रहा है। आयोजकों ने आमजन से अपील की है कि वे अधिक से अधिक गौ-उत्पादों का उपयोग करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त हो सके। समिति के सदस्यों का कहना है कि हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा के संकल्प के साथ हम समाज को रासायनिक वस्तुओं के स्थान पर प्राकृतिक गौ-उत्पादों के उपयोग हेतु प्रोत्साहित कर रहे हैं। इससे न केवल पर्यावरण की रक्षा होगी, बल्कि %माँ शारदा गौशाला, वृंदावन नगरी केरपानी% के माध्यम से गौ-वंश का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में जय नारायण शर्मा सुनील जाट शशिकांत मिश्रा संजय मांझी मुकेश शुभम एवं गुरुजी की सहभागिता एवं रहीआने वाले समय मे सितंबर गौ पॅथी ,पंचगव्य चिकित्सा द्वारा समाज को आरोग्य, सुख समाधान देने का सकंल्प लिया गया है।

# कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में स्व-गणना कैंप का किया निरीक्षण



### समस्त कर्मचारियों को स्व-गणना कराने के निर्देश

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बुधवार को जिला चिकित्सालय में संचालित जनगणना के अंतर्गत स्व-गणना कैंप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनगणना कार्य की प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा एवं सिविल सर्जन डॉ. आरके चौधरी को निर्देशित किया कि जिला चिकित्सालय में पदस्थ सभी अधिकारी, कर्मचारी, सफाई कर्मचारी एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की स्व-गणना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि जनगणना कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो सके। जनगणना कार्य में संलग्न कर्मचारियों द्वारा वार्ड-वार्ड जाकर आम नागरिकों एवं अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों को जागरूक करते हुए स्व-गणना के लिए प्रेरित किया गया। इसके परिणामस्वरूप कैंप में लगभग 100 व्यक्तियों द्वारा स्व-गणना कराई गई। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

# ऐईओ स्तर पर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु विशेष कैम्प आयोजित

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

विभागीय योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन तथा शेष कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा के निर्देशानुसार पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नरसिंहपुर में प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा के नेतृत्व में विशेष कैम्प आयोजित किया गया।कैम्प में नामांकन वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के अंतर्गत शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की जानकारी एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर शत-प्रतिशत दर्ज करने का कार्य किया गया। इसके साथ ही फर्नीचर संबंधी विवरण, अपार आईडी निर्माण, पाठ्यपुस्तक



वितरण, साइकिल वितरण, लैपटॉप योजना, परीक्षा परिणाम, ब्रिज कोर्स अंतर्गत बेसलाइन टेस्ट परिणाम, इंटरैक्टिव पैनल की जानकारी, पद संरचना, जल गंगा संवर्धन अंतर्गत कार्य तथा समस्त लोक सेवकों की स्व-गणना (जनगणना कार्य) जैसी विभिन्न योजनाओं की प्रविष्टि एवं सत्यापन भी संपन्न हुआ। ई-सर्विस बुक सत्यापन कार्य को विशेष प्राथमिकता दी गई। ए.ई.ओ. एमएलबी अंतर्गत कार्यरत लोक सेवकों द्वारा एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर अपनी ई-सेवा पुस्तिका प्रोफाइल पूर्ण कर अपडेट, लॉक तथा आवश्यक दस्तावेजों की नस्ती तैयार कर संकुल में उपस्थित होकर कंप्यूटर कक्ष में सत्यापन कराया गया। ऑनलाइन वेरिफिकेशन हेतु प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा द्वारा गठित समिति में श्रीमती गायत्री सोनी, मोतीलाल कश्यप, अक्षय शर्मा, विवेक मिश्रा, नीरज पटैल, एम.एन. पाठक, कमल पटेल, राजकुमार पटैल, स्वतंत्र खरे, नवनीत चौपड़ा, प्रकाश विश्वकर्मा, राहुल सोनेटेके एवं अभिषेक कछवाहा अनुराग चौहानने समस्त लोक सेवकों की ई-सेवा पुस्तिका का ऑनलाइन सत्यापन कार्य मिशन मोड में पूर्ण किया।

# कौरव समाज ने मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

### मुख्यमंत्री के बयान को लेकर कौरव समाज में आक्रोश

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गाडरवारा में उस वक्त माहौल गरमा गया जब कौरव समाज के लोग बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए। हाथों में बैनर और नारेबाजी के बीच समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर अपना विरोध जताया। दरअसल, 23 अप्रैल को नरयावली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा महाभारत के द्रौपदी चीरहरण प्रसंग



का उदाहरण देते हुए कौरवों की तुलना कांग्रेस पार्टी से किए जाने का आरोप है। इसी बयान को लेकर समाज में नाराजगी लगातार बढ़ रही है। आज सुबह करीब 11 बजे गाडरवारा के छीपा तिराहा, जिसे राठी तिराहा भी कहा जाता है, पर समाज के लोग एकत्र हुए और जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान च्च्बयान वापस लोज्ज और च्च्समाज का अपमान बंद करोज्ज जैसे नारे लगाए गए।

**प्रदर्शनकारियों का कहना है-**

मुख्यमंत्री का यह बयान हमारे समाज का अपमान है। वे सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। गाडरवारा थाना प्रभारी अशोक सिंह चौहान, एसडीओपी ललित सिंह डांगुर, तहसीलदार सहित पुलिस, राजस्व, नगरपालिका और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर तैनात रही। पुतला दहन के दौरान स्थिति बिगड़ने पर प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन के जरिए पानी का छिड़काव भी किया गया। फिलहाल कौरव समाज ने मुख्यमंत्री से माफी की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो विरोध प्रदेश स्तर तक बढ़ाया जाएगा।

## किसानों को दे राहत दिए निर्देश

**मण्डला(स्वातंत्रमत)।** कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशानुसार बी-पैक्स मंडला के उपार्जन केंद्र आमानाला में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। तेज गर्मी और धूप से बचाव के लिए केंद्र पर किसानों के लिए टेंट की व्यवस्था की गई है ताकि वे छाया में बैठ सकें और अपना उपार्जन कार्य कर सकें। केंद्र में ठंडे पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ ग्रीन नेट के माध्यम से टेंट तैयार किया गया है, ताकि किसानों को धूप से राहत मिल सके। इन व्यवस्थाओं से किसान संतुष्ट और प्रसन्न नजर आए।

## टीबी मरीजों को पोषण सहयोग हेतु फूड बास्केट प्रदान किए गए

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिला क्षय नियंत्रण केंद्र द्वारा एक सराहनीय पहल के अंतर्गत 12 टीबी मरीजों को पोषण सहयोग हेतु फूड बास्केट प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी मरीजों के उपचार के साथ-साथ उनके पोषण स्तर में सुधार करना है, जिससे वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें।इस अवसर पर जिले की कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उनके साथ स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख डॉ. मनीष मिश्रा एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. देवेंद्र रिपुदमन सिंह भी मौजूद रहे। कलेक्टर द्वारा स्वयं मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए गए तथा उन्होंने टीबी उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि टीबी के इलाज में पोषण का विशेष महत्व है, और इसी उद्देश्य से निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत मरीजों को सहायता प्रदान की जा रही है।इस अवसर पर टीबी विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।जिला प्रशासन द्वारा आमजन से अपील की गई कि टीबी एक पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है, अतः लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं और उपचार पूरा करें।

# मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान



**मण्डला(स्वातंत्रमत)।** शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पालक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम ऐतिहासिक रहा। कक्षा 10वीं में कुल 218 विद्यार्थियों में से 31 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए जबकि 201 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। वहीं कक्षा 12वीं में 253 विद्यार्थियों में से 10 ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए तथा 236 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विशेष रूप से 130 विद्यार्थियों का चयन मुख्यमंत्री लैपटॉप योजना के लिए हुआ। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय पदमी की ओर से विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को नीट, जेईई एवं सीयूईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मेरिट के आधार पर पुस्तकें वितरित की गईं। अंत में बोर्ड परीक्षा प्रभारी बी.के. चौरसिया ने आभार व्यक्त किया।

## संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस ड्रोन से करेंगी गश्त

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में मंडला पुलिस द्वारा जिले में अपराध नियंत्रण एवं अपराधों की रोकथाम हेतु आधुनिक तकनीक आधारित निगरानी एवं सघन जांच अभियान निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। पुलिस का उद्देश्य सख्ती एवं तकनीक के समन्वय से असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। इसी क्रम में मंडला शहर के अपराध संभावित स्थलों, सुनसान क्षेत्रों एवं संदिग्ध गतिविधियों वाले स्थानों पर उच्च गुणवत्ता कैमरों से युक्त ड्रोन के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। ड्रोन के माध्यम से अंधेरे एवं संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है जिससे असामाजिक तत्वों में पुलिस की प्रभावी उपस्थिति का संदेश जा रहा है। इसके अतिरिक्त पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग वाहनों के माध्यम से शहर एवं संवेदनशील क्षेत्रों में प्रतिदिन गश्त की जा रही है। विशेष रूप से कुंभ स्थल, सहस्त्रधारा, संगम, हाईवेज, डाबा एवं अन्य स्थानों पर थाना कोतवाली की महिला सुरक्षा पैट्रोलिंग टीम द्वारा प्रतिदिन शाम के समय गश्त कर महिलाओं एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। मंडला पुलिस द्वारा नशा जुआ एवं अन्य अवैध गतिविधियों के संभावित स्थलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। वहीं बीडीडीएस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन बस स्टैंड, प्रमुख चौराहों बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर नियमित एवं आवश्यकतानुसार जांच अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बीडीडीएस टीम द्वारा नैनपुर रेलवे स्टेशन में संघन जांच की गई।




## कार्यालय नगरपालिका परिषद करेली, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

(Main Road, Kareli Phone: 07793-270046 Email: cmokareli@mpurban.gov.in)

पत्र क्र.913/ई-टेण्डर/2026-27 — करेली, दिनाक - 29/04/20

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई एम टी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_500346_1 29.04.2026 | नगर पालिका परिषद, करेली अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये जल प्रदाय सामग्री प्रदाय कार्य। | 10 माह 2000000.00 | 2000.00 20000.00 | 04.06.2026 |
| 2. | 2026_UAD_500350_1 29.04.2026 | नगर पालिका परिषद, करेली अतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये डब्ल्यूटी प्लाट अंतर्गत पाईप लाईन व अन्य सुधार कार्य हेतु सामग्री प्रदाय कार्य। | 10 माह 9500000.00 | 10000.00 71.300.00 | 04.06.2026 |
| 3. | 2026_UAD_500344_1 29.04.2026 | नगर पालिका परिषद करेली के लिये वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु निर्माण सामग्री प्रदाय कार्य। | 10 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 18.05.2026 |
| 4. | 2026_UAD_500345_1 29.04.2026 | नगर पालिका परिषद करेली अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के लिये मोटर पंप मरम्मत / सुधार कार्य। | 10 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 18.05.2026 |
| 5. | 2026_UAD_500347_1 29.04.2026 | नगर पालिका परिषद, करेली अंतर्गत वित्त वर्ष 2026-27 के लिये स्टेशनरी सामग्री प्रदाय कार्य। | 10 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 18.05.2026 |
| 6. | 2026_UAD_500348_1 29.04.2026 | नगर पालिका परिषद, करेली अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये विभिन्न कार्यालयीन प्रिंटिंग कार्य। | 10 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 18.05.2026 |
| 7. | 2026_UAD_500351_1 29.04.2026 | नगर पालिका परिषद करेली के लिये वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु लेखन/पेटिंग कार्य/पुताई कार्य आदि की सेवा प्रदाय कार्य। | 10 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 18.05.2026 |
| 8. | 2026_UAD_500352_1 29.04.2026 | नगर पालिका परिषद, करेली को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये किराये पर टेन्ट सामग्री प्रदाय कार्य। | 10 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 18.05.2026 |
| 9. | 2026_UAD_500353_1 29.04.2026 | निकाय हेतु 10 एच.पी. पनडुब्बी मोटर पंप (Openwell Vertical Motor Pump) प्रदाय कार्य। | 1 माह 310000.00 | 2000.00 3100.00 | 18.05.2026 |
| 10. | 2026_UAD_500354_1 29.04.2026 | नगर पालिका परिषद करेली अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये विभिन्न कार्यालयीन फ्लेक्स प्रिटिंग कार्य। | 10 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 18.05.2026 |
| 11. | 2026_UAD_500355_1 29.04.2026 | नगर पालिका परिषद करेली के लिये बित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु किराये पर मशीनरी उपलब्ध कराने का कार्य। | 10 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 18.05.2026 |
| 12. | 2026_UAD_500362_1 29.04.2026 | नगर पालिका परिषद, करेली अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये कम्प्यूटर सामग्री/सेवा प्रदाय कार्य। | 10 माह 500000.00 | 2000.00 5000.00 | 18.05.2026 |

नोट निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, करेली**


## खेल प्रशिक्षण शिविर आज से

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिले में युवाओं और बच्चों को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से 1 मई से 31 मई तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आरोह 2026 मस्ती की पाठशाला का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिला मुख्यालय सहित मण्डला के सभी ब्लॉकों में संचालित होगा जिसमें 20 खेलों में 2000 से अधिक खिलाड़ियों को 50 प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में योजना भवन मण्डला में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने की। पुलिस अधीक्षक सकलेचा ने कहा कि यह शिविर खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर देगा और जिले में नई खेल प्रतिभाओं की पहचान होगी।

# मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिए निर्देश

## शाला जाने योग्य हर बच्चे का शाला में प्रवेश कराएं

### स्वास्थ्य सेवाओं की कलेक्टर्स संवेदनशीलता से मॉनीटरिंग करें

कटनी (स्वतंत्र मत)।

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शासन की उच्च प्राथमिकता की योजनाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए अच्छे प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए कलेक्टर्स तत्परता से प्रयास करें। शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करें। ऐप के माध्यम से प्रदेश में 6 साल की आयु पूरा करने वाले 10.45 लाख बच्चे चिन्हित किए गए हैं। इनका शाला में प्रवेश कराएं। आंगनवाड़ी केन्द्रों तथा स्कूलों के कोलोकेशन में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करें।



आंगनवाड़ी केन्द्र भवन के लिए जमीन बस्ती के आसपास चिन्हित करें। आवश्यक होने पर कलेक्टर मद परिवर्तन करके स्कूल और आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए जमीन उपलब्ध कराएं। इस दौरान कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष से कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार और वन मंडलाधिकारी गर्वित गंगवार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा वर्चुअली जुड़े रहे। इनके अलावा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की भी मौजूदगी रही। मुख्य सचिव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की कलेक्टर संवेदनशीलता से मानीटरिंग करें। माह में कम से कम दो बार समीक्षा बैठक आयोजित कर मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर पर नियंत्रण की समीक्षा करें। गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, अति कुपोषित बच्चों के एनआरसी में भर्ती, सीवियर, निमिक गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा की समीक्षा करें।

कलेक्टर्स अस्पतालों तथा दवा स्टोर का निरीक्षण करें। विकासखण्ड स्तर तक बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमले को सचेत करें। सबके सहयोग से ही स्वास्थ्य सूचकांक बेहतर होंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि ज्ञान भारतम अभियान के तहत पाण्डुलिपियों का सर्वे करके उन्हें संरक्षित कराएं। सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। इसमें सौ दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत करें। लोक सेवा गारंटी योजना में चिन्हित सेवाएं तय समय सीमा में दें। समय सीमा का पालन न करने वालों पर कार्यवाही करें। स्वामित्व योजना के प्रकरण केवल कुछ जिलों में ही शेष हैं। इनका 15 दिवस में निराकरण कराएं। सभी कलेक्टर्स स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों की समीक्षा करें। श्रम विभाग की संबल योजना तथा मानधन योजना के लिए पात्र श्रमिकों का पंजीयन कराएं। मुख्य सचिव ने कहा कि गेंहू उपार्जन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश का कोटा बढ़ा दिया गया है।

सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जन के लिए बारदाने, तौलकांटे तथा अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। अब किसान 23 मई तक उपार्जन के लिए स्लॉट बुक कर सकते हैं। प्रत्येक खरीदी केन्द्र में तैनात नोडल अधिकारी के माध्यम से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। वृंदावन ग्राम योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए अन्य योजनाओं के साथ कन्वर्जेंस कराएं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की सतत निगरानी करें। पूर्ण एकल नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कराकर इनका नियमित संचालन कराएं। बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने कहा कि सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक एवं दुर्घटना रोकने के अलग-अलग प्रयासों के कारण प्रदेश में सड़क दुर्घटना एवं इससे होने वाली मौतों में कमी आई है।

राहवीर योजना, प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना राहत योजना तथा ई डॉर योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करें। नशामुक्त भारत अभियान के तहत लगातार कार्यवाहियाँ की जा रही हैं। जनवरी से अप्रैल माह तक नशे के अवैध व्यापार के 818 प्रकरण दर्ज कर 120 करोड़ रुपए के मादक पदार्थों की जब्ती की गई है। इसकी मानीटरिंग के लिए एनकोर समिति की हर माह बैठक करें। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, जनमन योजना, निक्षय भारत अभियान, पंचायतों की आय के स्त्रोत बढ़ाने, वनाधिकार अधिनियम के तहत सामूहिक दावों के निराकरण, मिशन अंकुर, जल गंगा संवर्धन अभियान तथा धरती आबा अभियान की समीक्षा की गई।

## कुलदेवी माता महा लक्ष्मी जी एवं भगवान श्री अग्रसेन जी महाराज की 29 वीं महाआरती

कटनी (स्वतंत्र मत)। कुलदेवी महालक्ष्मी जी एवं भगवान श्री अग्रसेन जी की महाआरती का क्रम निरंतर जारी है। महाआरती समाज में एक सकारात्मक ऊर्जा के साथ ही श्रृद्धा- भक्ति और समाज को एक जूट करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। भगवान श्री अग्रसेन जी के आदर्शों को आत्मसात कर एक-ईट एक-रुपये के सिद्धांत को अपनाकर समाज कल्याण की दिशा में भी अग्रसर हो रहा है। महाआरती में अग्रबंधु जजमानी कर पुण्य लाभ भी अर्जित कर रहे हैं। 29वीं महाआरती की जजमानी- विष्णु, संजय, आशीष, डॉ. राजुल अग्रवाल परिवार द्वारा की गई है समाज के अग्रजनो की उपस्थिति सराहनी रही। परसोत्तम अग्रवाल, अशोक, सुरेश चंद्र, नरवर, किशोर कुमार, स्वामी प्रसाद, कंछेदी लाल, अनूप, जीवनलाल, आनंद राज, श्याम बिहारी, रामकुमार, संजीव, अशोक, बंसल, अंबिकेश, भरत, हर्षवर्धन, गोपाल कृष्ण, जगदीश, अनुराग घनश्याम, राजकुमार, मोहन कुमार, अतुल, मुकुल मित्तल, वैभव, आशीष, सागर, ऋषि राज, कमलकांत, रविकांत, आकाश, हर्ष, शौर्य महिलाओं में आशा, रानी, पुष्पा, रेखा, उमा, अलका, सुमन, वर्षा, रीना, नेहा, नीति, रीता, आकांक्षा, किरण, सीमा, रश्मि, मीरा, सरिता, सीमा, निशा, संगीता, रश्मि, माया, निमिषा, कुमारी आन्या, कुमारी नबीका, महाआरती में शामिल होकर इस एतिहासिक पल के साक्षी बनें और महाआरती समूह द्वारा प्रारंभ इस अभिनव पहल से समाज को गौरान्वित कर रहे हैं।



## बड़वारा में भीषण सड़क हादसा

# डंपर और कार की जोरदार भिड़ंत में चार लोगो की मौत, दो गंभीर

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** कटनी जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसाडी के पास गुरुवार सुबह करीब 5 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक अनियंत्रित हाईवा डंपर ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों का जिला अस्पताल कटनी में उपचार जारी है, जहाँ उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नरसिंहपुर जिले के सगोरिया निवासी रघुवंशी परिवार के सदस्य एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बरही थाना क्षेत्र के पिपरिया कला खिरहनी आए थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद रात करीब 02 बजे पांचों सदस्य- अनिल रघुवंशी, राकेश रघुवंशी, अरुण रघुवंशी, अभिषेक रघुवंशी और गजेंद्र रघुवंशी कार द्वारा वापस नरसिंहपुर के लिए रवाना हुए थे। मृतक के परिजन भैरव सिंह रघुवंशी ने बताया कि जैसे ही उनकी कार बसाडी चौराहे के समीप पहुँची, सामने से आ रहे डंपर क्रमांक एमपी 50 एच 1383 के चालक ने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए कार को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में अनिल, राकेश और अरुण रघुवंशी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही बड़वारा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे घायलों और शवों को बाहर निकाला। अभिषेक और गजेंद्र को तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश जारी है।

# जॉइंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना की समाज सेविकाओं ने ली शपथ

## जॉइंट्स फेडरेशन ने आहना की समाजसेविकाओं को दिलाई शपथ



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जॉइंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना के शपथ ग्रहण समारोह में ग्रुप की सभी समाजसेविकाओं ने शामिल होकर सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है की भावना से शपथ ग्रहण की। इस समारोह में आहना ग्रुप की 10 बोड मेंबर के साथ 37 सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। जहां जॉइंट्स ग्रुप ऑफ कटनी आहना की अध्यक्ष के तौर पर वाणी गट्टानी ने शपथ ली। इस समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर अनामिका स्कूल की प्रिंसिपल अनामिका मिश्रा वाजपेई और लघु उद्योग की महिला अध्यक्ष नीति ठाकुर शामिल रही। साथ ही जॉइंट्स फेडरेशन ग्रुप से फेडरेशन मेंबर दीपिका शर्मा, प्रिया श्रीवास्तव, दीपाली गुप्ता, सुषमा गोस्वामी, रंगेश गोयंका, रनवीर करण, मनीषा गौतम, मंजू बाला सिंह ने भी इस समारोह में शिरकत की। समारोह में विशिष्ट अतिथि अनामिका मिश्रा ने कहा कि समाज सेवा करने का तरीका बदलना चाहिए लोग गरीबों को समान बताते हैं। लेकिन हमें जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। गरीबों को सरकार भी सुविधा देती हैं लेकिन मिडिल क्लास वर्ग में ऐसे बहुत सारे लोग हैं जो अपने परिवार और बच्चों की ज़रूरतें पूरी नहीं कर पाते। वहीं विशिष्ट अतिथि नीति ठाकुर ने कहा कि भिक्षा देने की जगह लोगों को रोजगार या फिर रोजगार के काबिल बनाने की जरूरत है। सेवा करने के लिए किसी भी कला में शिक्षित करना जरूरी है। इस समारोह में जॉइंट्स फेडरेशन ग्रुप सहेली की सीनियर मेंबर गौरी साहू ने भी शिरकत की। आपको बता दें इस दौरान आहना ग्रुप की समाज सेविकाओं ने कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्यों को गुल्लक वितरण किया। जिसका उद्देश्य रोजाना गुल्लक में कुछ पैसे जमा करके जरूरतमंद की मदद करना होगा। आहना की समाज सेविकाओं ने मिलकर एक जरूरतमंद लड़की के शादी के सामान की व्यवस्था कर, लड़की के परिवार को उपलब्ध कराया। इस कार्यक्रम में निशा गुप्ता, कविता लालवानी, स्वाति नायक, वंदना गट्टाणी, उपासना बजाज, शालिनी बजाज, रश्मि गट्टाणी, सिमरन माहेश्वरी, रश्मि राय, रत्ना अग्रवाल, मुक्ता अग्रवाल, सोनिया चौरसिया, शिल्पी माहेश्वरी, चंचल अग्रवाल, राशि सुहाने, शिखा गुप्ता, स्मिता सोमानी, प्रीति बिलैया, अर्चना संगतानी, आरती राय, पूजा बहरे, शिवानी बर्मन, पूजा गुप्ता, सौम्या गट्टाणी, मनीषा मंगलानी, निधि गोयनका, शिखा आदि की उपस्थित रही।



## निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आज

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आज शुक्रवार 1 मई को प्रात: 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर ने इस समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित विभागों को अपने विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति से संबंधित अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# मुख्यमंत्री करेंगे उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण

## किसी भी समय, कहीं भी उतर सकता है मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर

कटनी (स्वतंत्रमत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में उपार्जन केंद्र पर चल रही गेहूँ उपार्जन की प्रक्रिया का आने वाले दिनों में आकस्मिक निरीक्षण करेंगे और किसानों से संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री यह भी देखेंगे कि निर्देशानुसार शासन-प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाएं किसानो को प्राप्त हो रही है या नहीं।

### किसानों भाइयों के लिये उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाएँ

उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी, बैठने के लिए छायादार स्थान, जन सुविधाएं आदि की व्यवस्थाएं की गई हैं। किसानों को समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय में किसी प्रकार की परेशानी न हो एवं उपज विक्रय के लिए इंतजार न करना पड़े इसके लिये किसानों को जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किसानों को गेहूँ की तौल के लिये इंतजार नहीं करना पड़े इस हेतु उपार्जन केन्द्रों में तौल कांटों की संख्या बढ़ाकर 6 कर दी गई है और अधिक तौल कांटे बढ़ाने की सुविधा अब जिलो को दी गई है। गेहूँ के लिये एफएक्यू मापदंड में शिथिलता प्रदान की गई है। चमक विहीन गेहूँ की सीमा 50 प्रतिशत तक की गई है। सूकड़े दाने की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक की गई है। क्षतिग्रत दानों की सीमा बढ़ाकर 6 प्रतिशत तक की गई है। किसानों के उपज की तौल समय पर हो सके इसके लिये बारदाने, तौल कांटे, हम्माल तुलावटी, सिलाई मशीन, कम्प्यूटर, नेट कनेक्शन, कूपन, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण, उपज की साफ-सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि व्यवस्थाएं उपार्जन केन्द्र पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके, इसके लिये उपार्जन केन्द्रों पर प्रतिदिन, प्रति उपार्जन केन्द्र पर गेहूं विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 2250 क्विंटल किया गया है, इसे जिले और अधिक बढ़ा कर प्रति केन्द्र 3000 क्विंटल कर सकते हैं। किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। किसानों की सुविधा के लिए खरीदी के लिये प्रत्येक शनिवार को भी स्लॉट बुकिंग एवं उपार्जन का कार्य जारी रहेगा। किसानों के हित में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी किसानों तक पहुँचाने के उद्देश्य से जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किये गये पोस्टर एवं बैनर उपार्जन केन्द्रों में लगाये गये हैं।

# सीटी स्कैन मशीन दो दिन से बंद, निजी सेंटरों पर लुटने मजबूर मरीज

## जिला चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ रही स्वास्थ्य सेवाएं

कटनी (स्वतंत्रमत)।

स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से जहां एक तरफ राज्य सरकार मरीजों को बेहतर से बेहतर उपचार मुहैया कराने का प्रयास कर रही है तो कटनी जिले में इन सुविधाओं का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बद से बदतर होती जा रही है। आए दिन होने वाली अव्यवस्थाओं के बीच अब पिछले दो दिनों से अस्पताल की सीटी स्कैन मशीन खराब पड़ी है। इस खराबी के कारण गंभीर बीमारियों और दुर्घटनाओं का शिकार होकर अस्पताल पहुंचने वाले दर्जनों मरीजों को बिना जांच के ही मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। बुधवार को अस्पताल पहुंचे अमदरा ग्राम निवासी राजेश शर्मा ने बताया कि वे एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों की स्थिति जानने के लिए सीटी स्कैन कराने की सलाह दी थी। राजेश पिछले दो दिनों से अस्पताल के चकर काट रहा है लेकिन मशीन खराब होने की बात कहकर उन्हें लौटा दिया जाता है। उसने बताया कि मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं कि मैं किसी निजी सेंटर में जाकर हजारों रुपये खर्च कर सीटी स्कैन करा सकूं। यहां सरकारी सुविधा के भरोसे आया था, लेकिन अब इलाज में देरी हो रही है। जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा न मिलने का सीधा फायदा शहर के निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों को मिल रहा है। अस्पताल में आने वाले ज्यादातर मरीज गरीब तबके के होते हैं। मशीन बंद होने की स्थिति में मजबूरीवश उन्हें निजी केंद्रों पर 3 हजार से 5 हजार रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है जब जिला अस्पताल में मशीनरी या सुविधाओं की कमी देखी गई हो। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यहां असर मशीनें तकनीकी खराबी का शिकार रहती हैं।



# कटनी समेत कई जिलों में डीजल संकट

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश के कटनी सहित कई जिलों में डीजल की किल्लत गहराती जा रही है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, शहर के पेट्रोल पंपों को सीमित मात्रा में पेट्रोल दिया जा रहा है, जबकि हाईवे के अधिकांश पंपों पर डीजल की सप्लाई लगभग ठप हो गई है। बताया जा रहा है कि जबलपुर डिपो से सप्लाई होने वाले क्षेत्रो- सिवनी, मंडला, नरसिंगपुर, रीवा, सतना और कटनी में कई पेट्रोल पंप डीजल के मामले में ड्राई स्थिति में पहुंच चुके हैं। खासकर हाईवे पर चलने वाले वाहनों और ट्रांसपोर्टर्स को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सूत्रों का यह भी दावा है कि तेल कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 40-50 और डीजल पर 50-60 तक का नुकसान हो रहा है। यही वजह बताई जा रही है कि सप्लाई में कटौती की जा रही है। कंपनियों को उम्मीद थी कि चुनाव के बाद ईंधन के दाम बढ़ेंगे, लेकिन कीमतें स्थिर रहने से आर्थिक दबाव बढ़ गया है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर तेल कंपनियों या प्रशासन की ओर से इस स्थिति पर कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है। शहर में सीमित सप्लाई बनाए रखने की कोशिश की जा रही है ताकि आम जनता में घबराहट न फैले और स्थिति सामान्य दिखे। हाईवे पर चलने वाले ट्रकों और बसों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। माल परिवहन में देरी की आशंका बनी हुई है। स्थानीय व्यापार और सप्लाई चेन पर असर पड़ रहा है।यदि जल्द ही सप्लाई सामान्य नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में यह संकट और गहरा सकता है और पूरे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ सकता है।

# 109 आरोपियों पर कार्रवाई भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त

कटनी (स्वतंत्रमत)।

पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा शराब माफियाओं के नेटवर्क को जिले से उखाड़ने हेतु ऑपरेशन शिकंजा का अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी तहत कटनी पुलिस द्वारा अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्यवाही का उद्देश्य कटनी जिले में नशे के कारोबार पर पूर्णतया प्रतिबंध एवं नशे को जड़ से उखाड़ने हेतु संलिप्त कारोबारियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करना है। ऑपरेशन शिकंजा के तहत पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में, कटनी जिले के समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों, समस्त थाना प्रभारियों एवं उनकी टीमों द्वारा एक साथ संपूर्ण जिले में रेड कार्यवाही को अंजाम दिया गया। जिसमें कार्यवाही के दौरान 109 व्यक्तियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए 109 प्रकरण दर्ज किए गए आरोपियों से कुल 475 लीटर अवैध देशी शराब, 24 पाव अंग्रेजी शराब, 6 बियर की बोतल, 19 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। जप्त अवैध शराब की कीमत 2,98,720 आकी गई। उक्त कार्रवाई में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कटनी पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि कहीं भी अवैध शराब के निर्माण या विक्रय की सूचना हो, तो तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 7587615946 पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम पूर्णत: गोपनीय रखा जाएगा।



# कटनी पुलिस के 04 अधिकारी सेवा-निवृत्त, सम्मानपूर्वक दी गई विदाई

## अति. पुलिस अधीक्षक एवं डीएसपी हेड क्वार्टर द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया सम्मान

कटनी (स्वतंत्र मत)।

30 अप्रैल को कटनी पुलिस विभाग में दीर्घकालीन सेवाएं प्रदान करने वाले कटनी पुलिस के 04 अधिकारी निम्न हैं। उप पुलिस अधीक्षक मोहिनी परस्ते थाना प्रभारी अजाक, कार्यवाहक उप निरीक्षक धनंजय पांडे थाना बहोरीबंद, कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक रमेश शरण मिश्रा थाना कोतवाली, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक मनसुख लाल थाना कुठला, के सेवा-निवृत्ति अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस विभाग कटनी के सभी अधिकारियों द्वारा अपने सेवाकाल के दौरान विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाएं प्रदान की गईं। उपरोक्त सभी अधिकारियों ने अपने सेवा कल के दौरान विभिन्न दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया एवं 30 अप्रैल को अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर चारों अधिकारी सेवा-निवृत्त हुए। सेवा-निवृत्ति के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी संतोष डेहरिया द्वारा शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की एवं उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण चर्चा की। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में डीएसपी हेडक्वार्टर रत्नेश मिश्रा द्वारा आगामी जीवन में स्वस्थ रहने, स्वयं को रुचि पूर्ण कार्यों में व्यस्त रखने एवं अपनी जमा पूंजी को किसी भी लालच में पड़कर साइबर अपराधों से बचने की समझाइस दी। इस अवसर पर थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा, थाना प्रभारी माधव नगर संजय दुबे, थाना प्रभारी बहोरीबंद विजय विश्वकर्मा द्वारा सेवानिवृत्ति अधिकारियों सेवा काल के दौरान उत्कृष्ट कार्यों का बखान किया। उद्बोधन में बताया गया कि सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों के पुलिस सेवा में अनुशासन, निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता सर्वोपरि है तथा सेवानिवृत्त अधिकारियों की सेवाएं विभाग के लिए सदैव अनुकरणीय रहेंगी। सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, डीएसपी हेडक्वार्टर रत्नेश मिश्रा, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत, थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा, थाना प्रभारी माधव नगर संजय दुबे, थाना प्रभारी बहोरीबंद विजय विश्वकर्मा, सूबेदार अंजू लकड़ा सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समस्त स्टॉफ एवं सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।



# राजस्थान के खिलाफ अपनी उम्मीदों को बनाये रखने उतरेगी दिल्ली

जयपुर (वार्ता)।

आईपीएल 2026 के 43वें मैच में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का सामना दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) से होगा। लगातार तीन हार झेल चुकी डीसी को पिछले दो मैचों में बेहद करारी हार मिली है। टीम अब आत्मविश्वास वापस हासिल करके अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। पिछले तीन में से दो मैच जीत चुकी आरआर की लय अच्छी चल रही है और वे इसे ही जारी रखना चाहेंगे। राजस्थान नौ मैचों में 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है जबकि दिल्ली आठ मैचों में छह अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। राजस्थान जीत के साथ प्लेऑफ के करीब पहुँच जायेगी। दूसरी तरफ एक और हार दिल्ली की उम्मीदों पर करारा प्रहार करेगी।



## डीसी टॉप ऑर्डर बनाम जोफ्रा आर्चर

इस सीजन पावरप्ले में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ जोफ्रा आर्चर के सामने डीसी का मज़बूत टॉप ऑर्डर एक बड़ी चुनौती पेश करेगा, ख़ासकर केएल राहुल और नितीश राणा के रूप में।

टी20 क्रिकेट में राहुल ने आर्चर के खिलाफ़ 9 पारियों में 96 रन बनाए हैं, सिर्फ़ 2 बार आउट हुए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 135 रहा है। वहीं राणा का रिकॉर्ड उतना प्रभावशाली नहीं है। आईपीएल में आर्चर के खिलाफ़ 4 पारियों में वह सिर्फ़ 9 रन बनाकर 2 बार आउट हुए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 69 का रहा है।

## क्या डीसी डेथ ओवर्स के लिए कुलदीप का एक ओवर बचाकर रखेगी?

कुलदीप यादव का रिकॉर्ड आरआर के फ़िनिशर्स डॉनोवन फ़रेरा और दासुन शनाका के ख़िलाफ़ काफ़ी अच्छा रहा है, ऐसे में डीसी उनके ख़िलाफ़ डेथ ओवर्स में कुलदीप का एक ओवर बचाकर रख सकती है। फ़रेरा ने कुलदीप के ख़िलाफ़ टी20 में 3 पारियों में 15 रन बनाए हैं और 2 बार आउट हुए हैं। हालांकि उनका स्ट्राइक रेट 167 है। वहीं शनाका ने 5 पारियों में 21 रन बनाए हैं और 2 बार आउट हुए और उनका स्ट्राइक रेट 100 रहा है।

## ओपनिंग पार्टनरशिप में साफ़ अंतर

दोनों टीमों की ओपनिंग साझेदारियों में इस सीजन साफ़ अंतर देखने को मिला है। आरआर की ओपनिंग जोड़ी लीग की सबसे मज़बूत जोड़ियों में से एक रही है। 9 पारियों में 451 रन, 50.1 की औसत, 202 का स्ट्राइक रेट और 5 अर्धशतकीय साझेदारियां। दूसरी तरफ़ डीसी की ओपनिंग जोड़ी संघर्ष करती नज़र आई है। 8 पारियों में सिर्फ़ 190 रन, 23.8 की औसत, 160 का स्ट्राइक रेट और केवल 2 अर्धशतकीय साझेदारियां।

## कप्तान पराग को आगे आना होगा

रियान पराग ने इस सीज़न में पंजाब किंग्स के खिलाफ़ 29 रन बनाकर अपना सर्वोच्च स्कोर जरूर दर्ज किया, लेकिन वह टीम को जीत तक नहीं ले जा सके। इस सीज़न 100 रन बनाने वाले बल्लेबाज़ों में उनका औसत सबसे कम है। 9 पारियों में उन्होंने 117 रन बनाए हैं, औसत 14.6, स्ट्राइक रेट 125 और सर्वोच्च स्कोर 29 रहा है। तेज़ गेंदबाज़ी के ख़िलाफ़ उनका संघर्ष ज़्यादा स्पष्ट है। 5 बार आउट, औसत 11.8 और स्ट्राइक रेट 107 जबकि स्पिन के ख़िलाफ़ 3 बार आउट, औसत 19.3 और स्ट्राइक रेट 149 रहा है।

# ऑरेंज कैप पर अभिषेक का कब्जा



**मुम्बई (वार्ता)।** सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने राजस्थान रॉयल्स (आआर) के आक्रामक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को पछाड़ कर ऑरेंज कैप पर कब्जा कर लिया है। बुधवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के दो बल्लेबाज 400 रनों का आंकड़ा पार कर उनसे आगे निकल गए। 24 गेंदों पर 45 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा और हाइनरिक क्लासन, जिन्होंने 30 गेंदों पर नाबाद 65 रन बनाए, अब तालिका में क्रमश: नंबर 1 और 2 पर हैं। अभिषेक के 425, क्लासन के 414 और सूर्यवंशी अब 400 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं, इसके बाद केएल राहुल और विराट कोहली हैं, जो इस सीजन में 350 रन पार करने वाले अन्य खिलाड़ी हैं, और सात अन्य बल्लेबाज भी 300 से अधिक रन बना चुके हैं। पर्पल कैप तालिका में ईशान मलिंगा इस सीजन में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए कल मुम्बई इंडियंस खिलाफ 1/29 का आंकड़ा दर्ज किया।

## हम वह नहीं कर पाए जिसके लिए मुंबई इंडियंस जानी जाती है : हार्दिक

**मुंबई (वार्ता)** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए कुछ भी सही नहीं हो रहा है। बुधवार की रात, उन्होंने पहली पारी का अपना अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, लेकिन वह भी काम नहीं आया, क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद ने 244 रनों के लक्ष्य का पीछा आठ गेंदें शेष रहते ही कर लिया। इस हार ने मुंबई को आख़िरी पायदान की जंग में धकेल दिया है। आठ मैचों के बाद उनके और लखनऊ सुपर जायंट्स के अंक (4) बराबर हैं, और मुंबई केवल नेट रन रेट के आधार पर आगे है। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का असामान्य फैसला लिया था।





# भारत का क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे से मुकाबला

**हॉर्सेंस (डेनमार्क) (वार्ता)।** भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम गुरुवार को नॉकआउट ड्रॉ की घोषणा के बाद बीडब्ल्यूएफ थॉमस कप फाइनल्स के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे से भिड़ेगी। 2022 की चैंपियन टीम ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने कनाडा (4-1) और ऑस्ट्रेलिया (5-0) पर शानदार जीत के साथ पहले ही अंतिम आठ में जगह पक्की कर ली थी, लेकिन बुधवार को चीन से 3-2 से करीबी हार के साथ अपना ग्रुप स्टेज खत्म किया। चीनी ताइपे के लिए क्वार्टरफाइनल तक का रास्ता बहुत मुश्किल था। उन्हें मेजबान डेनमार्क के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप सी मुकाबले में बहुत मुश्किल स्थिति में धकेल दिया गया था, जहां उन्हें मुकाबले में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी। दबाव के बावजूद, वे नाटकीय तरीके से जीत हासिल करने में कामयाब रहे। अन्य क्वार्टरफाइनल मैचों में, ग्रुप ए में टॉप पर रहने वाली मौजूदा चैंपियन चीन का सामना मलेशिया से होगा। ग्रुप बी के विनर जापान का मुकाबला फ्रांस से होगा, जिसने 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया। होस्ट डेनमार्क, जो ग्रुप सी में दूसरे नंबर पर रहा, थाईलैंड से भिड़ेगा। इंडोनेशिया थॉमस कप (14 टाइटल) में सबसे सफल टीम बनी हुई है, उसके बाद चीन (11 टाइटल) का नंबर आता है। चीन ने 2004 और 2012 के बीच टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाया, लगातार पांच टाइटल जीते, लेकिन 2014 के सेमीफाइनल में जापान से हार गया। जापान ने उस साल नई दिल्ली में फाइनल में मलेशिया को हराकर अपना पहला टाइटल जीता। डेनमार्क ने 2016 में इतिहास रचा था, जब वह थॉमस कप जीतने वाला पहला गैर-एशियाई देश बना, उसने फाइनल में इंडोनेशिया को हराया। चीन ने 2018 में बैंकॉक में जापान पर 3-1 से जीत के साथ टाइटल वापस जीता।

# हैदराबाद हीरोज ने सुमित कुमार रॉय और शिखा यादव को दिल्ली रेड्ज ने खरीदा

हैदराबाद (वार्ता)।

जीएमआर स्पोर्ट्स ने रग्बी इंडिया के साथ मिलकर गुरुवार को हैदराबाद में सीजन 2 प्लेयर नीलामी और ड्राफ्ट सफलतापूर्वक संपन्न किया। सभी फ्रेंचाइजियों ने आगामी एचएसबीसी रग्बी प्रीमियर लीग सीजन के लिए मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीमों का गठन कर लिया है। भारतीय रग्बी के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण के रूप में, महिला फ्रेंचाइज़ियों ने भी पहली बार ऑक्शन और ड्राफ्ट में भाग लिया, जिसमें चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स, कोलकाता बंगा टाइगर्स और दिल्ली रेड्ज टीमें है। पुरुष और महिला दोनों प्रतियोगिताएँ 16 जून से 28 जून तक हैदराबाद के गाचीबौली स्टेडियम में आयोजित की जाएंगी। नीलामी और ड्राफ्ट लीग के लिए छह पुरुष और चार महिला फ्रेंचाइज़ियों ने अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और उभरती भारतीय प्रतिभाओं के संतुलित संयोजन के साथ अपनी रणनीतिक टीमों का चयन किया। पुरुष वर्ग में पश्चिम बंगाल के सुमित कुमार रॉय 3.75 लाख में हैदराबाद हीरोज के साथ सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने।



उनके बाद मोहित खत्री 3.5 लाख में चेन्नई बुल्स के साथ रहे, जबकि दीपक कुमार पुनिया और प्रशांत अरविंद प्रताप सिंह को क्रमश: दिल्ली रेड्ज़ और कोलकाता बंगा टाइगर्स ने 2.75 लाख में चुना।

महिला नीलामी में दिल्ली की शिखा यादव 2.4 लाख में दिल्ली रेड्ज़ के साथ सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं। उनके बाद भूमिका शुक्ला 2.2 लाख में मुंबई ड्रीमर्स के साथ रहीं, जबकि निर्मल्या राउत और अमनदीप कौर को क्रमश: कोलकाता बंगा टाइगर्स और चेन्नई बुल्स ने 1.6 लाख में चुना। इस अवसर रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, यह एक बेहद रोमांचक ऑक्शन और ड्राफ्ट था। सभी टीमें अपनी रणनीतियों के साथ बेहद तैयार होकर आई थीं। यह एचएसबीसी आरपीएल को बेहद प्रतिस्पर्धी बनाएगा। 2025 में हमने पुरुष रग्बी लीग के साथ इतिहास रचा था। हमें बेहद खुशी है कि 2026 में अब महिला लीग भी इसका हिस्सा होगी।

महिला 7झ्र रग्बी बेहद शारीरिक, जोशीली और कौशलपूर्ण होती है। भारत अब देश की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ियों को दुनिया की बेहतरीन प्रतिभाओं के साथ खेलते हुए देखेगा। सीट बेल्ट बांध लीजिए। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीएमओ सुजॉय गांगुली ने कहा, महिला लीग की शुरुआत एचएसबीसी रग्बी प्रीमियर लीग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। आज का ड्राफ्ट यह दर्शाता है कि फ्रेंचाइज़ियां और जीएमआर स्पोर्ट्स महिला टीमों के निर्माण और उनमें निवेश के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, जो भारतीय रग्बी में दीर्घकालिक विकास और खिलाड़ियों के लिए सार्थक अवसर तैयार करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# रुपया ऐतिहासिक गिरावट से उबरा, चार पैसे मजबूत

**मुंबई, (वार्ता)।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 46 पैसे टूटने के बाद अंत में चार पैसे मजबूत बंद हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 94.84 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 20 पैसे गिरकर 94.88 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी जो इसका अबतक का सबसे कम बंद स्तर है। रुपये में आज शुरू से गिरावट रही। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में जबरदस्त तेजी के दबाव में यह 13 पैसे नीचे 95.01 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और दोपहर से पहले ही 95.3450 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया। रुपया आज से पहले कभी इतना नीचे नहीं उतरा था। हालांकि बाद में कच्चा तेल नरम पड़ गया और रुपया 94.81 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। अंत में यह 94.84 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का मानक लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा आज सुबह 125 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया था। हालांकि बाद में यह 115 डॉलर प्रति बैरल से नीचे उतर गया। कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव का सीधा असर भारतीय मुद्रा पर देखा गया।

# भारत फोर्ज ने खरीदी फोर्टुना इंजीनियरिंग की 30 प्रतिशत हिस्सेदारी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** भारत फोर्ज लिमिटेड ने फोर्टुना इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की गुरुवार को घोषणा की। कंपनी की विज्ञप्ति के अनुसार यह अधिग्रहण 129.60 करोड़ रुपये के इक्विटी मूल्य पर किया गया है। फोर्टुना इंजीनियरिंग 1989 की कंपनी है और देश में वाहन और औद्योगिक उपयोगों के लिए इंजनों के कल पुर्जे बनाने वाली एक अग्रणी निर्माता है। यह यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन, ट्रैक्टर और ऑफ-हाईवे सेगमेंट में




प्रमुख ऑटोमोटिव विनिर्माता कंपनियों को विनिर्मित सामान बेचती है। फोर्ज लिमिटेड के उपाध्यक्ष और संयुक्त प्रबंध निदेशक अमित कल्याणी ने कहा, फोर्टुना भारत में विभिन्न प्रकार के उपयोगों के लिए मशीनीकृत घटकों का एक अग्रणी आपूर्तिकर्ता है। हम कंपनी की क्षमताओं, परिचालन ट्रैक रिकॉर्ड और बाजार में उसकी प्रतिष्ठा से प्रभावित हैं। हम फोर्टुना के प्रमोटरों और प्रबंधन टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि व्यवसाय को और आगे बढ़ाया जा सके और भविष्य में आने वाले महत्वपूर्ण अवसरों का लाभ उठाया जा सके।



# रिलायंस रिटेल ने किया प्रियंका चोपड़ा के ब्रांड एनोमली का अधिग्रहण

**नयी दिल्ली (वार्ता)** रिलायंस रिटेल लिमिटेड ने अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस के हेयरकेयर ब्रांड एनोमली का अधिग्रहण कर लिया है। रिलायंस रिटेल ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस सौदे में ब्रांड के ट्रेडमार्क, ब्रांड से जुड़ी चीजें और डिजिटल प्लेटफॉर्म भी शामिल हैं। एनोमली की शुरुआत 2021 में हुई थी। यह एक साफ, वीगन और अच्छी क्वालिटी वाला हेयरकेयर ब्रांड है, जो किफायती दाम में मिलता है। यह पहले से ही कई बड़े देशों में बेचा जा रहा है। इस अधिग्रहण के बाद रिलायंस रिटेल के पास इस ब्रांड का पूरा अधिकार होगा। कंपनी ने कहा है कि अब वह अपने बड़े रिटेल नेटवर्क और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, जैसे टीरा, के जरिये एनोमली को तेजी से आगे बढ़ायेगी।

# शेयर बाजारों में गिरावट सेंसेक्स 583 अंक टूटा



**मुंबई (वार्ता)।** घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को बिकवाली हावी रही और बीएसई का सेंसेक्स 582.86 अंक (0.75 प्रतिशत) टूटकर 76,913.50 अंक पर बंद हुआ। बाजार शुरू से ही दबाव में था। दोपहर से पहले कच्चे तेल में तेजी और रुपये में बड़ी गिरावट से एक समय सेंसेक्स 1,237 अंक टूट गया था। हालांकि बाद में कच्चे तेल में नरमी लौट आयी और रुपये की गिरावट भी काफी कम रह गयी। बाजार में आईटी और फार्मा सेक्टरों में निवेशकों का विश्वास लौट आया। इससे प्रमुख सूचकांकों ने काफी हद तक वापसी की और सेंसेक्स अंत में लगभग 583 अंक नीचे बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 180.10 अंक नीचे 23,997.55 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली देखी गयी। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.98 प्रतिशत फिसल गया। आईटी और फार्मा सेक्टर दोपहर बाद हरे निशान में लौट आये जबकि अन्य में गिरावट रही। धातु, बैंकिंग, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलटी, वित्त और एफएमसीजी सेक्टरों पर ज्यादा दबाव देखा गया। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल का शेयर लगभग तीन प्रतिशत टूट गया।

हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर ढाई प्रतिशत और टाटा स्टील तथा एलएंडटी के दो प्रतिशत से अधिक गिर गये। ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, बीईएल, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन के शेयर एक से दो प्रतिशत तक फिसल गये। बजाज फिनसर्व, इंडिगो, एचडीएफसी बैंक, पावरग्रिड, एनटीपीसी और आईटीसी के शेयर भी नीचे बंद हुए।

# दस साल,बेमिसाल : यूपीआई बना दुनिया का सबसे बड़ा तत्काल डिजिटल भुगतान मंच

नयी दिल्ली (वार्ता)।

कहीं से कहीं को तत्काल भुगतान करने की सुविधा मुट्ठी में पड़े मोबाइल फोन के जरिए आम लोगों तक पहुंचने वाली यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस ) नाम की खोज ने बाजार में अपने 10 साल पूरे कर लिये हैं और देखते ही देखते यह ऐप आधारित भुगतान के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफार्म बन गयी है। भारतीय रिज़र्व बैंक की देखरेख में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ़ इंडिया ने 11 अप्रैल 2016 को इसका लोकार्पण किया था। एक दशक में यह भारत में डिजिटल पेमेंट्स के पारिस्थितकी तंत्र की




रीढ़ बन गया है। इस तरह की अवधारणा को भारत जैसे देश में आम लोगों द्वारा अपनाये जाने को लेकर पहले की तमाम दुविधाओं और आशंकाओं को गलत सिद्ध करते हुए यूपीआई वित्तीय समावेशन का एक अहम ज़रिया बनकर उभरा है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार यूपीआई के जरिये 2016-17 में जहां सिर्फ़ दो करोड़ ट्रांज़ैक्शन (लेन-देन) हुए थे। वर्ष 2025-26 में यह संख्या 24,162 करोड़ से ज़्यादा, यानी लगभग 12,000 गुना ज्यादा हो गयी। इसी दौरान ट्रांज़ैक्शन का मूल्य भी वित्त वर्ष 2016-17 में सात हजार करोड़ रुपये से तेज़ी से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 314 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान मूल्य के हिसाब से लेन-देन में इस तरह 4,000 गुना से ज़्यादा की बढ़ोतरी हुई। संख्या और मूल्य, दोनों में एक साथ हुई यह बढ़ोतरी, ज़्यादा इस्तेमाल वाले रिटेल पेमेंट्स को बढ़ावा देने में यूपीआई की बढ़ती भूमिका को दिखाती है।

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि यूपीआई द्वारा हासिल किए गए बेमिसाल पैमाने, भरोसेमंदता और इंटरऑपरेबिलिटी को दुनिया भर में पहचान मिली है1

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इसे ट्रांज़ैक्शन की संख्या के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा रियल-टाइम पेमेंट सिस्टम माना है, जो बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने वाले, सभी के लिए सुलभ और नये डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाने में भारत की अगुवाई को दिखाता है। यूपीआई को आज एशिया और यूरोप के कई डिजिटल भुगतान प्रणालियों के साथ लोड़ा जा चुका है और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों और कारोबारियों की यात्रा को अधिक सुविधाजनक बना रहा है।



**शहर के कई इलाकों में रहेगा जलसंकट**

## सफाई के चलते 3 दिन बाधित रहेगी जलापूर्ति

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर निगम के अधीक्षण यंत्री और जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव से प्राप्त जानकारी के अनुसार भोंगाद्वार जल शोधन संयंत्र से की जाने वाली जलापूर्ति, जलशोधन संयंत्र के अंतर्गत स्थापित क्लीयर वॉटर टैंक रिजर वॉयर की सफाई का अतिमहत्वपूर्ण कार्य दिनांक 1 मई से 3 मई तक किया जाना है, जिसके चलते तीन दिनों तक कुछ टंकियों से आंशिक रूप से जलापूर्ति प्रभावित रहेगी एवं प्रभावित क्षेत्रों में टैंक के बायपास सप्लाई एवं टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जायेगी।

**समय सीमा पर पूरा करें कार्य**

## निगमायुक्त ने किया रांझी क्षेत्र का निरीक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शहर की स्वच्छता अभियान के तहत सिटी प्रोफाइल के कार्यों का जायजा लेने हेतु रांझी क्षेत्र का सघन दौरा किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने सिटी प्रोफाइल के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने क्षेत्र की सड़कों, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण के कार्यों को देखा।





# ऐसे अफसर से समाज की महिलाओं की सुरक्षा कैसे होगी : मप्र हाईकोर्ट

### शराबियों से महिला कर्मचारी के चेहरे पर फुंकवाया, जारी रहेगी बर्खास्तगी

जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल के बर्खास्त पुलिस इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी के आचरण पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उसको फिलहाल कोई भी राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि महिला के सम्मान से खिलवाड़ करने वाले अधिकारी से समाज की महिलाओं की सुरक्षा की उम्मीद कैसे की जा सकती है। सुनवाई के दौरान



चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि हमने घटना का वीडियो देखा है। यह तरीका शर्मनाक था। इस मामले में न्याय होगा, जरूर होगा। हाईकोर्ट ने फिलहाल इंस्पेक्टर को कोई राहत देने से इनकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई 2026 तय की है।

### ये है पूरा घटनाक्रम

दरअसल यह घटना भोपाल के डायल 100 कंट्रोल रूम की है। आरोप है कि 30-31 अगस्त 2025 की रात इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी ने पुरुष कर्मचारियों के शराब सेवन की जांच करने के लिए एक महिला कर्मचारी को खड़ा किया और फिर सभी पुरुष कर्मचारियों को उसके चेहरे पर फूंक मारने को कहा। इस प्रक्रिया से यह पता लगाने की कोशिश की गई कि कौन कर्मचारी शराब के नशे में है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद 8 सितंबर 2025 को राज्य सरकार ने इंस्पेक्टर को बर्खास्त कर दिया था। इंस्पेक्टर त्रिपाठी ने बर्खास्तगी को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। 19 फरवरी 2026 को सिंगल बेंच ने कहा था कि बिना विभागीय जांच के बर्खास्तगी उचित नहीं है और आदेश रद्द कर दिया था। इसके खिलाफ मप्र सरकार ने अपील दायर की। पिछली सुनवाई में डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश पर रोक लगा दी थी। सुनवाई में उप महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी उपस्थित हुए। इंस्पेक्टर की ओर से राहत की मांग की गई और कहा गया कि बिना विभागीय जांच इतनी कठोर कार्रवाई नहीं हो सकती।

## कट-ऑफ डेट पर डिग्री नहीं तो भर्ती में मौका नहीं

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में शामिल होने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि जिस उम्मीदवार के पास आवेदन की अंतिम तिथि तक आवश्यक शैक्षणिक योग्यता नहीं है, उसे चयन प्रक्रिया में शामिल होने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। इसी आधार पर दाखिल सभी याचिकाएं खारिज कर दी गईं और पूर्व में दिए गए अंतरिम आदेश भी समाप्त कर दिए गए। याचिकाकर्ता असिस्टेंट प्रोफेसर पद के अभ्यर्थी थे। उनका कहना था कि वे अपने-अपने विषयों में अंतिम सेमेस्टर या अंतिम वर्ष के छात्र थे और चयन प्रक्रिया पूरी होने तक पोस्ट ग्रेजुएशन या पीएचडी की योग्यता हासिल कर लेते। इसलिए उन्हें परीक्षा और इंटरव्यू में शामिल होने की अनुमति दी जाए। भर्ती विज्ञापन में स्पष्ट शर्त थी कि उम्मीदवार के पास आवश्यक योग्यता आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक होना चाहिए। पहले यह तिथि 26 मार्च 2025 थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 10 अप्रैल 2025 कर दिया गया था।

# हितकारिणी सभा के 15 दिवसीय समर कैंप का आज होगा आगाज

### पारंपरिक खेलों के साथ जुंबा और थिएटर का मिलेगा प्रशिक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




हितकारिणी सभा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए समर कैंप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 1 मई से 15 मई 2026 तक चलने वाले इस शिविर का शुभारंभ आज प्रातः 9 बजे हितकारिणी महिला महाविद्यालय में आयोजित भव्य समारोह में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हितकारिणी सभा के अध्यक्ष नित्य निरंजन खंपरिया होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्रीमती सुनैना पटेरिया, उपसभापति अशोक गुप्ता एवं विद्या परिषद के मंत्री जयेश सिंह राठौर उपस्थित रहकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

***खेलों के साथ रंगमंच का संगम***- इस वर्ष का समर कैंप विशेष आकर्षणों से भरा है। शिविर में वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो और योग जैसे पारंपरिक खेलों के साथ-साथ जुंबा, मेडिटेशन, बास्केटबॉल और पिकल बॉल को भी शामिल किया गया है। विशेष रूप से इस बार थिएटर एवं रंगमंच की नई विधा जोड़ी गई है, जिसमें विवेचना रंग मंडल के सहयोग से छात्रों को अभिनय कला और पर्सनालिटी डेवलपमेंट की ट्रेनिंग दी जाएगी। शिविर में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक अपनी सेवाएं देंगे। खेल और कला के प्रशिक्षण के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को शूटिंग अकादमी और तीरंदाजी केंद्र जैसे विभिन्न खेल स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

***इन स्थानों पर होगा आयोजन***- समर कैंप का संचालन प्रातः 7 से 10 बजे तक हितकारिणी महिला महाविद्यालय, शहीद स्मारक एवं नर्सिंग कॉलेज परिसर में किया जाएगा। इस कैंप में हितकारिणी संस्थानों के विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं भी सहभागिता कर सकेंगे। हितकारिणी सभा का उद्देश्य कक्षा, मंच और मैदान के सिद्धांत पर चलते हुए बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास करना है। महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा विवेचना रंग मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कैंप युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतरीन मंच प्रदान करेगा।

# मासूमों के अश्लील वीडियो बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

### सायबर सेल ने आरोपी को मोबाइल-लैपटॉप के साथ दबोचा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



भारत सरकार के गृह मंत्रालय (आई4सी) से मिले अहम इनपुट के बाद जबलपुर सायबर सेल ने बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री के अवैध व्यापार के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने टेलीग्राम पर चरमसुख सेलर नामक चैनल चलाकर अश्लील वीडियो बेचने वाले 25 वर्षीय आरोपी आयुष जैन को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार गृह मंत्रालय के इंडियन सायबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर ने मध्य प्रदेश में सक्रिय एक संदिग्ध टेलीग्राम चैनल के संबंध में इनपुट साझा किया था। राज्य सायबर सेल भोपाल के निर्देशानुसार, जबलपुर पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय, एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह और डीएसपी सायबर अंजुल अयंक मिश्रा के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जांच में पता चला कि आरोपी आयुष जैन, निवासी धनवंतरीनगर थाना संजीवनीनगर टेलीग्राम पर चैनल संचालित कर बच्चों के अश्लील वीडियो अलग-अलग नामों से बेच रहा था।

***यूपीआई के जरिए लेता था पैसे***- पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी वीडियो के बदले यूपीआई क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान प्राप्त करता था। सायबर सेल द्वारा किए गए पत्राचार के बाद टेलीग्राम ने 28 अप्रैल को उक्त चैनल को ब्लॉक कर दिया। 29 अप्रैल को आरोपी को सायबर सेल कार्यालय बुलाकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के फोन और लैपटॉप में भारी मात्रा में जिप फाइल और सामान्य वीडियो के रूप में अश्लील सामग्री बरामद हुई। कार्रवाई में निरीक्षक अनूप नामदेव, भूपेन्द्र आर्मो, उप निरीक्षक आशुतोष मिश्रा, कपिल शर्मा, आरक्षक अनिल सिंह, जितेन्द्र राउत, सत्यम पटेल रहे।

### तीन ताप विद्युत गृहों में लगेंगे 110 मेगावाट के सौर प्लांट

जबलपुर

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने पारम्परिक ऊर्जा के साथ अब गैर वैकल्पिक ऊर्जा उत्पादन की ओर भी कदम बढ़ा लिया है। पावर जनरेटिंग कंपनी प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 110 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना करेगी। यह परियोजनाएं मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के तीन प्रमुख ताप विद्युत गृहों श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (40 मेगावाट), अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई (40 मेगावाट) और संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर (30 मेगावाट) में स्थापित होंगी। रणनीतिक स्थापना एवं फ्लेक्सीबिलिटी योजना के तहत संचालन- कपनी ने अपने स्थापित ताप विद्युत गृहों में ही सौर संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया है।

# एक्सपायरी से पहले चूर्ण बन रही गोलियां



### सीजीएचएस की जोनल बैठक में दवाओं की गुणवत्ता पर उठे सवाल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना जबलपुर मुख्यालय में अपर निदेशक डॉ. ए.के. सुधांशु की अध्यक्षता में जोनल सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में पेंशनर एसोसिएशन के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को मिल रही दवाओं की गुणवत्ता और स्थानीय केमिस्टों की मनमानी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। बैठक के दौरान सलाहकार प्रतिनिधि कमलाकर व्ही.एन. ने एक दवा का पत्ता दिखाते हुए सभी को हैरान कर दिया, जिसमें गोलियां एक्सपायरी डेट से पहले ही चूर्ण में बदल गई थीं। प्रतिनिधियों ने एक स्वर में मांग की कि जेनेरिक दवाओं के बेअसर होने की शिकायतों को देखते हुए लाभार्थियों को केवल विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लिखी गई ब्रांडेड दवाएं ही उपलब्ध कराई जाएं।

***केमिस्टों पर कसा शिकंजा***- अपर निदेशक डॉ. सुधांशु ने उन शिकायतों को गंभीरता से लिया जिसमें अधिकृत लोकल केमिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा लिखी दवाओं को बदलकर दूसरी दवाएं सप्लाई कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि दवाओं में फेरबदल करने पर अर्थदंड (जुर्माने) का सख्ती से पालन किया जाए। सभी डिस्पेंसरी प्रभारियों को इसकी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया है। एसोसिएशन ने मांग की कि निजी ईएनटी और आयुर्वेदिक अस्पतालों को भी सीजीएचएस के पैनल में शामिल किया जाए। साथ ही, कुछ निजी अस्पतालों द्वारा बुजुर्गों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार पर भी रोष जताया गया। डॉ. सुधांशु ने बताया कि अस्पतालों को पहले ही दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं और उन्हें ओपीडी काउंटर पर नोटिस बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि मरीजों को नियमों की जानकारी रहे। बैठक में अजय सिंह, एस.के. बनर्जी, अनिल शुक्ला, गुरमुख दास तलरेजा, सुभाष चंद्रा, कुँवर सिंह, विनोद वैध सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार प्रकोष्ठ की हुई बैठक



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार प्रकोष्ट व कांग्रेस जनो द्वारा टाउन हॉल गांधी भवन में राष्ट्रगान एंव राष्ट्रगीत का आयोजन एंव नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। म.प्र. कांग्रेस कमेटी के जबलपुर शहर एंव जिला संगठनो की संयुक्त बैठक टाउन हॉल गांधी भवन में स्वतंत्रता संग्राम सैनानी वंशज परिवार प्रकोष्ट के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद जैन की अध्यक्षता एंव अनुराग जैन गढ़वाल , मनोज नामदेव, निर्मल जैन कि विशिष्ट अतिथ्यि में हुई। प्रदेश कार्यकारणि सदस्य राजेश पटेल, निर्मल जैन, प्रीति चौधरी का स्वतंत्रता संग्राम सैनिक उत्तराधिकारी संगठन के नगर अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ, केशव प्रसाद चौरसिया, एड. प्रकाश चंद गोलछा, मुकुल तिवारी, ओमप्रकाश जायसवाल, पवन सोनी, सुभाष अग्रवाल, शरद जैन, गुरु प्रसाद नीखरा, मदन राय, शिवमंगल यादव, ओम प्रकाश शर्मा, अशोक यादव, गनेश केशरवानी, सत्येन्द्र कुमार जैन, अलकेश गुप्ता, अजीत जैन, वी. हनुमत राव, विष्णु विनोदिया, शुभाष मोतिवाला, अमर सिंह सहित स्वतंत्रता सैनानी वंशजों ने पदाधिकारीयों का स्वागत सम्मान किया, टाउन हॉल गांधी प्रतिमा के समक्ष हर माह के पहली तारिख को प्रातः 10 बजे राष्ट्रगान एंव राष्ट्रगीत का आयोजन आयोजित किया जायेगा। जिसमें जबलपुर शहर जिला के समस्त स्वतंत्रता संग्राम सैनानी परिवार वंशज उत्तराधिकारी से अनिर्वाय रूप से उपस्थित होने की अपील की बैठक है।

# विद्यार्थियों ने समझे आपातकालीन स्थिति में सतर्कता के उपाय



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च (जिन्सार) के ऑडिटोरियम में गुरूवार को प्रातः 11.30 बजे से अग्नि सुरक्षा विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य प्रभारी प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समन्वयक शिक्षकों में प्रो. अराधना धन्यबाद एवं म्यूरियल क्रिस्टोफर सहित अन्य संकाय सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इस सत्र का संचालन जबलपुर स्थित स्टीलऐस इंडस्ट्रीज के अग्नि सुरक्षा विशेषज्ञ रोमिल सोमैया द्वारा किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति एवं प्रशिक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

***पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन***- इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ में अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम, सुरक्षा उपायों एवं आपातकालीन स्थितियों में उचित प्रतिक्रिया के प्रति जागरूकता एवं व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाना था। सत्र के दौरान श्री सोमैया ने अग्नि के प्रकार, आग लगने के कारणों तथा अग्नि सुरक्षा उपायों के महत्व पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। उन्होंने अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग का प्रदर्शन भी किया तथा प्रतिभागियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया, जिससे सभी ने सक्रिय रूप से भाग लेकर आग से निपटने की तकनीकों का अभ्यास किया। यह सत्र अत्यंत जानकारीपूर्ण एवं सहभागितापूर्ण रहा, जिससे प्रतिभागियों में आपातकालीन परिस्थितियों का सामना करने का आत्मविश्वास बढ़ा। प्रशिक्षण सत्र के उपरांत अग्नि सुरक्षा विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करना था।

### इन विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

चतुर्थ वर्ष के विजेता
प्रथम स्थान- सुश्री उर्वशी फौजदार
द्वितीय स्थान- सुश्री सिमरन अंसारी
तृतीय स्थान- सुश्री दीपशिखा पटेल

### प्रथम सेमेस्टर के विजेता

प्रथम स्थान- सुश्री मंशिखा पटेल
द्वितीय स्थान- सुश्री बसुंधरा सनोडिया
तृतीय स्थान- सुश्री जिया माहरा

अन्य सभी प्रतिभागियों को भी उनकी सहभागिता एवं प्रयासों के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कायक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण में हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु महत्वपूर्ण ज्ञान एवं व्यवहारिक कौशल प्राप्त किए। यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं सभी के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ।

## सोच-समझ कर अपना कोर्स एवं कॉलेज चुनें विद्यार्थी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. ने ऑनलाइन प्रवेश समय सारणी 2026-27 की सूचना निकल दी है। जिसके अनुसार स्नातक स्तर पर प्रथम चरण में ऑनलाइन पंजीयन आवेदन आज 1 मई 2026 से प्रारंभ हो जायेगा एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम चरण में ऑनलाइन पंजीयन आवेदन 2 मई 2026 से प्रारंभ होगा। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय समन्वयक ने बताया जबलपुर संभाग, जबलपुर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सत्र 2026-27 में प्रवेश प्रकिया 01 मई 2026 से प्रारंभ होने जा रही है। प्रो.शुक्ल ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी समय सारणी अनुसार आवेदक ऑनलाइन पंजीयन कर सकेंगे। प्रवेश प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। आवेदक अपना पंजीयन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कर सकेंगे।


South Avenue Mall | moviemagic | RUBY moviemagic

| | |
|---|---|
| RAJA SHIVAJI (HINDI) | 11:30 AM, 3:00 PM, 6:30 PM & 10:15 PM<br>RUBY 9:40 AM |
| EK DIN (HINDI) | 12:40 PM<br>RUBY 3:00 PM & 5:15 PM |
| THE DEVIL WEARS PRADA 2 (ENG) | 3:10 PM & 9:45 PM<br>RUBY 10:15 AM & 7:30 PM |
| MICHAEL (ENG) | RUBY 9:45 PM |
| BHOOTH BANGLA (HINDI) | 9:30 AM<br>RUBY 1:00 PM, 4:00 PM, 7:00 PM & 10:00 PM |
| LEE CRONIN'S THE MUMMY (HINDI) | RUBY 12:30 PM |
| DHURANDHAR THE REVENGE (HINDI) | 5:30 PM |

@moviemagic_jbp
MOVIE MAGIC now with 5 BIG SCREENS
Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE
Bulk Booking / Advertising 9425807507
Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508



हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**